शुक्रवार, 14 मार्च 2025

होली की हार्दिक शुभकामनाएं

www.samagya.in

विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

कोलकाता, फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, वि.स. 2081, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00 रुपये

**सुविचार :** भूल और भगवान अगर दिल से मानो तभी दिखते हैं, वरना नहीं दिखते।

**RED-X**
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

## सूचना

सभी पाठकों, विज्ञापनदाताओं और शुभचिन्तकों को होली की ढेर सारी शुभकामनाएं। होली के अवसर पर समाज्ञा कार्यालय में आज शुक्रवार को अवकाश रहेगा। अत: अगला अंक रविवार को प्रकाशित होगा।

–संपादक

# तमिलनाडु सरकार ने बजट के 'लोगो' में रुपये का प्रतीक चिह्न हटा कर तमिल अक्षर को शामिल किया



**चेन्नई :** तमिलनाडु सरकार ने भाषा को लेकर केंद्र के साथ बढ़ते विवाद के बीच, वित्त वर्ष 2025–26 के लिए बजट के 'लोगो' में भारतीय रुपये के देवनागरी लिपि वाले प्रतीक चिह्न की जगह एक तमिल अक्षर का उपयोग किया है। राज्य सरकार का यह कदम राष्ट्रीय शिक्षा नीति, 2020 के तहत त्रि-भाषा फॉर्मूला के खिलाफ उसके अड़ियल रुख का संकेत देता है। तमिलनाडु सरकार द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति को खारिज करने के बाद उत्पन्न राजनीतिक विवाद के बीच राज्य में द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) नीत सरकार ने यह कदम उठाया है। प्रतीक चिह्न बदले जाने से राजनीतिक विवाद शुरू हो गया। भाजपा नेताओं ने द्रमुक पर हमला बोला है, जबकि राज्य में सत्तारूढ़ पार्टी के सदस्यों ने पूछा कि क्या ऐसा कोई नियम है जो इस तरह के चित्रण पर रोक लगाता हो। मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने केंद्र सरकार पर राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) के जरिये राज्य में हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया और दावा किया कि एनईपी एक ''भगवा नीति'' है जिसका उद्देश्य हिंदी को बढ़ावा देना और उसे आगे बढ़ाना है, न कि राष्ट्र को बढ़ावा देना। द्रमुक ने यह भी कहा है कि तमिलनाडु ब्रिटिश उपनिवेशवाद की जगह 'हिंदी उपनिवेशवाद' को बर्दाश्त नहीं करेगा, जबकि केंद्र ने स्टालिन सरकार पर ''बेईमान'' होने और राजनीति के लिए राज्य में ''छात्रों का भविष्य बर्बाद करने'' का आरोप लगाया है। राज्य सरकार द्वारा बृहस्पतिवार को जारी किये गए 'लोगो' में तमिल शब्द 'रुबय' का प्रथम अक्षर अंकित किया गया है। तमिल भाषा में भारतीय मुद्रा को 'रुबय' कहा जाता है।

### खतरनाक मानसिकता का संकेत : वित्त मंत्री सीतारमण

सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, ''यह एक खतरनाक मानसिकता का संकेत है जो देश की एकता को कमजोर करता है और क्षेत्रीय गौरव के बहाने अलगाववादी भावनाओं को बढ़ावा देता है...।'' उन्होंने कहा, ''रुपये का प्रतीक चिह्न अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अच्छी तरह से पहचाना जाता है और वैश्विक वित्तीय लेनदेन में भारत की पहचान के रूप में काम करता है। ऐसे समय में जब भारत यूपीआई का उपयोग करके सीमापार भुगतान पर जोर दे रहा है, क्या हमें वास्तव में अपने स्वयं के राष्ट्रीय मुद्रा प्रतीक को कमतर आंकना चाहिए?''

## प्रधानमंत्री मोदी ने देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं



**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बृहस्पतिवार को देशवासियों को होली की शुभकामनाएं दीं और कामना की कि हर्ष एवं उल्लास से भरा यह पावन-पर्व भारतवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे। देशभर में शुक्रवार को होली का त्योहार मनाया जाएगा। मोदी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''आप सभी को होली की ढेरों शुभकामनाएं। हर्ष और उल्लास से भरा यह पावन-पर्व हर किसी के जीवन में नयी उमंग और ऊर्जा का संचार करने के साथ ही देशवासियों की एकता के रंग को और प्रगाढ़ करे, यही कामना है।''

## होली के कारण 15 फरवरी को हिंदी की परीक्षा न देने वाले 12वीं के छात्रों को एक और मौका मिलेगा: सीबीएसई

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने बृहस्पतिवार को घोषणा की कि होली के कारण 15 मार्च को हिंदी की परीक्षा में शामिल नहीं हो पाने वाले 12वीं कक्षा के छात्रों को पर्चा लिखने का एक और अवसर मिलेगा। सीबीएसई परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने कहा, सीबीएसई को सूचित किया गया है कि यद्यपि देश के अधिकांश भागों में होली का त्यौहार 14 मार्च को मनाया जाएगा, लेकिन कुछ स्थानों पर या तो यह उत्सव 15 मार्च को मनाया जाएगा या फिर 15 मार्च तक मनाया जाएगा। उन्होंने कहा कि इस संबंध में जानकारी मिलने के बाद यह निर्णय लिया गया है कि परीक्षाएं निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार ही होंगी, लेकिन जिन छात्रों को 15 फरवरी को परीक्षा देने में कठिनाई हो रही है, वे बाद की तिथि में परीक्षा देने का विकल्प चुन सकते हैं।

## इसरो ने स्पेडेक्स उपग्रहों को 'डी-डॉक' करने में सफलता प्राप्त की

**नयी दिल्ली :** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसने 'स्पेडेक्स' उपग्रहों को 'डी-डॉक' करने (अलग करने) का काम पूरा कर लिया है। इससे चंद्रमा की खोज, मानव अंतरिक्ष उड़ान और अपना स्वयं का अंतरिक्ष स्टेशन बनाने जैसे भविष्य के मिशन के लिए रास्ता साफ हो गया है। केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में उपग्रहों की सफल 'डी-डॉकिंग' (अलग करने) की घोषणा की। सिंह ने कहा, ''स्पेडेक्स उपग्रहों ने अविश्वसनीय रूप से 'डी-डॉकिंग' की प्रक्रिया को पूरा किया। इससे भारतीय अंतरिक्ष स्टेशन, चंद्रयान 4 और गगनयान सहित भविष्य के महत्वाकांक्षी मिशनों के सुचारू संचालन का मार्ग प्रशस्त होगा।'' उन्होंने कहा, ''इसरो की टीम को बधाई। यह हर भारतीय के लिए खुशी की बात है।'' सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का निरंतर मार्गदर्शन उत्साह को बढ़ाता है।

# बांग्लादेशी लड़कियों की भारत में तस्करी के लिए एजेंटों को चार-पांच हजार रुपये दिए गए : ईडी



**नयी दिल्ली :** हैदराबाद में देह व्यापार चलाने वाले भारत-बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा के निकट स्थित एजेंटों को बांग्लादेशी लड़कियों की तस्करी पश्चिम बंगाल में कराने के लिए प्रति व्यक्ति 4,000-5,000 रुपये का भुगतान करते थे। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की जांच में इस बात का खुलासा हुआ है। ईडी द्वारा धन शोधन मामले की जांच तेलंगाना पुलिस की एक प्राथमिकी से शुरू हुई। इसके बाद राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने हैदराबाद शहर के बाहरी इलाके में स्थित दो वेश्यालयों द्वारा चलाए जा रहे देह व्यापार और वेश्यावृत्ति रैकेट के खिलाफ मामला फिर से दर्ज किया है। प्रवर्तन निदेशालय ने बृहस्पतिवार को एक बयान में कहा कि उसने इस जांच के तहत 1.90 लाख रुपये की संपत्ति अस्थायी रूप से कुर्क की है। इसमें 'पेटीएम वॉलेट्स और बैंक खातों' में रखे गए धन के साथ-साथ रुहुल अमीन धाली नामक व्यक्ति की अचल संपत्ति भी शामिल है, जो भारत में बांग्लादेशी लड़कियों की अवैध तस्करी में शामिल 'सबसे प्रमुख' एजेंटों में से एक है। ईडी के अनुसार, आरोपी हैदराबाद और उसके आसपास विभिन्न स्थानों पर वेश्यालय चला रहे थे और वे पीड़ित लड़कियों को कमीशन के आधार पर अन्य वेश्यालयों और एजेंटों के पास भी भेजते थे। ईडी ने कहा कि आरोपियों ने 'नकली और जाली' भारतीय पहचान वाले दस्तावेजों का इस्तेमाल किया और अपनी अवैध गतिविधियों के लिए कई बैंक खाते और ऑनलाइन वॉलेट खोले। ईडी ने कहा, ''बांग्लादेशी लड़कियों और अन्य लोगों की तस्करी के लिए आरोपी पश्चिम बंगाल में भारत-बांग्लादेश सीमा के पास स्थित एजेंटों/बिचौलियों को प्रति व्यक्ति लगभग चार-पांच हजार रुपये का भुगतान करते थे।''

# चिटफंड इकाई की जब्त जमीन को अतिक्रमण से मुक्त कराने को ईडी ने बंगाल समेत पांच राज्यों को भेजा पत्र

### ईडी ने रोज वैली समूह की 494 करोड़ रुपये की चल और 1,069 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को जब्त किया हैं

**कोलकाता, समाज्ञा :** ईडी ने बंगाल, ओडिशा, बिहार, त्रिपुरा और झारखंड सरकार को एक पत्र भेजकर सूचित किया है कि चिटफंड इकाई रोज वैली ग्रुप की जमीन पर बड़े पैमाने पर अतिक्रमण हो रहा है, जिसे एजेंसी ने जब्त कर लिया है। चूंकि पोंजी इकाई की जब्त की गई संपत्ति की नीलामी के जरिए रोज वैली ग्रुप के जमाकर्ताओं को पैसा लौटाने की प्रक्रिया पहले ही शुरू हो चुकी है। इसलिए इस उद्देश्य के लिए गठित संपत्ति निपटान समिति (एडीसी) भी इस मामले में राज्य सरकारों को भेजे गए पत्र पर सह-हस्ताक्षरकर्ता है। राज्य सरकारों को भेजे गए पत्र में केंद्रीय एजेंसी और संपत्ति निपटान समिति ने प्रशासन से आग्रह किया है कि वह जब्त की गई संपत्ति को अतिक्रमण से मुक्त कराए। पिछले महीने ईडी ने बताया था कि जस्टिस दिलीप कुमार सेठ (सेवानिवृत्त) की अध्यक्षता वाली और ईडी के अधिकारियों वाली संपत्ति निपटान समिति द्वारा रोज वैली समूह की पोंजी योजनाओं में 3,652 जमाकर्ताओं को रिफंड के रूप में 2.29 करोड़ रुपये (2,29,63,264 रुपये) का नया वितरण अंतिम और पांचवें चरण में पूरा किया गया है। केंद्रीय एजेंसी के अधिकारियों ने पिछले महीने जारी एक बयान में दावा किया कि इस नवीनतम संवितरण के साथ रोज वैली योजनाओं में 32,319 जमाकर्ताओं को कुल रिफंड 21.98 करोड़ रुपये (21,98,26,744 रुपये) तक पहुंच गया। ईडी ने कहा है कि आने वाले महीनों में आगे की प्रतिपूर्ति प्रक्रिया जारी रहने की उम्मीद है क्योंकि संपत्ति निपटान समिति द्वारा अधिक दावों की जांच और सत्यापन किया जाता है। बयान में ईडी ने यह भी दावा किया कि एजेंसी के अधिकारियों ने बंगाल, ओडिशा, असम और त्रिपुरा में फैली 494 करोड़ रुपये की चल संपत्ति और 1,069 करोड़ रुपये की अचल संपत्ति को सफलतापूर्वक जब्त कर लिया है, जिसमें अकेले बंगाल की कुर्क संपत्ति 1,184 करोड़ रुपये है।






## आपराधिक लापरवाही की जिम्मेदारी तय हो

यह खबर शर्मनाक है कि दुनिया के सबसे प्रदूषित बीस शहरों में तेरह शहर भारत के हैं। ऐसी खबरों से दुनिया में कैसी छवि बनेगी, कहने की आवश्यकता नहीं है। लेकिन ऐसी खबरें विदेशी निवेश व विदेशी पर्यटकों की सोच को जरूर नकारात्मक बना सकती हैं। उल्लेखनीय है कि स्विस वायु गुणवत्ता प्रौद्योगिकी कंपनी आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 बताती है कि दिल्ली वैश्विक स्तर पर सबसे ज्यादा प्रदूषित राजधानी बनी हुई है। गंभीर चिंता इस बात की है कि भारत दुनिया का पांचवां सबसे ज्यादा प्रदूषित देश बना है। उल्लेखनीय बात यह है कि वर्ष 2023 में भारत तीसरे स्थान पर था। लेकिन इस रिपोर्ट में सबसे चौंकाने वाला तथ्य यह है कि देश का सबसे ज्यादा प्रदूषित शहर दिल्ली नहीं बल्कि मेघालय का बर्नीहाट लिस्ट में टॉप पर है। हालांकि, कहना मुश्किल है कि बर्नीहाट की यह स्थिति किसी परिस्थिति के कारण कुछ समय के लिये थी या स्थायी रूप से बनी हुई है। निश्चय ही हमारी राजधानी का दुनिया में सबसे ज्यादा प्रदूषित होना और देश के तेरह शहरों का शीर्ष बीस प्रदूषित में शुमार होना परेशान करने वाला है। जब किसी शहर के उच्च प्रदूषित होने की बात करते तो यह नीति-नियंताओं की नाकामी और जनमानस की लापरवाही व उदासीनता को ही दर्शाता है। आई.क्यू. एअर द्वारा जारी वायु गुणवत्ता रिपोर्ट 2024 में भारत में पीएम 2.5 सांद्रता में सात फीसदी की गिरावट देखी। जो वर्ष 2023 में 54.5 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर थी और फिलहाल 50.6 माइक्रोग्राम प्रति घन मीटर है। बहरहाल, वायु प्रदूषण की ये स्थितियां स्वास्थ्य के लिये गंभीर जोखिम की वजह बनी हुई हैं। एक अनुमान के अनुसार वायु प्रदूषण से औसतन व्यक्ति का जीवन 5.2 साल कम हो रहा है, जो स्थिति की गंभीरता का ही परिचायक है। उल्लेखनीय है कि गत वर्ष प्रकाशित लैंसेट प्लैनेटरी हेल्थ अध्ययन के अनुसार प्रदूषण की वजह से वर्ष 2009 से 2019 के बीच हर साल पंद्रह लाख मौतें हुई हैं।

देशव्यापी प्रदूषण में पीएम 2.5 की घातकता को लेकर कई अध्ययन सामने आए हैं। दरअसल, 2.5 माइक्रोन से छोटे वायु प्रदूषण कण हमारे फेफड़ों और रक्तप्रवाह में सेंध लगाते हैं, जिससे श्वसन तंत्र को नुकसान पहुंचता है, जिसके चलते सांस लेने में दिक्कत होती है। साथ ही हृदय रोग और कैंसर का खतरा भी बढ़ सकता है। इन प्रदूषण कारक कणों के फैलने के कई कारण हमारी जीवनशैली में बदलाव से भी जुड़े हैं। मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था का न होना भी एक कारण है। वहीं वाहनों के धुएं, औद्योगिक एमिशन का निस्तारण न होने, जीवश्म ईंधन के अधिक प्रयोग, फसल के अवशेष व लकड़ी जलाने से भी इसमें वृद्धि होती है। देश की राजधानी दिल्ली में तो गाहे-बगाहे स्थिति बेहद चिंत-ाजनक होती है। यहां तक कि प्रदूषण का हाई लेवल यानी पीएम 2.5 का सालाना औसत 91.6 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर रहा है। इसके अलावा विश्व स्वास्थ्य संगठन के तमाम मानक ऐसे हैं जिनकी कसौटी पर हम खरे नहीं उतरते। हालांकि, प्रदूषण फैलाने में कई प्राकृतिक कारण भी हैं, जिसमें धुंध और अलनीनो प्रभाव भी शामिल हैं। लेकिन यह हमारी चिंता का विषय होना चाहिए कि देश के कई शहरों में पीएम 2.5 कणों का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन के निर्धारित मानकों से दस गुना ज्यादा है। जो सीधे-सीधे आम आदमी के स्वास्थ्य के लिये खतरे की घंटी हैं। लेकिन इतनी गंभीर स्थिति के बावजूद हमारे शासक-प्रशासकों और जनता में इस गंभीर संकट के प्रति कोई गंभीर चिंता नजर नहीं आती। हर चुनाव में तमाम लोकलुभावन मुद्दे तो हवा में तैरते रहते हैं लेकिन मुफ्त की रेवाड़ियों की आस लगाने वाले लोग अपनी जिंदगी के लिये स्वच्छ हवा की मांग कभी नहीं करते। एक दृष्टि से देखा जाए तो प्रदूषण का यह गंभीर स्तर हमारे तंत्र की नाकामी ही दर्शाता है। यदि देश में मजबूत सार्वजनिक परिवहन व्यवस्था होती तो शायद सड़कों पर कारों का सैलाब न होता। कोरोना संकट ने हमें सबक दिया था कि हमारी गतिशीलता कितना प्रदूषण फैलाती है।

# होली के संदेश को समझें



सुरेश हिन्दुस्थानी

भारत भूमि के संस्कार वास्तव में एक ऐसी अनमोल विरासत है, जो सदियों से एक परंपरा के रूप में प्रचलित है। जो समाज में ऐक्य भाव की स्थापना करने का मार्ग प्रशस्त करता है। वर्तमान में जहां परिवार टूट रहे हैं, वहीं समाज में अलगाव की भावना भी विकसित होती जा रही है। इस भाव को समाप्त करने के लिए हमारे त्यौहार हर वर्ष पथ प्रदर्शक बनकर आते हैं, लेकिन विसंगति यह है कि हम इन त्यौहारों को भूलते जा रहे हैं। त्यौहार की परिपाटी को हमने अपनी सुविधा के अनुसार बदल दिया है। ऐसे में यही कहा जा सकता है कि हम अपनी जड़ों से या तो कट चुके हैं या फिर कटने की ओर अग्रसर हो रहे हैं। जो व्यक्ति या समाज अपनी जड़ों से कट जाता है वह निश्चित ही पतन की ओर ही जाता है। भारत के त्यौहार हम सभी को जड़ों से जुड़े रहने का प्रेरणीय संदेश देते हैं। यह प्रकृति से जुड़ा है, इसलिए मनुष्य को प्राकृतिक करने में भी हमारे त्यौहार सहायक होते हैं।

भारत के प्रमुख त्यौहारों में शामिल होली को पूरा भारत देश मनाता है। होली के त्यौहार का सांस्कृतिक आधार देखा जाए तो यह परस्पर मनमुटाव को समाप्त करने का एक माध्यम है। भारत की संस्कृति अत्यंत श्रेष्ठ भी इसीलिए ही कही जाती है कि यहां सामाजिक सामंजस्य का बोध है। यहां के सभी त्यौहार आपासी सामंजस्य को बढ़ावा देने वाले होते हैं। इसी प्रकार रंगों का पर्व होली का त्यौहार भी सामंजस्य को बढ़ावा देता है। जिस प्रकार से होली के अवसर पर सभी रंग आपस में घुल मिल जाते हैं, उसी प्रकार से व्यक्तियों के मिलने की भी कल्पना की गई है। सब एक रंग में रंगे हुए ही दिखाई देते हैं। होली के त्यौहार पर दुश्मनों के भी भाव बदल जाते हैं, और सारे देश में दोस्ती का वातावरण निर्मित होता हुआ दिखाई देता है।

वर्तमान में होली के बारे में हम कहते हैं कि पहले जैसी होली अब नहीं होती। यह सत्य है कि कि इसमें परिवर्तन आया है, लेकिन क्या हमने सोचा कि ऐसा परिवर्तन आने के पीछे कारण क्या हैं। वास्तव में इसके लिए हम ही दोषी हैं। पांच दिन के इस त्यौहार की मस्ती को हमने समेट कर रख दिया है और मात्र एक या दो घंटे में पूरा त्यौहार मना लिया जाता है। ऐसे में मात्र एक घंटे में होली का वह भाई चारा वाला स्वरुप कैसे दिखाई देगा। हम व्यक्ति केंद्रित होकर त्यौहार मनाते हैं, जबकि भारतीय त्यौहार का स्वरूप व्यक्ति केंद्रित न होकर समाज केंद्रित है। होली के त्यौहार को इसी रूप में मनाएंगे तब ही हमें वही होली दिखेगी, जो वास्तविक है। वर्तमान में होली के इस पावन पर्व पर हमारे समाज के कई लोग दुश्मनी मिटाना तो दूर, दुश्मनी पालने की कवायद करते हुए दिखाई देते हैं। पिछले कई वर्षों से देश के कई भागों में होली के अवसर पर लड़ाई झगड़े होते हुए भी दिखाई देने लगे हैं। इससे सवाल यह उठता है कि क्या हम होली को वास्तविक अर्थों में मनाने का मन बना पा रहे हैं। अगर नहीं तो तो हमें यह कहने का भी अधिकार भी नहीं है कि होली का स्वरुप पहले जैसा नहीं रहा। पौराणिक मान्यताओं के आधार पर होली के पावन पर्व का निष्कर्ष निकाला जाए तो यही परिलक्षित होता हुआ दिखाई देता है कि जिसके मन में विकार होता है, उसे समाप्त करने का होली का त्यौहार सबसे अच्छा अवसर है, अगर हमने अपने अंदर पैदा हुए विकार को समाप्त करने का प्रयास नहीं किया तो भगवान उस विकार को समाप्त करने का काम कर देंगे। हम जानते हैं कि भगवान नरसिंह ने राक्षस हिरणाकश्यप को इसलिए मार दिया कि उसके अंदर कई प्रकार के विकार समाहित हो गए थे। भगवान के भक्त प्रहलाद ने कई बार चेताया भी, लेकिन उसने अपने अंदर के अहम को समाप्त नहीं किया। विकार को समाप्त करने का पर्व होली है। बुराई पर विजय का प्रतीक होली है।



रंगों का पर्व होली हिन्दुओं का पवित्र त्यौहार है। यह मौज-मस्ती व मनोरंजन का त्योहार है। सभी हिंदू जन इसे बड़े ही उत्साह व सौहार्दपूर्वक मनाते हैं। यह त्यौहार लोगों में प्रेम और भाईचारे की भावना उत्पन्न करता है। जिस प्रकार बसंत के मौसम में रंग बिखरते हैं, उसी प्रकार से होली के अवसर पर भी रंग बिखरते हुए दिखाई देते हैं। रंगों का अर्थ है, मन में बसंत की बहार का उल्लास। अगर होली के अवसर पर हमारे मन में उल्लास नहीं है तो फिर होली के मायने ही क्या है? इसलिए होली पर मन की प्रफुल्लता बहुल जरुरी है। प्राकृतिक रुप से फाल्गुन की पूर्णिमा ही नहीं अपितु पूरा फाल्गुन मास होली के रंगों से सराबोर हो जाता है। होली का त्योहार ज्यों-ज्यों निकट आता जाता है, त्यों-त्यों हम नए उत्साह से ओत-प्रोत होने लगते हैं ।

होली का पर्व प्रतिवर्ष फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है। इस पर्व का विशेष धार्मिक, पौराणिक व सामाजिक महत्व है। इस त्योहार को मनाने के पीछे एक पौराणिक कथा प्रसिद्ध है। प्राचीनकाल में हिरण्यकश्यप नामक असुर राजा ने ब्रह्मा के वरदान तथा अपनी शक्ति से मृत्युलोक पर विजय प्राप्त कर ली थी। अभिमानवश वह स्वयं को अजेय समझने लगा। सभी उसके भय के कारण उसे ईश्वर के रूप मे पूजते थे, परंतु उसका पुत्र प्रहलाद ईश्वर पर आस्था रखने वाला था। जब उसकी ईश्वर भक्ति को खंडित करने के सभी प्रयास असफल हो गए तब हिरण्यकश्यप ने अपनी बहन होलिका को यह आदेश दिया कि वह प्रहलाद को गोद में लेकर जलती हुई आग की लपटों में बैठ जाए, क्योंकि होलिका को आग में न जलने का वरदान प्राप्त था, परंतु प्रहलाद के ईश्वर पर दृढ़-विश्वास के चलते उसका बाल भी बांका न हुआ, बल्कि स्वयं होलिका ही जलकर राख हो गई। तभी से होलिका दहन परंपरागत रूप से हर फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। इस बात से कहा जा सकता है कि कुटिलता पूर्वक चली गई चाल कभी सफल नहीं हो सकती है। भगवान की भक्ति के समक्ष सारी कुटिलता धरी की धरी रह जाती है। हम सभी को भगवान की भक्ति के समक्ष कुछ भी नहीं हैं। व्यक्ति वाहे कितना भी सामर्थ्यवान हो जाए, लेकिन जिन लोगों पर भगवान का आशीर्वाद है, उनका कभी कोई बिगाड़ नहीं सकता।

होली का त्योहार प्रेम और सद्भावना का त्योहार है, परंतु कुछ असामाजिक तत्व प्राय: अपनी कुत्सित भावनाओं से इसे दूषित करने की चेष्टा करते हैं। ऐसे लोग होली के मूल और सांस्कृतिक स्वभाव को बिगाडऩे का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं। वास्तव में ऐसे लोगों को होली से कोई मतलब नहीं है।

होली पर नशा करना भी एक शौक होता जा रहा है। आवश्यकता है कि हम सभी एकजुट होकर इसका विरोध करें ताकि त्योहार की पवित्रता नष्ट न होने पाए। ऐसे लोगों से हम यही कहना चाहते हैं कि उन्हें होली की पवित्रता को ध्यान में रखकर ही होली मनाना चाहिए। जिस प्रकार से भगवान नरसिंह ने धरती से बुराई का नाश किया, उसी प्रकार से हम भी अपने समाज में फैली बुराइयों का अंत करने में सहयोग करें। इसके लिए सबसे पहले अपने स्वयं के भीतर बुराई का त्याग करना होगा। तभी होली का सार्थकता मानी जाएगी। यह पर्व हमारी संस्कृतिक विरासत है। हम सभी का यह कर्तव्य है कि हम मूल भावना के बनाए रखें ताकि भावी पीढ़ियाँ गौरवान्वित हो सकें।

-वरिष्ठ पत्रकार

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

### बिहार: उर्दू में प्रार्थना कराये जाने को लेकर विवाद के बाद प्राचार्य और शिक्षक का तबादला

**गया :** बिहार के गया जिले के एक सरकारी स्कूल में उर्दू में प्रार्थना कराये जाने को लेकर विवाद के बाद राज्य शिक्षा विभाग ने विद्यालय की प्राचार्य और एक शिक्षक का तबादला कर दिया। एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जिला शिक्षा अधिकारी (गया) ओम प्रकाश ने आंती थाना अंतर्गत जमालपुर इलाके में स्थित एक सरकारी स्कूल की महिला प्राचार्य और शिक्षक अजय प्रसाद को जिले में प्रतिनियुक्ति पर दूसरे स्कूल में स्थानांतरित कर दिया और दोनों से स्पष्टीकरण मांगा है। यह मामला जमालपुर इलाके में स्थित सरकारी स्कूल में उर्दू में प्रार्थना कराये जाने से जुड़ा है। अधिकारी ने बताया कि प्रसाद पर आरोप है कि उसने प्राचार्य की इच्छा के खिलाफ उर्दू प्रार्थना का वीडियो बनाया।

## प्रदेश में आठ वर्ष में लगाये 210 करोड़ पौधे, सोलर सिटी के लिए बनायी बड़ी योजनाएं : मुख्यमंत्री

**गोरखपुर :** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले आठ वर्ष में पूरे राज्य में 210 करोड़ पौधे लगवाये, जिससे तेजी से शहरीकरण और औद्योगिक विकास के बावजूद वन क्षेत्र में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। मुख्यमंत्री ने पहली सोलर सिटी अयोध्या की तर्ज पर 17 नगर निगम क्षेत्रों को 'सोलर सिटी' में बदलने के लिए सक्रिय रूप से काम करने की भी घोषणा की। आदित्यनाथ ने यहां राष्ट्रीय स्वच्छ वायु कार्यक्रम को लेकर आयोजित राष्ट्रीय सम्मेलन में पेड़ों के अस्तित्व को बनाये रखने के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि सरकार ने वृक्षारोपण की निगरानी के लिए उत्तराखंड के वन अनुसंधान संस्थान



और छत्तीसगढ़ के एक विश्वविद्यालय को भी जिम्मेदारी दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि ये संस्थान समय-समय पर पौधों के जीवित रहने की दर का आकलन करते हैं और अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट राज्य सरकार को देते हैं। आदित्यनाथ ने कहा, पिछले आठ वर्ष में पूरे राज्य में 210 करोड़ पौधे लगाए गए हैं और यह भी सुनिश्चित किया गया है कि उनका अस्तित्व कायम रहे। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा लगाए गए लगभग 70-75 प्रतिशत पेड़ बच गए हैं, जबकि निजी और स्वैच्छिक संगठनों द्वारा लगाए गए वृक्षारोपण की जीवित रहने की दर 65-70 प्रतिशत है। उन्होंने कहा, देश भर के राज्यों ने वृक्षारोपण के प्रयास किये हैं लेकिन उत्तर प्रदेश ने इस अवधि के दौरान अपने वन क्षेत्र को बढ़ाने में उल्लेखनीय प्रगति की है।

## दुनिया में भारत की संस्कृति की विशिष्ट पहचान: राजस्थान के मुख्यमंत्री शर्मा

**जयपुर :** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारत की संस्कृति की दुनिया में विशिष्ट पहचान है और हमारे ऋषि-महर्षियों ने गौरवशाली संस्कृति को मजबूत करने का काम किया है। शर्मा यहां सांगानेर में होली मिलन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि होली का पर्व खुशी एवं उल्लास का प्रतीक है। शर्मा ने कहा कि रंगों के त्योहार पर सभी अपने गिले शिकवे भुलाकर होली के रंग में रंग जाते है और रंगों के साथ राजस्थान का लगाव भी बहुत गहरा है। उन्होंने कहा कि हमारे प्रदेश को तो रंग रंगीलो राजस्थान कहा जाता है। शर्मा ने यहां उपस्थित जनसमूह के ऊपर फूलों की बारिश कर हर्षोल्लास के साथ रंगों के त्योहार



को मनाया और आत्मीयता के साथ मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार हर नागरिक के कल्याण और प्रदेश के हर क्षेत्र का विकास करने के लिए प्रतिबद्धता के साथ कार्य कर रही है। उन्होंने कहा, हमने बजट में सभी 200 विधानसभाओं के विकास के लिए महत्वपूर्ण प्रावधान किए हैं। राजस्थान में पांच हजार गांवों को गरीब मुक्त बनाया जाएगा। इससे पहले शर्मा डीग स्थित पूंछरी का लौठा धाम पहुंचे और श्रीनाथ जी मंदिर में दर्शन किए।

## संभल के कार्तिकेय महादेव मंदिर में 46 साल बाद कड़ी सुरक्षा के बीच होली मनाई गई

**संभल (उप्र) :** संभल में 46 साल में पहली बार ऐतिहासिक कार्तिकेय महादेव मंदिर में फूलों और गुलाल के साथ होली मनाई गई। इस अवसर पर सामाजिक और हिंदू संगठनों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया, जबकि शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने के लिए भारी संख्या में पुलिस बल तैनात किया गया। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के जिला अध्यक्ष आनंद अग्रवाल ने इस अवसर पर अपनी खुशी जाहिर की। उन्होंने कहा, 46 साल बाद हमें कार्तिकेय महादेव मंदिर में होली खेलने का सौभाग्य मिला है। विभिन्न सामाजिक संगठनों के लोग यहां एकत्रित हुए हैं और फूलों और रंगों के साथ होली मना रहे हैं। माहौल भक्ति से भरा



हुआ है। प्रतिभागियों ने होली के बारे में अपनी खुशी साझा की। प्रियांशु जैन ने कहा, खग्गू सराय में कार्तिकेय महादेव मंदिर में होली खेलना अद्भुत अनुभव है। पुलिस ने सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने में बहुत अच्छा काम किया है और हर कोई उत्सव की भावना में डूबा हुआ है। शशांक शर्मा ने भी इस भावना को दोहराते हुए इसे एक महत्वपूर्ण अवसर बताया।

## झारखंड में होली के दौरान कुछ हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी

**रांची :** झारखंड में होली के दौरान विभिन्न हिस्सों में भीषण गर्मी की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। कोल्हान और पलामू मंडलों के कुछ जिलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहने के आसार हैं। अधिकारी ने बताया कि शुक्रवार से अगले चार दिनों के दौरान अधिकतम तापमान में पांच डिग्री सेल्सियस तक की वृद्धि होने की संभावना है। रांची मौसम विज्ञान केंद्र के प्रभारी अभिषेक आनंद ने बताया, ''कोल्हान मंडल के लिए 14 मार्च को भीषण गर्मी का 'येलो अलर्ट' जारी किया गया है, जिसमें तीन जिले सरायकेला-खरसावां, पूर्वी और पश्चिमी सिंहभूम शामिल हैं।'' उन्होंने बताया, ''15 और 16 मार्च को कोल्हान के साथ पलामू मंडल में मुख्य रूप से पलामू और गढ़वा जिलों में भी ऐसी ही स्थिति रह सकती है। इन दो मंडलों में अधिकतम तापमान 40 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच सकता है।'' आनंद ने कहा कि पश्चिमी क्षेत्र से आने वाली गर्म हवाओं के कारण अगले चार दिन झारखंड में अधिकतम तापमान में तीन से पांच डिग्री सेल्सियस की वृद्धि हो सकती है। झारखंड के डाल्टनगंज में बुधवार को अधिकतम तापमान 39.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जो राज्य में सबसे अधिक रहा और सामान्य से छह डिग्री अधिक था जबकि पूर्वी सिंहभूम जिले के जमशेदपुर में तापमान 38.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### द्विअर्थी अश्लील भोजपुरी गीत गाने के आरोप में जदयू विधायक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज

**भागलपुर :** बिहार के गोपालपुर विधानसभा सीट से जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक नरेंद्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के खिलाफ भागलपुर जिले में एक समारोह के दौरान द्विअर्थी अश्लील भोजपुरी गीत गाने के आरोप में प्राथमिकी दर्ज की गयी है। गोपालपुर विधानसभा सीट से कई बार विधायक रहे मंडल को होली से पहले उनके निर्वाचन क्षेत्र में आयोजित एक समारोह में एक डांसर के गाल पर नोट चिपकाते हुए देखा गया था। सोशल मीडिया पर वायरल एक वीडियो में मंडल को कथित तौर पर द्विअर्थी अश्लील भोजपुरी गीत गाते हुए देखा गया था।

## आज का पंचांग

**कोलकाता :** 14 मार्च, शुक्रवार, 2025, विक्रम सम्वत् 2081, फाल्गुन शुक्लपक्ष पूर्णिमा, 12:26 तक, नक्षत्र : पूर्व फाल्गुनी, 06:15 तक, योग : शुला, 13:21 तक, सूर्योदय: 5:47, सूर्यास्त: 17:45, चन्द्रोदय : 17:53, चन्द्रास्त: 05:42, शक सम्वतः 1945 सुभाकृतु, सूर्य राशि : कुम्भ, चन्द्र राशि : सिंह, राहू काल : 10:16 से 11:45

## राशिफल

**मेष :** मेष राशि वालों के लिए करियर में लाभ के अच्छे संकेत हैं। तरक्की मिल सकती है। पैसों के मामले में फायदा होगा। परिवार के साथ यात्रा का योग बन रहा है। अपने काम पर ध्यान केंद्रित रखें।

**वृष :** वृषभ राशि वालों के लिए दिन कामयाबी भरा रहेगा। मनचाहा फल मिलेगा। पैसा भी मिलेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। कोई अच्छी खबर मिलने से खुशी होगी। परिवार के साथ अच्छा समय बीतेगा।

**मिथुन :** मिथुन राशि वालों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। अच्छी खबरें मिलेंगी। फालतू खर्च कम होगा। सेहत का ध्यान रखें, बीमारी बढ़ सकती है। सामाजिक कामों में रुकावट आ सकती है।

**कर्क :** कर्क राशि वालों के लिए दिन शुभ है। किस्मत साथ देगी। मेहनत का फल मिलेगा। बच्चों पर भरोसा बढ़ेगा। मन खुश रहेगा। ननिहाल से मदद मिल सकती है। ऐशो-आराम पर खर्च होगा।

**सिंह :** सिंह राशि वालों के लिए दिन मिला-जुला रहेगा। ऑफिस के काम से मानसिक तनाव हो सकता है। काम में मन नहीं लगेगा। माता-पिता का सहयोग मिलेगा। तरक्की के योग हैं, भाग्य साथ देगा।

**कन्या :** कन्या राशि वालों के लिए दिन सामान्य रहेगा। रुके हुए काम पूरे होंगे। मन खुश रहेगा। मुश्किल काम पूरे कर पाएंगे। परिवार का सहयोग मिलेगा। जीवन में खुशहाली आएगी।

**तुला :** तुला राशि वालों के लिए करियर और धन के मामले में दिन अच्छा है। अधिकार और संपत्ति में वृद्धि होगी। दूसरों के कामों के लिए ऑफिस के चक्कर लगाने पड़ सकते हैं।

**वृश्चिक :** वृश्चिक राशि वालों का मन अशांत रहेगा। व्यापार बढ़ाने की कोशिशें नाकाम हो सकती हैं। शाम तक बुद्धि और धैर्य से दुश्मनों पर जीत मिलेगी। भाग्य में वृद्धि होगी।

**धनु :** धनु राशि वालों के लिए दिन आनंददायक रहेगा। विद्या और ज्ञान में वृद्धि होगी। तरक्की के योग बन रहे हैं। दान-पुण्य करने का मन करेगा। सभी लोग मदद करेंगे। किस्मत साथ देगी।

**मकर :** मकर राशि वालों के लिए दिन मिला-जुला रहेगा। कीमती चीजें मिल सकती हैं। लेकिन कुछ जरूरी खर्चे भी होंगे। ससुराल से सम्मान मिलेगा। व्यापार में अच्छा मुनाफा होगा।

**कुम्भ :** कुंभ राशि वालों को करियर में लाभ होगा और तरक्की के योग हैं। चिंताएं और खर्चे कम होंगे। जरूरत के हिसाब से ही खर्च करें। परिवार वालों से धोखा मिल सकता है।

**मीन :** मीन राशि वालों के लिए दिन फायदेमंद रहेगा। किसी झगड़े का हल निकलेगा। मिलनसार स्वभाव के कारण लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। समाज में मान-सम्मान मिलेगा।

## वर्ग पहेली नं. 3032

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ■ | 2 | 3 | ■ | 4 | | 5 | ■ | 6 |
| | ■ | 7 | | 8 | | ■ | 9 | | |
| 10 | | | ■ | | ■ | 11 | | ■ | |
| | ■ | ■ | 12 | | ■ | 13 | | 14 | |
| 15 | 16 | | | ■ | 17 | | ■ | | ■ |
| 18 | | ■ | 19 | | | ■ | 20 | | 21 |
| ■ | 22 | 23 | | ■ | 24 | 25 | | ■ | |
| 26 | ■ | 27 | | 28 | ■ | | ■ | ■ | ■ |
| 29 | | | ■ | 30 | | | | | |

*बायें से दायें:-* 2) स्वामिभक्त; आज्ञाकारी; नौकर, 4) दया; सहानुभूति, 7) बाढ़ग्रस्त 9) कस्टम चोर; *स्मगलर*, 10) छेना, 11) लता; बिल्व; ज़मानत, 12) विष्ठा, 13) श्रृंगार, 15) अवैध, 17) दायित्व; बोझ, 18) पंख, 19) दुर्गंधपूर्ण, 20) चिंता; वैमनस्य, 22) उदर, 24) संपूर्ण, 27) पागलपन, 29) सस्ता; अल्पभार, 30) किसी तरह से.

*ऊपर से नीचे:-* 1) बकवासपूर्ण; अंडबंड, 2) अनुर्वर; ऊसर, 3) दलहन, 4) निर्धारित, 5) एक नदी, 6) खाने-पीने का संयम, 8) उपहास; खिल्ली, 11) नथ, 12) विवश होकर, 14) सत्याग्रह; घेराव; *पिकेटिंग*; पकड़ना, 16) अवैध *(संतान)*, 17) एक देश, 20) अंधकार, 21) निष्ठा, 23) इठलाहट; नाज़नख़रा; धचका, 25) ज्ञात, 26) कंधा - कुहनी - हाथ; आस्तीन, 28) अगला दिन.

*(उत्तरः अगले अंक में)*

*पिछली पहेली का उत्तर*

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| उ | ल | ट | ना | ■ | मी | मां | सा | ■ | क |
| ठा | ■ | प | च | प | न | ■ | रा | क्ष | स |
| प | र्य | क | ■ | सा | के | त | ■ | त | म |
| ट | ■ | ना | ज़ | ■ | त | ल | वा | ■ | सा |
| क | च | ■ | ह | न | न | ■ | म | ही | ना |
| ■ | ट | क्क | र | ■ | ■ | म | न | न | ■ |
| खो | खा | ■ | ■ | क़ | या | स | ■ | ■ | अ |
| प | रा | व | लं | बी | ■ | ह | ड़ | ता | ल |
| ड़ी | ■ | र्ग | ■ | ला | चा | री | ■ | ■ | ग |

शब्दवेधी

## सुडोकू-पहेली-2992

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | 9 | | | 2 | 4 |
| 1 | | 6 | | | | | | |
| | | | | | | | | |
| | | | 7 | | 6 | 1 | | |
| | 2 | | | | | | | |
| | | | 3 | | | | | |
| | 4 | | | 2 | | | | 5 |
| 9 | | | | | | 6 | | |
| | | | 8 | | | | 3 | |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।

••••

आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।

**सूडोकू पहेली - 2991 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 3 | 7 | 1 | 9 | 8 | 4 | 5 | 2 |
| 5 | 9 | 1 | 3 | 2 | 4 | 7 | 6 | 8 |
| 8 | 2 | 4 | 7 | 6 | 5 | 1 | 3 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 5 | 7 | 1 | 2 | 8 | 3 |
| 2 | 5 | 3 | 4 | 8 | 6 | 9 | 7 | 1 |
| 7 | 1 | 8 | 9 | 3 | 2 | 6 | 4 | 5 |
| 4 | 7 | 2 | 8 | 5 | 9 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 6 | 5 | 2 | 4 | 3 | 8 | 9 | 7 |
| 3 | 8 | 9 | 6 | 1 | 7 | 5 | 2 | 4 |



# भाजपा विधायकों ने विधानसभा से किया बहिर्गमन



**कोलकाता, समाज्ञा :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ तृणमूल कांग्रेस के दो विधायकों की कथित टिप्पणियों पर चर्चा के अनुरोध को अध्यक्ष द्वारा खारिज किए जाने के बाद भाजपा के सदस्यों ने गुरुवार को विधानसभा से बहिर्गमन किया। भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के बावजूद विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने इस मुद्दे पर चर्चा की अनुमति देने से इनकार कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष के फैसले का विरोध करते हुए भाजपा विधायकों ने सदन से बहिर्गमन किया और नारेबाजी की। उन्होंने शुभेंदु अधिकारी को सुरक्षा मुहैया कराने की भी मांग की। विधानसभा परिसर के बाहर पत्रकारों से बातचीत में शंकर घोष ने कहा कि उन्होंने टीएमसी के दो सदस्यों – हुमायूं कबीर और सिद्दीकउल्ला चौधरी – से आग्रह किया है कि वे या तो अधिकारी के खिलाफ अपनी टिप्पणी वापस लें या अध्यक्ष की अनुशासनात्मक कार्रवाई का सामना करें।

❑ **तृणमूल विधायकों पर टिप्पणी को लेकर शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पारित**

तृणमूल कांग्रेस के मुस्लिम विधायकों पर विवादास्पद टिप्पणी को लेकर विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ सत्तारूढ़ दल द्वारा लाया गया प्रस्ताव गुरुवार को पारित कर दिया गया। सदन ने ध्वनि मत से प्रस्ताव पारित कर दिया। विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी द्वारा भाजपा के ध्यानाकर्षण प्रस्ताव पर चर्चा की अनुमति देने से इनकार किए जाने के बाद भाजपा सदस्यों ने सदन से बहिर्गमन कर दिया। इसके बाद, तृणमूल के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ प्रस्ताव पेश किया। निर्मल घोष ने सदन में प्रस्ताव पेश करते हुए दावा किया कि शुभेंदु अधिकारी ने देश के धार्मिक और सामाजिक ढांचे पर हमला किया है। घोष ने अधिकारी की टिप्पणी की निंदा करते हुए प्रस्ताव पेश किया और सभी नागरिकों और संविधान में निहित उनके मौलिक अधिकारों की रक्षा करने का संकल्प लिया, चाहे उनकी जाति, पंथ, धर्म, लिंग और सामाजिक स्थिति कुछ भी हो। प्रस्ताव में यह भी दावा किया गया कि नेता प्रतिपक्ष ने अपनी टिप्पणियों से अल्पसंख्यक समुदाय में भय का माहौल पैदा किया है।

## शुभेंदु को तृणमूल विधायक की धमकी पर पार्टी 'सभी विवरणों' की जांच के बाद करेगी फैसला

तृणमूल कांग्रेस ने गुरुवार को कहा कि वह विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी को पार्टी के मुस्लिम विधायकों की ताकत दिखाने की धमकी देने वाले अपने विधायक हुमायूं कबीर के खिलाफ कार्रवाई करने से पहले संबंधित वीडियो क्लिप और अन्य विवरणों की जांच करेगी। तृणमूल कांग्रेस ने यह भी कहा कि वह भाजपा नेता की घृणास्पद टिप्पणी की निंदा करती है। उल्लेखनीय है कि शुभेंदु अधिकारी ने मंगलवार को दावा किया था कि अगर अगले साल होने वाले चुनाव में भाजपा पश्चिम बंगाल में सत्ता में आती है, तो तृणमूल के मुस्लिम विधायकों को विधानसभा से बाहर कर दिया जाएगा। जवाब में, बुधवार को हुमायुं कबीर ने शुभेंदु अधिकारी को 72 घंटे के अंदर अपने शब्द वापस लेने अन्यथा मुस्लिम विधायकों की ताकत का सामना करने की धमकी दी। भगवानपुर के विधायक कबीर ने कहा कि अगर वह तृणमूल विधायकों को बाहर निकालने की बात करते हैं, तो हम उन्हें रसगुल्ला नहीं खिलाएंगे। यह झगड़ा उन्होंने ही शुरू किया था, हमने नहीं। इस दिन, तृणमूल के मुख्य सचेतक निर्मल घोष ने कहा कि पार्टी उस वीडियो फुटेज की जांच कर रही है जिसमें कबीर कथित तौर पर ऐसी टिप्पणी करते हुए नजर आ रहे हैं । घोष ने कहा, कि सभी विवरण एकत्र करने के बाद उचित कार्रवाई की जाएगी। घोष ने कहा कि पार्टी ऐसी किसी टिप्पणी का समर्थन नहीं करती जो अनुचित हो और संसदीय मर्यादा के विपरीत हो। विधायक दल 17 मई को इस मुद्दे पर फैसला करेगा।

# बंगाल सरकार पूरे राज्य में गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध : अरूप विश्वास

**✒ विधानसभा में बिजली मंत्री ने किया दावा, हसीर अलो योजना के तहत सालाना 40 लाख उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य के बिजली मंत्री अरूप विश्वास ने बुधवार को विधानसभा को बताया कि राज्य सरकार पूरे राज्य में चौबीसों घंटे गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बिजली क्षेत्र में 4,116 करोड़ रुपये से अधिक खर्च करने का बजट प्रस्ताव पेश किया। बिजली विभाग के बजट अनुदान पर चर्चा का जवाब देते हुए विश्वास ने कहा कि 2020 में राज्य सरकार ने हसीर अलो योजना शुरू की थी, जिसके तहत 0.3 किलोवाट तक के कनेक्शन और 25 यूनिट (या प्रति तिमाही 75 यूनिट) की मासिक खपत वाले लाइफलाइन घरेलू उपभोक्ताओं को मुफ्त बिजली उपलब्ध कराई जा रही है। मंत्री ने कहा कि इस योजना से सालाना करीब 40 लाख उपभोक्ताओं को लाभ मिलता है, जिससे सरकार को सालाना करीब 200 करोड़ रुपये का खर्च आता है।

पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (डब्ल्यूबीएसईडीसीएल) के अनुमानित 2.4 करोड़ के बड़े उपभोक्ता आधार की जरूरतों को पूरा करने और अनुमानित औद्योगिक विकास और जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए, सरकार ने जेएसडब्ल्यू एनर्जी लिमिटेड को पश्चिम मेदिनीपुर के सालबोनी में 2800 मेगावाट का ग्रीनफील्ड सुपर-क्रिटिकल थर्मल प्लांट विकसित करने की परियोजना सौंपी है, जिसकी अनुमानित लागत सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) माडल के तहत 16,000 करोड़ रुपये है। मंत्री ने विधानसभा से 2025 के लिए 4,116.70 करोड़ रुपये के बिजली क्षेत्र के बजट प्रस्ताव को मंजूरी देने का अनुरोध किया। सदन ने प्रस्ताव को ध्वनिमत से पारित कर दिया।

**NAME AND D.O.B CHANGE**

I, Varalakshmi mother of Army No. 15724439W, Rank-LNk, Name-Koyyani Veera Venkata Srikar residing at H.No.2-237, Village- Diwancheruvu, P.O- GSL Medical College, P.S-Bommuru, Tehsil- Rajanagaram, Dist.-East Godavari, State- Andhra Pradesh, Pin- 533296. do hereby declare that I have change my name from Varalakshmi to Koyyani Varalakshmi and date of birth from 24.06.1968 to 01.01.1970 in my son's service documents Vide affidavit Before the Notary Govt. of A.P, Kaluturi Padmini at, Kakinada Court dated-13.12.2024

**नाम परिवर्तन**

मैं, फलक खन्ना, बेटी राजेंद्र कुमार खन्ना, 47/1, देशप्राण सासमल रोड, ब्लॉक बी, फ्लैट – 303, जिला – हावड़ा, पिन – 711 101 में रहती हूं। मेरे पिता का वास्तविक नाम राजेंद्र कुमार खन्ना है जो मेरे मतदाता फोटो पहचान पत्र, पैन कार्ड, आधार कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस में दर्ज है। लेकिन मेरे पासपोर्ट में मेरे पिता का नाम अनजाने में राजेंद्र खन्ना के रूप में दर्ज हो गया है। मैं घोषणा करता हूं कि राजेंद्र कुमार खन्ना और राजेंद्र खन्ना, 13.03.2025 को हावड़ा में प्रथम श्रेणी कार्यकारी मजिस्ट्रेट के समक्ष हलफनामा द्वारा एक ही व्यक्ति हैं। मैं आगे घोषणा करता हूं कि मेरी मां का वास्तविक नाम सिम्मी खन्ना है, जिसे गलती से सिमी खन्ना के रूप में दर्ज कर दिया गया है।

**पूर्व रेलवे**

**सं.ओएच/2/1/जनरल.दिनांक:11.03.2025** डिवीजनल रेलवे मैनेजर, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता वाले निविदाकारों सहित सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **डीईएन/4/एचडब्ल्यूएच** के अंतर्गत। क्रम संख्या: (1); **ई निविदा संख्या: 374_2024-25; कार्य का विवरण:** हावड़ा डिवीजनों के एसबीजी लूप में स्टेशन एसडीएलई-एनएचटी के बीच बीआरआर संख्या 172 यूपी (1x9x30.50 मीटर) में कमियों को सुधारना। **लगभग लागत:** रु. 93,94,544.00; **बयाना राशि:** रु. 1,87,900.00; **निविदा फॉर्म की लागत:** शून्य; **पूर्णता अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 04 (चार) माह। **निविदा की अंतिम तिथि एवं समय : 02.04.2025, 14.00 बजे।** यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी कारणवश अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा समापन की तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा, क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल उपरोक्त वेबसाइट के माध्यम से नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:-** आईआरईपीएस (ई-निविदा पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-674/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**संख्याः ओएएच/2/1/जनरल दिनांकः 12.03.2025।** निम्नलिखित ई-निविदा वरिष्ठ मंडल अभियंता/II, पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा उन निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव है और सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत लोगों सहित अपेक्षित वित्तीय क्षमताएं हैं, जो **वरिष्ठ डीईएन/2/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत** निम्नलिखित कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **क्रम सं.: (1); ई-निविदा संख्या: 358 2024-25; कार्य का विवरणः** धनियाखाली - एईएन/डीकेएई के खंड में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर पुल संख्या 82 को हटाने के लिए धनियाखाली में आरयूबी का निर्माण और सिवाइचांदी - एईएन/डीकेएई के खंड में कॉर्ड लाइन पर उथले गर्डर पुल संख्या 89 को हटाने के लिए सिवाइचांदी में आरयूबी का निर्माण। **अनुमानित लागतः** रु. 16,27,25,605.05; **बयाना राशिः** रु. 9,63,600.00; **पूर्णता अवधिः** 12 (बारह) महीने; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** शून्य; **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 07.04.2025 को 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने की सूचना में उल्लिखित निविदा बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर दिया गया आवेदन निविदा बंद होने की तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-677/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**सं: कॉम/ई-ऑक्शन/एचडब्ल्यूएच/2025 दिनांकः 11.03.2025।** हावड़ा मंडल के विभिन्न स्टेशनों पर स्थित पार्किंग स्थलों के संचालन का ठेका 03 वर्षों की अवधि के लिए देने हेतु वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। अधिक जानकारी और ई-नीलामी में भाग लेने के लिए कृपया ई-नीलामी लीजिंग मॉड्यूल के माध्यम से वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर जाएँ। **नीलामी कैटलॉग संख्याः पार्क-एचडब्ल्यूएच-एमएआर-3. नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** 25.03.2025 को 12:00 बजे; **लॉट संख्या/श्रेणीः (1) पार्किंग- एचडब्ल्यूएच -बीएसएई-टीडब्ल्यू-196-25-1 (पार्किंग - दोपहिया वाहन); स्टेशनः** बांसबेड़िया; **(2) पार्किंग- एचडब्ल्यूएच-बीएचएलए-टीडब्ल्यू-59-25-1 (पार्किंग - दोपहिया वाहन); स्टेशनः** बेहुला; **(3) पार्किंग-एचडब्ल्यूएच -पीएलएई- टीडब्ल्यू -251-24-1 (पार्किंग - दोपहिया वाहन)। स्टेशनः** पालसिट। **(HWH-671/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**हावड़ा मंडल के तहत रखरखाव कार्य के लिए ट्रेनों की नियंत्रण व्यवस्था**

ट्रैक और ओवरहेड इक्विपमेंट रखरखाव कार्य के लिए, हावड़ा मंडल के तहत विभिन्न शाखाओं में दिनांक **16.03.2025 (रविवार)** को दिन के समय ट्रैफिक ब्लॉक की आवश्यकता होगी। इसके फलस्वरूप, ट्रेन आवागमन में निम्नलिखित व्यवस्था की गई है:- ● **रद्दः [दिनांक 16.03.2025 (रविवार)]: हावड़ा से:** 36033, 36823, **चंदनपुर से:** 36034, **बर्द्धमान से:** 36836 ● **पुनर्निर्धारणः [दिनांक 16.03.2025 (रविवार)]: (i) 36825 हावड़ा – बर्द्धमान लोकल** (कॉर्ड लाइन होकर) हावड़ा से 11.22 बजे के बदले 11.50 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। **(ii) 36838 बर्द्धमान–हावड़ा लोकल** (कॉर्ड लाइन होकर) बर्द्धमान से 11.48 बजे के बदले 12.15 बजे पुनर्निर्धारित की जाएगी। ● **नियंत्रणः [दिनांक 16.03.2025 (रविवार)]: 37812 बर्द्धमान–हावड़ा लोकल** (मेन लाइन होकर) मार्ग में 30 मिनट के लिए नियंत्रित की जाएगी। **विशेष टिप्पणीः** स्पेशल या विलंब से चलने वाली ट्रेन और कोई नई शुरू की गई ट्रेन/पार्सल ट्रेन/टीओडी, यदि कोई हो, को मार्ग में सुविधानुसार नियंत्रित/मार्ग परिवर्तित किया जाएगा। यात्रियों से अनुरोध है कि वे स्टेशनों की जनसंबोधन प्रणाली का पालन करें। असुविधा के लिए खेद है।

**मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा**

पूर्व रेलवे

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**संख्याः ओएएच/2/1/जनरल दिनांकः 12.03.2025।** निम्नलिखित ई-निविदा वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा उन निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव है और सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत लोगों सहित अपेक्षित वित्तीय क्षमताएं हैं, जो **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत** निम्नलिखित कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **क्रम सं.: (1); ई-निविदा संख्या: 375_2024-25; कार्य का विवरणः** एईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत एसबाईएई में कैटवॉक 6, 8, 9 की सतह क्षति की मरम्मत और कैटवॉक संख्या 3, 4, 5, 6 और 9 के खंभों के दरारों की मरम्मत। **अनुमानित लागतः** रु.70,10,812.67; **बयाना राशिः**रु.1,40,200.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00; **पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 8 (आठ) महीने। **क्रम सं.: (2); ई-निविदा संख्या: 376_2024-25; कार्य का विवरणः** एईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत एस.एस.ई./डब्ल्यू/बीएमजी के खंड में पिट संख्या 1, 2 और 5 के लिए बामनगाछी यार्ड के साथ आपूर्ति जल पाइप लाइन को बदलना। **अनुमानित लागतः**रु.1,68,12,702.24; **बयाना राशिः**रु.2,34,100.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00; **पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 8 (आठ) महीने। **क्रम सं.: (3); ई-निविदा संख्या: 377_2024-25; कार्य का विवरणः** एईएन(मुख्यालय)/एचडब्ल्यूएच के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एस.एस.ई./डब्ल्यू/बीएमजी के अधीन लगातार 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंड आईएस 10500-1991 के अनुसार पेयजल का बैक्टीरियोलॉजिकल उपचार का प्रावधान और एस.एस.ई./डब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच के खंड में 24 (चौबीस) महीनों की अवधि के लिए एचडब्ल्यूएच गुड्स क्षेत्र में प्रेसर फिल्टर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और स्वचालित क्लोरीनेशन प्लांट का संचालन और रखरखाव। **अनुमानित लागतः** रु. 36,32,129.76; **बयाना राशिः** रु. 72,700.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्यः** 0.00; **पूर्णता अवधिः** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) महीने। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 08.04.2025 को 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने की सूचना में उल्लिखित निविदा बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर दिया गया आवेदन निविदा बंद होने की तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। बयाना राशि (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान - ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **नोटः** फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) आईआरईपीएस ई-निविदा पोर्टल पर आमंत्रित निविदाओं के लिए बयाना राशि (ईएमडी) के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी)। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**(HWH-679/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# भाजपा विधायकों को सदन की कार्यवाही के दस्तावेज सोमवार से उपलब्ध कराए जाएंगे : विधानसभा अध्यक्ष

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को कहा कि सदन की कार्यवाही से संबंधित दस्तावेज सोमवार से भाजपा विधायकों को उपलब्ध कराए जाएंगे। बता दें कि इससे दो दिन पहले ही उन्होंने अधिकारियों से भाजपा विधायकों को ऐसे दस्तावेज उपलब्ध कराने पर रोक लगाने को कहा था। इस दिन, अध्यक्ष ने कहा कि सोमवार से भाजपा विधायकों को दस्तावेज उपलब्ध कराए जाएंगे। उन्होंने भाजपा विधायकों से लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन करने का आग्रह किया। बिमान बनर्जी ने यह बात तब कही जब भाजपा के मुख्य सचेतक शंकर घोष ने इस मुद्दे को उठाते हुए कहा कि वे प्रश्न और उत्तर देखने में असमर्थ हैं तथा सदन की कार्यवाही पर भी नजर नहीं रख पा रहे हैं। उल्लेखनीय है कि विधानसभा अध्यक्ष ने दस्तावेज उपलब्ध नहीं कराने का निर्देश मंगलवार को तब दिया था जब भाजपा विधायकों ने राज्य के विभिन्न हिस्सों में मंदिरों पर कथित हमलों को लेकर सदन को स्थगित करने के उनके प्रस्ताव को बिमान बनर्जी द्वारा खारिज किए जाने के बाद विधानसभा में सरकारी दस्तावेज फाड़ दिए थे और सदन से बहिर्गमन किया था। बिमान बनर्जी ने विधानसभा सचिव को निर्देश दिया था कि सदन की कार्यवाही से संबंधित कोई भी दस्तावेज भाजपा विधायकों को उपलब्ध नहीं कराया जाए।

❑ **विधानसभा अध्यक्ष ने भाजपा विधायक को सदन में टिप्पणी करते समय सावधानी बरतने को कहा**

विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी ने गुरुवार को भाजपा विधायक हिरन चटर्जी को सदन में बयान देने के दौरान सावधानी बरतने को कहा। विधानसभा अध्यक्ष (स्पीकर) राज्य सरकार के विभागों द्वारा जीते गये पुरस्कारों पर हिरन चटर्जी की टिप्पणी का जिक्र कर रहे थे। बजट पर गत 19 फरवरी को चर्चा के दौरान हिरन चटर्जी की टिप्पणियों को लेकर मंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य द्वारा दिये गए विशेषाधिकार हनन नोटिस का निस्तारण करते हुए विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि वह सदन के पहली बार सदस्य बने हिरन चटर्जी के प्रति कड़ा रुख अपनाने से परहेज कर रहे हैं। विधानसभा अध्यक्ष ने हिरन चटर्जी को सदन में बयान देते समय सावधानी बरतने और अधिक सतर्क रहने को कहा। स्पीकर ने कहा कि हिरन चटर्जी ने जानबूझकर तथ्यों को तोड़-मरोड़ कर पेश किया और भाजपा विधायक द्वारा लगाए गए आरोप गलत हैं। बिमान बनर्जी ने कहा कि यह जरूरी है कि सदस्य स्वेच्छा से संयम बरतें और सदन में निराधार आरोप न लगाएं।

**OFFICE OF THE EXECUTIVE OFFICER KHEJURI-I PANCHAYAT SAMITY**

Kamarda Bazar:: Purba Medinipur

**NIT No- WB/EO/KH-I/36/2024-25**

**Tender ID: 2025_ZPHD_823500_1-11**

**Corrigendum Notice issued by the Executive Officer, Khejuri-I Panchayat Samity, of 11 nos Different Scheme etc.Details may be had in website - https://wbtenders.gov.in & https://purbamedinipur.gov.in**

**Sd/-**

**Executive Officer**

**Khejuri-I Panchayat Samity**

**मेट्रो रेलवे, कोलकाता**

प्रमुख मुख्य अभियंता, मेट्रो रेलवे द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैः **कार्य का नामः** 'कोलकाता मेट्रो रेलवे की ब्लू लाइन, पर्पल लाइन और ऑरेंज लाइन के दक्षिण और पूर्व खंडों के विभिन्न स्टेशनों के प्लेटफार्म पर स्टेनलेस स्टील के उत्तल दर्पण (आईना) की आपूर्ति, स्थापना और परीक्षण।' **कार्य की अनुमानित लागतः** ₹ 32,78,480.80। **बयाना राशिः** ₹ 65,600.00। **पूर्णता अवधिः** तीन (03) महीने। **निविदा बंद होने की तिथि और समयः** 08.04.2025 को 12:00 बजे। निविदा दस्तावेज और अन्य विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** से प्राप्त किए जा सकते हैं। **संशोधन/शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट पर ही अपलोड किए जाएंगे।**

**संक्षिप्त ई-निविदा सूचना संख्याः सिविल-2514-2025 (खुली)**

हमें अनुसरण करें: /metrorailwaykol /metorailkolkata

**पूर्व रेलवे**

**सं. : ईएलईजी/ओटी/ई-निविदा सूचना/438/2024-25;** निम्नलिखित कार्यों के लिए सीनियर डिवीजनल इलेक्ट्रिकल इंजीनियर / (जनरल), पूर्वी रेलवे, सियालदह, द्वितीय तल, रिमोट कंट्रोल बिल्डिंग, कोलकाता -700014 द्वारा निम्नलिखित ई-निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं: **निविदा संख्याः ईएलईजी-ओटी-1202-2024-25; कार्य का विवरणः** एनएसएस यार्ड, सियालदह में 6 केवी सीईएससी फीडिंग पॉइंट के साथ नए सबस्टेशन के चालू करने के लिए इलेक्ट्रिकल कार्य, साथ ही एलएचबी रेक रखरखाव सुविधा के लिए 02 कॉम्पैक्ट सब-स्टेशन; **निविदा दस्तावेज की लागतः** रु. 0.00; **निविदा मूल्यः** रु. 2,75,11,969.00; **बयाना राशिः** रु. 2,87,600.00; **समापन अवधिः** 12 महीने; **निविदा प्रकाशन तिथिः** 12.03.2025; **निविदा समापन तिथि एवं समयः** 02.04.2025, 14.00 बजे; **निविदा बोली खोलने की तिथिः** 02.04.2025, 14.00 बजे; **निविदा बोली प्रारंभ तिथिः** 19.03.2025. समय-समय पर जारी निविदा सूचना और शुद्धिपत्र का विवरण वेबसाइटः **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

(SDAH-380/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

**पूर्व रेलवे**

**ई-नीलामी सूचना**

**ई-नीलामी सूचना संख्याः कॉम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ईएमयू/2024 दिनांकः 12.03.2025** वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग संख्याः** पीयूबी- एचडब्ल्यूएच -25-12; **नीलामी शुरू होने की तिथि और समयः** 27.03.2025 को 12:00 बजे; **क्रम सं.;** एए/1; **लॉट संख्याः** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर2-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरणः** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.;** एए/2; **लॉट संख्याः** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर8-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरणः** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.;** एए/3; **लॉट संख्याः** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर43-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरणः** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना।

**(HWH-673/2024-25)**

निविदा सूचनाएं वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# टोटो पर लगाम लगाने के लिए नई नीति बना रही बंगाल सरकार : स्नेहाशीष चक्रवर्ती

❑ **विधानसभा में परिवहन मंत्री ने दी जानकारी**

❑ **राज्य के सभी टोटो का किया जाएगा रजिस्ट्रेशन, आगामी महीने से ही इस पर शुरू होगा कार्य**

**कोलकाता, समाज्ञा :** बैटरी चालित वाहन टोटो अर्थात ई-रिक्शा बहुत कम ही समय में ही लोगों के यातायात के लिए प्रमुख साधन हो गया, लेकिन यही टोटो अब लोगों के लिए सिर दर्द भी बन गया है। क्योंकि जिस प्रकार से बिना किसी नियंत्रण के टोटो की संख्या दिन व दिन बढ़ती जा रही है, इसकी वजह से पूरे राज्य भर के विभिन्न शहरों में ट्रैफिक व्यवस्था चरमरा रही है। इन सबके मद्देनजर राज्य के परिवहन मंत्री स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि टोटो को नियंत्रित करने व इसके परिचालन पर लगाम कसने के लिए राज्य सरकार द्वारा नई पालिसी (नीति) बनाई जा रही है। सदन में प्रश्नकाल के दौरान सिलीगुड़ी से भाजपा विधायक शंकर घोष के सवाल के जवाब में परिवहन मंत्री ने कहा कि इसके तहत राज्य के सभी टोटो का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा और आगामी महीने से ही इस पर कार्य शुरू होगा। भाजपा विधायक ने सवाल किया था कि टोटो को लेकर राज्य सरकार की क्या योजना है। मंत्री ने आगे कहा कि परिवहन विभाग की ओर से पंजीकृत टोटो पर क्यूआर कोड से लैस स्टीकर लगाया जाएगा, जिससे वैध व अवैध टोटो की आसानी से पहचान की जा सकेगी। उन्होंने कहा कि किस क्षेत्र में कितने टोटो रास्ते पर उतारे जा सकते हैं, इसके लिए गाइडलाइन तैयार की जाएगी। परिवहन विभाग के अधिकारी स्थानीय पुलिस, जन प्रतिनिधि व ट्रेड यूनियनों के साथ बैठक कर यह तय करेंगे।

❑ **टोटो का तय किया जाएगा रूट**

परिवहन मंत्री ने आगे कहा कि परिवहन विभाग की ओर से टोटो का रूट भी तय किया जाएगा। इसमें टोटो को कहां तक ले जाया जा सकता है, यह तय किया जाएगा। इसके साथ ही बड़े रास्तों पर टोटो चलाया जाएं या नहीं, इसकी समीक्षा की जाएगी। उन्होंने कहा कि परिवहन विभाग द्वारा एक समिति का गठन किया जाएगा, जो टोटो के संचालन को लेकर दिशानिर्देशों का निर्धारण करेगी। इस समिति में नगर पालिका, क्षेत्रीय परिवहन कार्यालय के अधिकारी, पुलिस और यूनियनों के प्रतिनिधि शामिल रहेंगे।

❑ **टोटो से ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो रही**

परिवहन मंत्री ने विधानसभा में स्वीकार किया कि टोटो से ट्रैफिक जाम की समस्या पैदा हो रही है। हालांकि उन्होंने साथ ही स्पष्ट किया कि राज्य सरकार इसे रास्ते से हटाना नहीं चाहती, क्योंकि इससे हजारों परिवारों की आजीविका जुड़ी हुई है। राज्य सरकार सिर्फ इसे नियंत्रित करने के लिए नई पालिसी व समिति का गठन करने जा रही है। वहीं, बसों की संख्या में कमी के बारे में एक अन्य सवाल के जवाब में मंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद कई रूटों पर निजी बस मालिकों ने सेवाएं बंद कर दी है। उन्होंने स्थानीय विधायकों से इस बारे में जानकारी मांगी है और आश्वासन दिया कि राज्य सरकार उन रूटों पर बस सेवाएं शुरू कराने पर विचार करेगी। परिवहन मंत्री ने यह भी कहा कि बस बिना यात्रियों के नहीं चल सकती, हमें इसका भी ख्याल रखना होगा।

# बंगाल में स्वास्थ्य साथी योजना के 8.72 करोड़ से अधिक लाभार्थी : चंद्रिमा भट्टाचार्य

❑ **स्वास्थ्य राज्यमंत्री ने विधानसभा में किया दावा**

❑ **कहा... 2023-24 में स्वास्थ्य साथी के लाभार्थियों पर 2,694 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए**

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य की स्वास्थ्य राज्यमंत्री चंद्रिमा भट्टाचार्य ने गुरुवार को विधानसभा में कहा कि ममता बनर्जी सरकार की महत्वाकांक्षी स्वास्थ्य साथी योजना के तहत फरवरी 2025 तक 8.72 करोड़ से अधिक लाभार्थी हैं। विधानसभा में प्रश्नकाल के दौरान सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के एक विधायक के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि राज्य प्रायोजित स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत 2.44 करोड़ से अधिक परिवार पंजीकृत हैं। उन्होंने सदन को बताया कि राज्य सरकार की स्वास्थ्य साथी योजना के तहत लाभार्थियों के लिए वित्तीय वर्ष 2021-22 में 2,263 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए गए। वित्तीय वर्ष 2022-23 में इसपर 2,630 करोड़ रुपये खर्च किए गए। मंत्री ने दावा किया कि राज्य सरकार ने वित्तीय वर्ष 2023-24 में स्वास्थ्य साथी योजना के लाभार्थियों के लिए 2,694 करोड़ रुपये से अधिक खर्च किए हैं। उन्होंने कहा कि राज्य के नागरिकों के लिए राज्य प्रायोजित इस स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत 2023-24 में 21.28 लाख से अधिक लोगों को लाभ मिला।

**पश्चिम मध्य रेल**

**संकेत एवं दूरसंचार विभाग– खुली निविदा**

मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) पश्चिम मध्य रेलवे, जबलपुर भारत संघ के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्न लिखित कार्यों हेतु निर्धारित ई निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा सूचना क्रमांक–** जबल–एन–सिग.–टेण्डर–2025–9, **कार्य का नाम लोकेशन सहित–** पश्चिम मध्य रेलवे पर जबलपुर मंडल की पूरी लंबाई की ट्रेन को समायोजित करने के लिए एआरएमवी साइडिंग, एआरटी साइडिंग और स्टेबलिंग लाइन नंबर 3 के विस्तार द्वारा जबलपुर यार्ड रीमॉडलिंग के संबंध में एसएंडटी कार्य (सिग्लिंग कार्य)।, **निविदा का अनुमानित मूल्य (रू. में)–** रू. 10467529.39, **निविदा फार्म की कीमत (रूपये)–** रू. 00/–, **कार्यालय का पता–** मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एंव दूरसंचार) कार्यालय, प्रथम तल, मंडल रेल प्रबंधक, कार्यालय, जबलपुर, **बयाना राशि रूपये–** रू. 202300/–, **समापन अवधि (माह)–** 11 माह, **निविदा बंद होने एवं खुलने की अंतिम तिथि एवं समय–** दिनांक 07.04.2025 को 15:00 बजे तक बंद होगी एवं 15:00 बजे के बाद खोली जाएगी। निविदा सूचना की पूर्ण जानकारी रेलवे वेबसाईट https://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) कार्यालय पश्चिम मध्य रेल जबलपुर के नोटिस बोर्ड पर भी उपलब्ध है। उक्त निविदा उक्त वेबसाईट से ऑनलाईन आवेदन की जा सकती है।

**मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार)**

**पश्चिम मध्य रेल, जबलपुर**

स्वच्छ भारत अभियान एक कदम स्वच्छता की ओर

**आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली**

**ई–एडवर्टाइज्ड टेंडर नोटिस सं. 87/ईटी/2024–25 दिनांकः 11.03.2025**

| क्र.सं. | निविदा सं. | माल का विवरण | मात्रा | नियत तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 12251021 | सेट ऑफ असेम्बली कम्पोनेन्ट फॉर फाईनल असेम्बली ऑफ फीऐट बोगी | 3140 सेट | 25.04.2025 |
| 02 | 11241445 | इंड वाल कन्सट्रक्सन असेम्बली कम्पलीट | 2699 नग | 11.04.2025 |
| 03 | 12241503 | फिक्सेसन बॉल ज्वाइन्ट | 69142 नग | 22.04.2025 |

**शुद्धि पत्र**

| | | | |
|---|---|---|---|
| 01 | 78/ईटी/2024–25 दिनांकः 04.02.2025 | टेंडर न. 11251021 | निविदा खुलने की तिथि 11.03.2025 स्थान पर तिथि 18.03.2025 पढ़ें |
| 02 | 85/ईटी/2024–25 दिनांकः 07.03.2025 | टेंडर न. 03242182 | निविदा खुलने की तिथि 17.03.2025 स्थान पर तिथि 25.03.2025 पढ़ें |

**(Website Address: www.ireps.gov.in & www.mcf.indianrailways.gov.in)**

उप. मुख्य सामग्री प्रबंधक/आईसी

**ई–निविदा सूचना**

**ई–निविदा सूचना सं:– इलेक्ट–पीएस–20566–आरटी–3 दिनांक 11.03.2025**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियंता/पीएस/एमसीएफ/आरबीएल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु वांछित प्रोफार्मा पर योग्य निविदाकारो से एकल पैकेट प्रणाली आधारित खुली ई–निविदा भारतीय रेल के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं। **विवरणः– 1. कार्य का नामः–** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली में सोहावल गेट पर 2X110 किलोवाट कंप्रेसर के प्रावधान के लिए विद्युत आपूर्ति व्यवस्था।, **2. कार्य स्थलः–** आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना लालगंज रायबरेली।, **3. अनुमानित लागतः–** रु 13,20,590.11 (रू० तेरह लाख बीस हजार पांच सौ नब्बे रूपये और ग्यारह पैसे मात्र।), **4. अग्रिम राशिः–** रु 26,400.00 (रू० छब्बीस हजार चार सौ मात्र।), **5. कार्य समाप्ति की अवधिः–** 04 (चार माह।), **6 निविदा बंद होने की तिथि एवं समयः–** 01.04.2025 at 15.00 बजे।, **7. अन्य शर्तेः–** अन्य विवरण एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है।

उप. मुख्य विद्युत अभियंता/पावर सप्लाई

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य यांत्रिक इंजीनियर/एसएमएस & हाउसकीपिंग, आधुनिक रेल डिब्बा कारखाना, रायबरेली द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिये दो पैकेट प्रणाली आधारित खुली निविदा सूचना सं. एमसीएफ/आरबीएल /निविदा/ कटिंग एंड बेन्डिंग ऑफ कंपोनेंट्स/ 2024–25/ सी649 बी दिनांक 11.03.2025 आईआरईपीएस के पोर्टल **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित की जाती है– **कार्य का नामः–** कार्य के दायरे के अनुसार बाहरी एजेंसी से एलडब्ल्यूएसडीडी और एलडब्ल्यूएससीएन कोचों की रूफ, अंडर–फ्रेम और साइडवॉल के लिए अलग–अलग मोटाई की शीटों से कंपोनेंट्स को काटना और मोड़ना और उसका परिवहन, **कार्य की अनुमानित लागत (₹):–** ₹ 3,96,48,000.00, **निविदा प्रपत्र का मूल्य ₹:–** शून्य, **अमानत राशिः–** ₹ 3,48,200.00, **कार्य की मात्रा–** जैसा कि मात्रा के बिल में सूचीबद्ध है।, **कार्य समापन की अवधि**–12 माह।, • **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय–** दिनांक 07.04.2025 को 15.00 बजे।, • निविदा सूचना, एलीजीबिलिटी क्राइटेरिया, टर्म्स एवं कंडीशन IREPS वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है।

उप. मुख्य यांत्रिक अभियंता/एसएमएस & हाउसकीपिंग

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

**वॉक–इन इंटरव्यू**

**बी.आर.सिंह अस्पताल, सियालदह में कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर की नियुक्ति**

चिकित्सा निदेशक, बी.आर.सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह आईआरएचएस चिकित्सक के मौजूदा रिक्त स्थानों के तहत 03 **कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर (स्पेशलिस्ट)** को पूर्णकालिक अनुबंध के आधार पर **सेवा से जुड़ने की तिथि से एक वर्ष के लिए** निम्नलिखित नियमों और शर्तों के अधीन नियुक्त करना चाहता है:- **[समुदाय विभाजन–कुल पदः 03 (अनारक्षित–01, अनुसूचित जाति–01, अन्य पिछड़ा वर्ग–01)]।** उपर्युक्त नियुक्ति के लिए अपेक्षित योग्यता और उम्र की आवश्यकता को पूरा करने वाले इच्छुक चिकित्सकों से **दिनांक 26.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दोपहर 12 बजे चिकित्सा निदेशक, बी.आर. सिंह अस्पताल, पूर्व रेलवे, सियालदह, कोलकाता 700014 के कार्यालय में "वॉक–इन–इंटरव्यू"** के लिए सभी प्रमाणपत्रों के साथ रिपोर्ट करने का अनुरोध किया जाता है। साक्षात्कार में उपस्थित होने के दौरान, आवेदकों से उम्र, योग्यता, चिकित्सा पंजीकरण, जाति, पूर्ववृत्त के साथ चरित्र प्रमाण पत्र (केन्द्र/राज्य सरकार के राजपत्रित अधिकारी या मेडिकल कॉलेज/संस्थान के फैकल्टी द्वारा प्रमाणित, जहां आवेदक ने अध्ययन किया है) और अनुभव आदि के समर्थन में सत्यापित प्रतियों के साथ मूल संबंधित प्रमाण पत्र/कागजात और दो पासपोर्ट आकार के फोटो साथ लाने का अनुरोध किया जाता है। आवेदक, जरूरत पड़ने पर एक दिन के लिए अपने खर्च पर रुकने के लिए तैयार रहें। आवेदन का प्रारूप इस कार्यालय द्वारा साक्षात्कार की तिथि को प्रदान किया जाएगा।

**नियम और शर्तेंः 1. पद का नामः** पूर्णकालिक नियुक्ति पर कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर (सीएमपी) । **2. नियुक्ति की प्रकृतिः** यह नियुक्ति सेवा से जुड़ने की तिथि से एक वर्ष के लिए पूर्णतया अनुबंध के आधार पर है। इसके अलावा इन चिकित्सकों की सेवाएँ दोनों पक्ष से 15 दिनों की सूचना के साथ समाप्त की जा सकती हैं। **3. रिक्त स्थान (विभाग अनुसार), योग्यता, पारिश्रमिक**

| क्रम सं. | विभाग | योग्यता | मासिक पारिश्रमिक |
|---|---|---|---|
| 1. | कार्डियोलॉजी | इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी में न्यूनतम 10 वर्षों के अनुभव सह सरकारी/कॉर्पोरेट अस्पताल में पूर्णकालिक कार्डियोलॉजिस्ट के रूप में न्यूनतम 20 वर्षों के अनुभव के साथ एमडी/डीएनबी (मेडिसिन) | ₹1,23,500/- |
| 2. | मेडिसिन | एमडी/डीएनबी (मेडिसिन) | ₹1,23,500/- |
| 3. | गाइनी एण्ड ऑब्सटेट्रिक्स | एमडी/एमएस/डीएनबी (जी एंड ओ) | ₹1,23,500/- |

● **स्पेशलिस्ट/सुपर स्पेशलिस्टः** सभी विभागों के लिए स्पेशलिस्ट ● **आवश्यक सीएमपी की सं.:** प्रत्येक विभाग के लिए 01 ● क्रम सं. 2 और 3 के लिए: अपेक्षित क्षेत्र में 03 वर्ष के कार्य अनुभव को प्राथमिकता दी जाएगी। **4. सुविधाएँः** प्रत्येक अनुबंध वर्ष के दौरान स्वयं और परिवार के लिए प्रथम श्रेणी के कॉम्प्लीमेंटरी पास का एक सेट जो तीन महीने की नियमित अनुबंध सेवा के पश्चात जारी किया जाएगा (सेवानिवृत्त रेलवे चिकित्सकों को छोड़कर)। कॉन्ट्रैक्ट मेडिकल प्रैक्टिशनर केवल स्वयं के लिए रेलवे अस्पताल में निःशुल्क चिकित्सा उपचार की सुविधा प्राप्त कर सकते हैं। **5. उम्रः** (क) दिनांक **26.03.2025** को 53 वर्ष से अधिक नहीं। (निर्दिष्ट नियमों के अनुसार आरक्षित आवेदकों के लिए आयु में छूट)। (ख) सेवानिवृत्त आईआरएचएस चिकित्सक/केंद्र/राज्य सरकार के सेवानिवृत्त सरकारी चिकित्सक को प्रत्येक एक वर्ष की अधिकतम सात अवधियों के लिए या 67 वर्ष की आयु होने तक, जो भी पहले हो, नियुक्त किया जा सकता है। सेवानिवृत्त केंद्र/राज्य सरकार के चिकित्सक समान राशि के पारिश्रमिक पाने के अधिकारी होंगे बशर्ते कि पारिश्रमिक के साथ उनका पेंशन अंतिम आहरित वेतन से अधिक न हो। **6. वॉक–इन–इंटरव्यू की तिथि और समयः दिनांक 26.03.2025 (बृहस्पतिवार) को दोपहर 12 बजे से।**

**चिकित्सा निदेशक/बी.आर.सिंह अस्पताल**

पूर्व रेलवे

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

# उच्च माध्यमिक परीक्षा में अब तक 6 छात्रों का परीक्षाफल रद्द, शिक्षा परिषद के अध्यक्ष ने दी जानकारी

**हुगली :** अब तक कुल छह छात्रों की उच्च माध्यमिक परीक्षा रद्द कर दी गई है। परीक्षा हॉल में मोबाइल या अन्य इलेक्ट्रॉनिक गैजेट्स लेकर प्रवेश को रोकने के लिए इस वर्ष पहली बार केंद्रों में मेटल डिटेक्टर का उपयोग किया गया। उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष चिरंजीब भट्टाचार्य ने यह जानकारी दी और बताया कि परीक्षा का परिणाम मई महीने में घोषित किया जाएगा।

गुरुवार को उच्च माध्यमिक की गणित परीक्षा थी। इस दौरान उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद के अध्यक्ष



उत्तरपाड़ा से चंदननगर तक विभिन्न परीक्षा केंद्रों का दौरा करने पहुंचे। उनके साथ परिषद की सचिव प्रियदर्शिनी मल्लिक और जिला उच्च माध्यमिक परीक्षा समिति के संयुक्त संयोजक शुभेंदु गराई भी मौजूद थे।

उन्होंने उत्तरपाड़ा गवर्नमेंट हाई स्कूल, कोन्नगर हाई स्कूल, श्रीरामपुर आखना गर्ल्स हाई स्कूल, भद्रेश्वर धर्मतला गर्ल्स हाई स्कूल सहित कई केंद्रों का निरीक्षण किया। अंत में, चंदननगर के कृष्ण भाविनी नारी शिक्षा मंदिर में जाकर उन्होंने परीक्षा की स्थिति का जायजा लिया।

परिषद अध्यक्ष ने बताया कि राज्यभर में उन्होंने कई परीक्षा केंद्रों का दौरा किया है और सभी जगह परीक्षा सुचारु रूप से संपन्न हो रही है। परीक्षा के नौवें दिन वे हुगली पहुंचे, जहां उन्होंने पांच परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया। उन्होंने यह भी कहा कि हुगली में परीक्षा आयोजकों और टीम ने बेहतरीन कार्य किया है। हर जगह परीक्षा शांतिपूर्ण और व्यवस्थित तरीके से हो रही है। उन्होंने कक्षाओं में जाकर परीक्षार्थियों से भी बातचीत की और उनकी तैयारियों की जानकारी ली।

# जादवपुर विश्वविद्यालय हिंसा मामले में एक और छात्र गिरफ्तार

**कोलकाता, समाज्ञा**

जादवपुर विश्वविद्यालय में हाल ही में हुई हिंसा के मामले में पुलिस ने एक और छात्र को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि इस छात्र ने विश्वविद्यालय के शिक्षाबंधु कार्यालय में तोड़फोड़ की और आग लगा दी। गिरफ्तार छात्र की पहचान सौम्यदीप महतो उर्फ उजान के रूप में हुई है। पुलिस ने उसे बुधवार की रात गिरफ्तार किया। बताया जा रहा है कि वह जादवपुर विश्वविद्यालय का ही छात्र है। यह मामला एक मार्च का है, जब विश्वविद्यालय में वेबकूपा की वार्षिक आम बैठक चल रही थी। आरोप है कि वामपंथी छात्र संगठन के सदस्यों ने सुबह से ही हंगामा शुरू कर दिया और छात्र संघ चुनाव समेत विभिन्न मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शन तेज कर दिया। इसी दौरान जब शिक्षा मंत्री ब्रात्य बसु विश्वविद्यालय पहुंचे, तो प्रदर्शनकारियों ने बैनर और पोस्टर के साथ नारेबाजी शुरू कर दी। इसके जवाब में तृणमूल कांग्रेस छात्र परिषद (टीएमसीपी) के सदस्यों ने विरोध किया, जिससे दोनों पक्षों के बीच झड़प हो गई। इस बीच, प्रदर्शनकारी जबरन सभा स्थल में घुस गए और स्थिति बेकाबू हो गई। इसी दौरान, विश्वविद्यालय परिसर में स्थित शिक्षाबंधु कार्यालय में तोड़फोड़ की गई और वहां आग लगा दी गई। हिंसा के दौरान मंत्री ब्रात्य बसु की कार के टायर की हवा निकाल दी गई। इस धक्का-मुक्की में खुद मंत्री भी चोटिल हो गए, जिन्हें एसएसकेएम अस्पताल में प्राथमिक उपचार दिया गया। इस मामले में पुलिस पहले ही पूर्व छात्र साहिल को गिरफ्तार कर चुकी थी, जिसे बुधवार को जमानत मिल गई। पुलिस जांच के दौरान और नाम सामने आए, जिनमें से एक सौम्यदीप महतो था। उसे पूछताछ के लिए जादवपुर थाने बुलाया गया और कई घंटों की पूछताछ के बाद बुधवार की रात गिरफ्तार कर लिया गया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार छात्र जादवपुर के एक छात्र संगठन से जुड़ा हुआ है। फिलहाल, अन्य आरोपितों की तलाश जारी है और पुलिस मामले की जांच को आगे बढ़ा रही है।

## इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025 में सात क्रांतिकारी इनोवेटर्स को किया सम्मानित

**कोलकाता, समाज्ञा :** मैरिको इनोवेशन फाउंडेशन (एमआईएफ) ने जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स 2025 के 10वें संस्करण का आयोजन किया। इस कार्यक्रम में भारत के सात नवप्रवर्तकों को सम्मानित किया गया, जिनकी खोजों और तकनीकी समाधानों से उद्योगों और समाज में बड़ा बदलाव आ सकता है। चयन प्रक्रिया के तहत 1,000 से अधिक आवेदनों में से इन विजेताओं को चुना गया। बिजनेस श्रेणी में एस्ट्रोम टेक्नोलॉजीस, चारा टेक्नोलॉजीस, इंद्रा वाटर और स्कायरूट एयरोस्पेस जैसे नवप्रवर्तक शामिल हैं। वहीं, सोशल कैटेगरी में असिस्टेक फाउंडेशन, रॉकेट लर्निंग और पीपुल्स आर्काइव ऑफ रुरल इंडिया को सम्मानित किया गया। मैरिको लिमिटेड के चेयरमैन और एमआईएफ के संस्थापक हर्ष मैरिवाला ने कहा, इंडियन इनोवेशन आइकॉन्स नवप्रवर्तकों को उनके शुरुआती दौर में पहचानता है और उन्हें समाज में महत्वपूर्ण बदलाव लाने के लिए प्रेरित करता है। एमआईएफ की प्रमुख सुरंजना घोष ने कहा, यह प्लेटफॉर्म नवप्रवर्तकों को पहचानने और उन्हें आगे बढ़ाने का एक आंदोलन है, जो भारत के भविष्य को सशक्त बनाएगा।

## बंडेल-कटवा लोकल ट्रेन की एक जोड़ी 16 मार्च को रद्द

**कोलकाता, समाज्ञा :** होली के कारण बंडेल-कटवा सेक्शन में पाटुली और दैनहाट स्टेशनों के बीच 14 मार्च को निर्धारित ट्रैक रखरखाव कार्य के कारण पहले तय किया गया ट्रैफिक ब्लॉक अब रद्द कर दिया गया है। इसकी जगह पर यह ट्रैफिक ब्लॉक 16 मार्च को 210 मिनट के लिए आयोजित किया जाएगा। इस बदलाव के कारण, जिन ट्रेनों को पहले इस कार्य के लिए रद्द किया गया था, उन्हें 14 मार्च 2025 को बहाल कर दिया गया है। इसके साथ ही, 16 मार्च को कुछ ट्रेनों को रद्द किया गया है। 14 मार्च को ट्रेनों की बहाली में बंडेल से 37741 और कटवा से 37742 शामिल है। 16 मार्च को रद्द हुई ट्रेनों में बंडेल से 37741 और कटवा से 37742 शामिल है। यह उल्लेखनीय है कि, ट्रैक ब्लॉक के बाद 13033 अप ट्रेन के गुजरने के बाद 37743 अप ट्रेन ब्लॉक के बाद की पहली ट्रेन होगी।

## सीडा ने बहुरंगी होली मिलन समारोह का किया आयोजन, ठंडाई, संगीत और नृत्य से रंगीला उत्सव

**कोलकाता, समाज्ञा :** भारतवर्ष की वृहदतम संस्था, कलकत्ता इलेक्ट्रिक डीलर्स एसोसिएशन (सीडा) ने अपनी ओर से बहुरंगी होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस आयोजन में हुड़दंग और रंगों के बीच केसरिया ठंडाई, अल्पाहार एवं रात्रि भोज का आनंद लिया गया। वहीं लोकगायिका प्रतिभा सिंह ने अपनी कोकिल कंठों से सभी को मंत्रमुग्ध किया। कार्यक्रम में राजस्थान के पारंपरिक नृत्य और ढप पर शानदार प्रस्तुति ने माहौल को और भी रंगीन बना दिया। इस समारोह में लगभग 700 सदस्य उपस्थित थे, और कार्यक्रम के सफल आयोजन ने इसे एक ज्वलंत उदाहरण के रूप में प्रस्तुत किया। कार्यक्रम की शुरुआत अध्यक्ष आलोक सिंह के स्वागत संबोधन से हुई, जिसमें उन्होंने अतिथियों का अंगवस्त्र और पगड़ी पहनाकर अभिनंदन किया।



कार्यक्रम में मुख्य रूप से समाजसेवी मिथिलेश सिंह, मनोज सिंह, ओम प्रकाश झाझरीया, धर्मेंद्र डागा और लोकप्रिय पार्षद संतोष पाठक ने उपस्थित होकर कार्यक्रम की सराहना की। यह कार्यक्रम बिजली बाजार के हृदय स्थल, श्री कच्छी जैन भवन में आयोजित हुआ, जहां ठंडाई, अल्पाहार और रात्रि भोज का आयोजन किया गया था।

लोकगायिका प्रतिभा सिंह द्वारा प्रस्तुत सभी गीतों ने उपस्थित सदस्यों का मन मोह लिया और सभी को थिरकने पर मजबूर कर दिया। राजस्थानी परिवेश, परिधान, गायन और संगीत के साथ परवाना समूह के कार्यक्रम ने सभी को बिहार, राजस्थान और उत्तर प्रदेश का अनुभव दिलाया। कार्यक्रम में सीडा की बहुमुखी कार्यसमिति के सदस्य, जैसे कि हरेंद्र कुमार मिश्रा, दीप्ति मोदी, अरविंद तिवारी बाबा, सत्य प्रकाश साव, अविनाश वर्मा, अशोक बंका, जे एन चटर्जी, अरुण कोठारी, बृजेश लड्ढा, आनंद चांदगोठीया, प्रमोद तोदी, राज किशोर यादव, महेश दत्तानी, नवल किशोर सिंह, चंद्रेश मेघाणी, संजय सिंघी, नारायण पाणिग्रही, शशांक पाल, दिलीप मारोडीया, जिनेश रामपुरीया, संदीप राठी, जय सिंह बैद और बिजली बाजार के स्तंभ डॉ. बी एन सिन्हा, सूरज प्रकाश गुप्ता, बीपी चतुर्वेदी और राजेश बिनायकिया ने भी उपस्थित होकर होली का आनंद लिया।

सांस्कृतिक उप समिति के संयोजक सुनील सिंघी और उनके उप समिति के सदस्यों और साथ ही मंच संचालक मनीष चतुर्वेदी के प्रयासों की सराहना की गई। उपरोक्त जानकारी चेयरमैन मीडिया और भूतपूर्व अध्यक्ष अरविंद तिवारी बाबा ने प्रेषित की।

## न्यू टाउन में बेंचवर्क्स का नया कार्यस्थल, नवाचार और सहयोग को बढ़ावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता के समृद्ध नियोजित सैटेलाइट शहर, न्यू टाउन, चिनार पार्क में बेंचवर्क्स का नया स्थान शुरू हो गया है। कार्यस्थलों में समग्र परिवर्तन की आवश्यकता अब हर पल बढ़ रही है, और बाजार अब कार्यस्थल से कुछ और मांग करता है - अधिक सहयोगी, अभिनव, सौंदर्यपूर्ण रूप से मनभावन और तकनीकी रूप से एकीकृत। इस बढ़ती आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए, पुलकित बैद ने 'बेंचवर्क्स' की एक नई शाखा की शुरुआत की है। यहां का मुख्य उद्देश्य एक ऐसा कार्यक्षेत्र बनाना है, जिसमें कर्मचारियों को साझा स्थानों के साथ-साथ निजी संलग्न कार्यालयों का लाभ भी मिले। न्यू टाउन में बेंचवर्क्स का यह नया स्थान समृद्ध कार्य वातावरण प्रदान करने के लिए सोच-समझकर डिजाइन किया गया है। समकालीन अंदरूनी डिजाइन, एर्गोनोमिक सीटिंग और निर्बाध वाई-फाई के साथ, यह कार्यस्थल रचनात्मक सोच और नवाचार को बढ़ावा देता है। बेंचवर्क्स विभिन्न प्रकार की सुविधाएं प्रदान करता है, जिसमें केंद्रित कार्य सत्रों के लिए निजी केबिन, प्रभावशाली प्रस्तुतियों के लिए प्रोजेक्टर से सुसज्जित विशाल बैठक कक्ष, उत्पादकता बढ़ाने वाले आधुनिक फर्नीचर और जीवंत इंटीरियर्स, बिना किसी दीर्घकालिक प्रतिबद्धता के लचीले भुगतान विकल्प और विभिन्न आवश्यकताओं के अनुरूप डेस्क से लेकर कस्टम-निर्मित कार्यालयों तक के समाधान शामिल हैं। बेंचवर्क्स के मालिक पुलकित बैद ने कहा, कोलकाता के आईटी केंद्र के रूप में न्यू टाउन की भूमिका के साथ पूरी तरह से मेल खाते हुए, यह स्थान उन व्यक्तियों, टीमों और स्टार्टअप्स के लिए एक प्रमुख स्थल है जो गतिशील कार्यस्थल में सफलता प्राप्त करना चाहते हैं।

## पूर्व रेलवे ने होली के दौरान यात्रियों की सुगम यात्रा के लिए की विशेष व्यवस्था

❑ **88,632 बर्थ और 1297 सीटें हुई उपलब्ध**

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने होली के त्योहार के महत्व को समझते हुए विशेष व्यवस्थाएं की हैं ताकि यात्री बिना किसी रुकावट के होली का पर्व मना सकें। नियमित सेवाओं के अतिरिक्त, पूर्व रेलवे ने विभिन्न प्रमुख स्थलों के लिए होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरू किया है। इन विशेष ट्रेनों का संचालन यात्रियों के लिए कन्फर्म टिकट न मिल पाने की समस्या का समाधान करेगा और यात्रियों को सहज यात्रा का अनुभव प्रदान करेगा।

पूर्व रेलवे ने कुल 18 होली स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया है, जो 86 ट्रिप्स का संचालन करेंगी। इन ट्रेनों के मार्गों में सियालदह और न्यू जलपाईगुड़ी, हावड़ा और आनंद विहार टर्मिनल, कोलकाता और पुरी, मालदह टाउन और पुणे,



हावड़ा और रक्सौल जैसे प्रमुख मार्ग शामिल हैं। इसके अलावा, 2 अनरिजर्व्ड होली स्पेशल ट्रेनें भी चलाई जा रही हैं, जिनमें आसनसोल-पटना और आसनसोल-गोरखपुर के बीच कुल 4 ट्रिप्स संचालित हो रही हैं। इन विशेष ट्रेनों की सेवाएं 6 मार्च 2025 से शुरू हो चुकी हैं और मार्च 2025 के अंत तक जारी रहेंगी। इन विशेष ट्रेनों से 88,632 बर्थ और 1297 सीटें उपलब्ध कराई गईं है। इसके अलावा, पूर्व रेलवे ने कर्मचारियों की बड़ी संख्या को तैनात किया है, और आरपीएफ ने प्रमुख स्टेशनों पर यात्री प्रवाह की निगरानी के लिए व्यवस्था की है। इसके अलावा, विशेष वार रूम्स तैयार किए गए हैं, जो 247 स्थिति की निगरानी कर रहें हैं। इसके साथ ही यात्रियों से स्वच्छता बनाए रखने की अपील की गई है।

# कोट्टी के कवि सम्मेलन में हंसी के ठहाको से गूंजा कला मंदिर सभागार

**कोलकाता, समाज्ञा :** चेंबर ऑफ टेक्सटाइल ट्रेड एंड इंडस्ट्री (कोट्टी) द्वारा होली मिलन का कार्यक्रम कला मंदिर सभागार में हुआ। इस अवसर पर हास्य कवि सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत में कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन ने सभी अतिथियों का स्वागत करते हुए कहा कि कविता केवल शब्दों का संकलन नहीं, बल्कि हमारी भावनाओं की अभिव्यक्ति, समाज का दर्पण और हमारी संस्कृति की झलक है, हमारी संस्कृति की आत्मा है। यह मंच उन शिल्पियों का सम्मान करता है जो अपने विचारों और भावनाओं से हमें प्रेरित करते हैं, गुदगुदाते हैं और कभी-कभी हमें सोचने पर मजबूर कर देते हैं। होली केवल रंगों का ही नहीं भावनाओं का भी त्यौहार है और जब




कवि बोलते हैं तो हर शब्द गुलाल बन जाता है।

महेंद्र जैन ने कहा कि जब भी व्यापारी हित की बात होती है, चेंबर हमेशा अपने सदस्यों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर खड़ा रहता है। फिर बात चाहे टैक्सेशन की हो, पेमेंट संबंधी हो, लेबर संबंधी हो या और अन्य किसी भी तरह की व्यापारिक समस्या हो, चैंबर ने हमेशा अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए काम किया है और आगे भी करता रहेगा। यह मैं आप लोगों को विश्वास दिलाता हूं। इसके साथ ही हमे युवा पीढ़ी को चैंबर से जुड़ने के लिए प्रोतसाहित करना चाहिए।

इसके बाद, कोट्टी के मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने सभी कवियों का परिचय अपने हास्यमय अंदाज में करवाया। उन्होंने कहा कि देश के चुने हुए कवि आज यहां पर कवि सम्मेलन हेतु हमारे आमंत्रण पर विशेष रूप से पधारे हैं। पी आर कमेटी के सदस्यों द्वारा आमंत्रित कवियों का स्वागत सम्मान किया गया। इसके पश्चात आमंत्रित कवियों सुरेंद्र यादवेंद्र, अजातशत्रु, चिराग जैन, अशोक चारण एवं मनीष शुक्ला ने अपनी हास्य व्यंग्य की कविताओं से श्रोताओं को आनंदित कर दिया। कार्यक्रम में कोट्टी के अध्यक्ष महेंद्र जैन, पूर्व अध्यक्ष मुरारी लाल खेतान, विजय कुमार विनायकिया, अरुण भुवालका, वरिष्ठ उपाध्यक्ष बिरम प्रकाश सुल्तानिया, उपाध्यक्ष संजय तोदी, मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा सह मंत्री द्वय विजय सिंह जैन बावलिया, एवं आयुष पोद्दार व अन्य वरिष्ठ सदस्य उपस्थित रहे।

पीआर कमेटी के चेयरमैन देवकीनंदन तोदी ने धन्यवाद ज्ञापन किया। चेयरमैन विनोद केड़िया एवं सदस्य आशीष झुनझुनवाला, राधे बुधिया, प्रभु लोहिया, विकास लखोटिया,अजय सिंघी, धर्मेंद्र सेठ, घनश्याम दास बंग, सरोज सिंघल ने कार्यक्रम के सफल आयोजन में अपनी सक्रिय भागीदारी दी। इस अवसर पर लकी ड्रा के माध्यम से सदस्यों को उपहार भी वितरित किए गए। इस मौके पर लगभग 1 हजार सदस्यों व उनके परिजनों ने कार्यक्रम में अल्पाहार एवं शानदार कवि सम्मेलन का आनंद लिया। इस कार्यक्रम का सफल संचालन मंत्री देवेंद्र कुमार बोथरा ने किया।

## मित्र परिषद का पारम्परिक होली मिलन सम्पन्न



**कोलकाता :** प्रतिष्ठित संस्था मित्र परिषद का पारम्परिक होली स्नेह मिलन समारोह सम्पन्न हुआ। उद्योगपति व समाजसेवी भीखमचन्द पुगलिया समारोह अध्यक्ष थे, जबकि मनोज चौधरी व सुरेन्द्र कुमार चोरड़िया प्रधान अतिथि बतौर उपस्थित थे। वक्ताओं ने कहा कि वक्त के साथ मित्र परिषद करवट बदल रहा है। युगीन आवश्यकताओं के अनुरूप संस्था के बहुमंजिले नूतन भवन का निर्माण भी गतिशील है। सुमधुर गायक कुलदीप ओझा ने अपनी गायकी से श्रोताओं का मन मोह लिया। परिषद के उपाध्यक्षद्वय जतन पारख, अशोक बैंगानी तथा निवर्तमान अध्यक्ष मूलचन्द डागा ने अतिथियों का स्वागत किया। परिषद के मंत्री भूपेंद्र शामसुखा ने संस्था की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए भावी योजनाओं का वर्णन किया। बाबूलाल बोथरा, डा. बाबूलाल विनायकिया, विजय सिंह विनायकिया, भंवरलाल बैद, भंवरलाल सिंघी, धर्मेंद्र चोरड़िया, धर्मेंद्र डागा, तारादेवी सुराणा सहित समाज के अनेकानेक विशिष्टजन उपस्थित थे। आयोजन की सफलता में छत्तर कोठारी, विजय बावलिया, विवेक सुराणा, रवि कोचर, यशवर्धन शामसुखा सहित सभी पदाधिकारी व कार्यकर्ता सक्रिय थे। मंच का संचालन प्रकाश चण्डालिया ने किया।

## सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन का होली प्रीति सम्मेलन समारोह आयोजित



**कोलकाता, समाज्ञा :** होली की पूर्व संध्या सदासुख कटरा ट्रेडर्स एसोसिएशन में होली प्रीति सम्मेलन समारोह धूमधाम से आयेजित किया गया। संस्था ने अपने कार्यालय में समारोह का आयोजन किया। कार्यक्रम में रंगों के त्योहार का जश्न उल्लासपूर्वक मनाया गया। इस कार्यक्रम में लोकप्रिय राजस्थानी गीत, ठंडाई एवं अल्पाहार का भी आयोजन किया गया। इस दौरान, अध्यक्ष संतोष कुमार अग्रवाल ने कहा कि होली रंगों का, मेलजोल का त्यौहार है। इस कार्यक्रम में करीब 400 दुकानदार भाइयों के आने से कार्यक्रम में चार चांद लग गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में सचिव राजेश केडिया, कोषाध्यक्ष बृजमोहन डीडवानिया, राजेंद्र सराफ, प्रेम टिबरेवाल, गौतम खैतान, बृजमोहन गोयनका, देवकी नंदन तोडी, सुशील केडिया, प्रेमनाथ दुबे का पूर्ण योगदान रहा।

## फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ का होली मिलन समारोह



❑ **ढप्प, चंग-धमाल, राजस्थानी लोकगीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुति**

**कोलकाता :** फतेहपुर शेखावाटी प्रगति संघ, कोलकाता की ओर से फतेहपुर निवासियों के होली मिलन समारोह में उद्घाटनकर्ता राम अवतार रामसीसरिया, प्रधान अतिथि सी के जैन (सॉलीसीटर), संतोष कुमार सराफ ने दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारम्भ किया। ढप्प, चंग - धमाल, राजस्थानी लोकगीतों की सांस्कृतिक प्रस्तुति से कलाकारों ने सभी को भाव विभोर किया। संस्था के चैयरमैन अरविन्द बियानी, अध्यक्ष कमल सराफ, निवर्तमान अध्यक्ष अजय सराफ, उपाध्यक्ष राजेश ढांढनिया ने सभी सदस्यों को होली की शुभकामना दी। संस्था के सचिव काशी प्रसाद धेलिया, संयुक्त सचिव ब्रह्मदत्त बरवाड़िया ने संघ द्वारा किए जा रहे सेवा कार्यों की जानकारी दी। बालकृष्ण सराफ, डॉ. कृष्ण प्रकाश गुप्ता, सूर्य प्रकाश भट्ट, राजेश गोयनका, सम्पत सिंघानिया, शिव कुमार बूबना, विमल भौतिका, प्रकाश गोयनका, मनोज गोयनका, संजय शर्मा,पंकज देवड़ा, मनोज चमड़िया एवम् कार्यकर्ता सक्रिय रहे। संचालन महावीर प्रसाद रावत, धन्यवाद ज्ञापन दामोदर प्रसाद विदावतका ने किया।

## राजलदेसर नागरिक परिषद का होली मिलन समारोह सम्पन्न




**कोलकाता :** राजस्थान स्थित राजलदेसर गांव के प्रवासियों ने पारम्परिक स्नेह मिलन समारोह आयोजित किया। इस अवसर पर भारी संख्या में चार-चार पीढ़ियों के लोग उपस्थित थे। राजलदेसर नागरिक परिषद के अध्यक्ष बाबूलाल दुधोड़िया व मंत्री राकेश चण्डालिया ने बताया कि अरविन्द सहल व साथी कलाकारों के अलावा राजस्थानी धमाल के लिए मशहूर रजवाड़ा ग्रुप के कलाकारों की टीम ने जबर्दस्त सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। श्री सच्चियाय माताजी मंदिर के पुजारी पं. पवन पाण्डे ने गणेश पूजन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। गीत-नृत्य के इस अपूर्व आयोजन में राजस्थान की समृद्ध सांस्कृतिक परम्परा स्पष्ट परिलक्षित हो रही थी। बच्चों के लिए विशेष रूप से किड्स जोन था वहीं महिलाओं के लिए टैटू, नेल आर्ट आदि आकर्षण के केंद्र थे। हजारों की उपस्थिति वाले इस विशाल आयोजन की व्यवस्था में अध्यक्ष बाबूलाल दुधोड़िया, उपाध्यक्ष सुशील कुण्डलिया व नरेंद्र दुगड़, मंत्री राकेश चण्डालिया, कोषाध्यक्ष जय सिंह विनायक सहित भारी संख्या में कार्यसमिति सदस्य व कार्यकर्ता सक्रिय थे।

## नथिंग फोन (3ए) सीरीज में आकर्षक फीचर्स, ओपन सेल में उपलब्ध

**कोलकाता, समाज्ञा :** लंदन स्थित प्रौद्योगिकी कंपनी नथिंग ने 11 मार्च से अपनी नई नथिंग फोन (3ए) सीरीज की ओपन सेल शुरू कर दी है। यह फोन फ्लिपकार्ट, विजय सेल्स, क्रोमा और भारत के प्रमुख रिटेल स्टोरों पर उपलब्ध है। पहले दिन विशेष ऑफर के तहत, नथिंग फोन (3ए) 19,999 रुपये में मिलेगा, जबकि फोन (3ए) प्रो 24,999 रुपये की कीमत पर उपलब्ध होगा। नथिंग फोन (3ए) सीरीज में 50एमपी कैमरा, स्नैपड्रैगन 7 एस जेन 3 चिपसेट, और 5 हजार एमएएच बैटरी जैसी सुविधाएं हैं। इसमें 6.77 इंच का फुल एचडी+ डिस्प्ले और 120एचजेड रिफ्रेश रेट है। दोनों फोनों में 50 डबल्यू फास्ट चार्जिंग है, जिससे 20 मिनट में 50% बैटरी चार्ज हो जाती है। नथिंग फोन (3ए) सीरीज में छह साल का अपडेट गारंटी और एसेंशियल स्पेस जैसे फीचर्स भी दिए गए हैं। यह फोन तीन रंग ब्लैक, व्हाइट और ब्लू में उपलब्ध है।

# देश-विदेश के राजनयिकों और उद्योगपतियों की उपस्थिति में अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन का होली प्रीति सम्मेलन

**कोलकाता, समाज्ञा :** अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल शाखा द्वारा नेपाल वाणिज्यिक महादूतावास परिसर में आयोजित होली प्रीति सम्मेलन में कोलकाता महानगर स्थित विभिन्न देशों के कौंसुल जनरल सहित उद्योगपतियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं की भारी उपस्थिति रही। नेपाल वाणिज्यिक कर के कौंसुल जनरल जे पी आचार्य और अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल के अध्यक्ष सुशील चौधरी ने संयुक्त रूप से सभी अतिथियों का भावपूर्ण स्वागत किया। अपने संबोधन में श्री चौधरी ने कहा कि अंतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन एक वैश्विक संगठन है। जिसका उद्देश्य वैश्य समाज को संगठित कर, प्रतिभाओं को प्रोत्साहित कर वैश्य समाज का राष्ट्रीय-अंतर्राष्ट्रीय महत्व स्थापित करना है। नेपाल के कौंसुल



जनरल जे पी आचार्य ने महासम्मेलन के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि नेपाल और भारत के बीच व्यापारिक संबंधों को मजबूत करने में यह संस्था कारगर काम कर सकती है। महासम्मेलन के सचिव प्रदीप लुहारीवाला ने अतिथियों की आवभगत का जिम्मा संभाला।

इस मौके पर उद्योग जगत से वी.के. भंडारी, नारायण अग्रवाल (परसरामपुरिया), नंदलाल रूंगटा, विक्की सिकरिया, सामाजिक क्षेत्र से दिनेश बजाज, सतनाम सिंह अहलूवालिया, विधायक एवं पूर्व भारत के सर्वाधिक प्रसारित हिंदी दैनिक सन्मार्ग के प्रधान संपादक विवेक गुप्ता, दैनिक विश्वमित्र के योगेश अग्रवाल, प्रभात मित्तल, नरेश अग्रवाल, राजेश सोन्थलिया, राजेंद्र सिंह, कृष्ण कुमार बंसल, सुभाष मित्तल, सुदेश अग्रवाल, प्रमोद गुप्ता, विमल बेंगानी, रामकिशोर लुहारीवाला, विष्णु सुरेका, प्रदीप संघई, सुशील पोद्दार, कमलेश गुप्ता, हरि सोनी, सुरेश अग्रवाल, संदीप गर्ग, महेश अग्रवाल, इंदर डागा, रमेश सोन्थलिया, सुभाष गुप्ता, मदन गोपाल राठी, पवन भुवानिया, दिलीप अग्रवाल, विकास जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, सुनील जायसवाल, राजीव जायसवाल, राजेश ककरानिया, अभ्युदय दूगड़, अमित धनानिया, युवाशक्ति के सुधांशु शेखर, प्रदीप सराफ, सरोज अग्रवाल, सेवा संसार के संजय हरलालका, राजीव कानोड़िया, कोलकाता पोर्ट ट्रस्ट के चेयरमैन आर रमन सहित कई देशों के कौंसुल जनरल उपस्थित रहे।

# किशोरों में नशे की लत और बच्चों में मोटापे पर जागरूकता कार्यक्रम का किया आयोजन

**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे के चिकित्सा विभाग ने पश्चिम बंगाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सहयोग से गुरुवार को पूर्व रेलवे के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों और रेलवे अस्पतालों में किशोरों में नशे की लत और बच्चों में मोटापे के संबंध में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। सियालदह स्टेशन परिसर में इस कार्यक्रम का आयोजन कोषाध्यक्ष डॉ. अतनु भद्र, सियालदह की सीएमएस डॉ. कल्पना मंडल, पश्चिम बंगाल एकेडमी ऑफ पीडियाट्रिक्स के सचिव डॉ. मिहिर सरकार और इंस्टीट्यूट ऑफ चाइल्ड हेल्थ, कोलकाता के प्रसिद्ध बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. अग्निमिता गिरी की उपस्थिति में किया गया। इस कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सयंती साहा, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी/आईसी/पीडियाट्रिक्स/बी



.आर. सिंह अस्पताल ने किया। कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. मंदिरा बनर्जी, एसीएमएस/स्वास्थ्य और परिवार कल्याण/सियालदह द्वारा परिचयात्मक भाषण से हुई, जिसमें उन्होंने किशोरों में नशे की लत और बच्चों में मोटापे की बढ़ती समस्या पर विशेष ध्यान आकर्षित किया। इस स्वास्थ्य प्रचार अभियान के तहत भारतीय पीडियाट्रिक एकेडमी द्वारा निर्मित दो लघु फिल्में भी हावड़ा स्टेशन परिसर में विशाल स्क्रीन पर प्रदर्शित की गईं। साथ ही, अंडाल रेलवे अस्पताल में डॉ. तनमय बिश्वास, डीएमओ/पीडियाट्रिक्स और एमएस/आईसी/अंडाल ने रेलवे लाभार्थियों के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया। इस कार्यक्रम में विभिन्न विभागों ने उत्साह के साथ भाग लिया।

# होली पर पुलिस का कड़ा पहरा, नशे में पानी में उतरने पर सख्त पाबंदी

**कोलकाता :** होली और दोल उत्सव के दौरान शराब पीकर जलाशयों में स्नान करने पर पूरी तरह प्रतिबंध लगाया गया है। लालबाजार पुलिस मुख्यालय की ओर से पहले ही सख्त चेतावनी जारी कर दी गई है। शुक्रवार और शनिवार को कोलकाता के 66 से अधिक घाटों पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। इसके अलावा, स्थानीय तालाबों और जलाशयों में भी पुलिस की नजर रहेगी, ताकि कोई भी नशे की हालत में पानी में न उतरे। पुलिस स्थानीय



क्लबों को भी इस संबंध में सतर्क कर रही है। दोल के पहले से ही पुलिस थानों की ओर से माइक्रोफोन के जरिए जनता को आगाह किया जा रहा है। साथ ही, होली के दौरान किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर पुलिस को तुरंत मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए गए हैं। संकरी गलियों और महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस की बाइक टीम लगातार गश्त करेगी। शहर में शांति और सौहार्द बनाए रखने के लिए विशेष सतर्कता बरती जा रही है। पुलिस सूत्रों के अनुसार, पिछले दो वर्षों में केवल दोल के दिन ही कोलकाता में गंगा और अन्य जलाशयों में डूबकर तीन लोगों की मौत हुई है। इस बार पुलिस पहले से ही पूरी तरह सतर्क है। शहर के 66 घाटों पर विशेष सुरक्षा व्यवस्था की गई है, जिसमें गंगा घाटों के साथ-साथ विभिन्न तालाबों और जलाशयों के घाट भी शामिल हैं। इनमें से कम से कम 44 घाटों पर कोलकाता पुलिस के डिजास्टर मैनेजमेंट ग्रुप के सदस्यों को तैनात किया जाएगा। होली और दोल के दौरान किसी भी तरह की अप्रिय घटना रोकने के लिए पूरे शहर में 21,000 से अधिक पुलिस कर्मियों की तैनाती की गई है। सड़कों पर पुलिस उपायुक्त और संयुक्त पुलिस आयुक्त रैंक के अधिकारी भी गश्त करेंगे। इसके अलावा, पूरे शहर में 58 पीपीआर वैन गश्त करेंगी, और तंग गलियों में भी पुलिस बाइक से निगरानी रखेगी। यह सुनिश्चित किया जाएगा कि कोई भी ऊंची इमारतों की छत या बालकनी से राहगीरों पर रंग या पानी से भरे गुब्बारे न फेंके। सड़कों पर घूमने वाले कुत्तों या अन्य जानवरों पर रंग न फेंकने के निर्देश भी पुलिस को दिए गए हैं। किसी भी तरह की गड़बड़ी की सूचना मिलने पर पुलिस दल तुरंत मौके पर पहुंचेगा।

## कल वोटर मामले पर अभिषेक बनर्जी की बैठक, तृणमूल के सभी स्तर के नेताओं को बुलावा

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव अभिषेक बनर्जी 15 मार्च को एक वर्चुअल बैठक करने जा रहे हैं, जिसमें फर्जी मतदाताओं की पहचान के मुद्दे पर चर्चा होगी। इस बैठक में केवल कोर कमेटी के सदस्य ही नहीं, बल्कि सांसद, विधायक, जिलाध्यक्ष, नगर निगम के चेयरमैन और अन्य शीर्ष पदाधिकारी भी शामिल होंगे। उल्लेखनीय है कि छह मार्च को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी द्वारा गठित कमेटी की पहली बैठक तृणमूल भवन में हुई थी, जिसमें फर्जी मतदाताओं की पहचान को लेकर रणनीति बनाई गई थी। इसके बाद, तय हुआ कि अगली बैठक 15



मार्च को होगी। शुरुआत में यह बैठक 16 मार्च के लिए तय की गई थी, लेकिन बाद में इसे फिर से 15 मार्च को करने की घोषणा की गई। मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सबसे पहले विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था। इसके बाद, नेताजी इंडोर स्टेडियम में तृणमूल की एक बड़ी सभा में भी उन्होंने इस पर भाजपा पर हमला बोला था। उन्होंने आरोप लगाया था कि भाजपा चुनाव आयोग की मदद से फर्जी वोटर तैयार कर 2026 के विधानसभा चुनाव में जीत हासिल करने की कोशिश कर रही है। इस मुद्दे पर कार्रवाई के लिए तृणमूल के वरिष्ठ नेता सुब्रत बक्सी की अगुवाई में एक कमेटी बनाई गई थी, जिसमें अभिषेक बनर्जी भी शामिल हैं। अब 15 मार्च को होने वाली बैठक में पार्टी के सभी शीर्ष नेताओं की मौजूदगी अनिवार्य बताई जा रही है। इस बैठक में यह समीक्षा की जाएगी कि फर्जी मतदाता सूची की पहचान को लेकर अब तक क्या प्रगति हुई है और आगे की रणनीति क्या होगी।

## मंत्रिमंडल की बैठक में बड़ा फैसला! सशस्त्र सीमा बल को भूमि, ओएनजीसी को पेट्रोलियम खनन लीज

**कोलकाता :** गुरुवार को राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में कई महत्व-पूर्ण फैसले लिए गए। पश्चिम बंगाल सरकार ने एक बार फिर सशस्त्र सीमा बल (डडइ) को भूमि आवंटित की है। इस बार जलपाईगुड़ी जिले के नागराकाटा थाने के अंतर्गत घाटिया मौजा में सशस्त्र सीमा बल को दो एकड़ जमीन दी गई है, ताकि वे अपनी आउटपोस्ट का निर्माण कर सकें। मंत्रिमंडल की बैठक में इस फैसले को मंजूरी दी गई।

इसके साथ ही, ओएनजीसी को पश्चिम बंगाल में पेट्रोलियम खनन लीज (झशीींश्रशीा चळपळपस डशरीश) देने का भी निर्णय लिया गया है। राज्य सरकार ने अशोकनगर क्षेत्र में 99.06 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में पेट्रोलियम खनन लीज की अनुमति दी है। इस फैसले से ओए-नजीसी अब अशोकनगर में भूमिगत



तेल और गैस का वाणिज्यिक उत्प-ादन कर सकेगी।

ओएनजीसी को पेट्रोलियम खनन लीज मिलने से पश्चिम बंगाल का नाम भारत के हाइड्रोकार्बन उत्पादन मानचित्र में दर्ज होगा। यह फैसला राज्य में ऊर्जा संसाधनों के दोहन और आर्थिक विकास की दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जा रहा है। अब ओएनजीसी अशोकनगर में मिले भूमिगत तेल और गैस का व्यावसायिक उत्पादन करने में सक्षम होगी, जिससे राज्य की अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी।

## वेलिंग्टन नागरिक कल्याण समिति का होली उत्सव धूमधाम से संपन्न



**कोलकाता, समाज्ञा :** होली की पूर्व संध्या पर वेलिंग्टन नागरिक कल्याण समिति का होली उत्सव कार्यक्रम धूमधाम से मनाया गया। यह कार्यक्रम संस्था के कार्यलय 118 प्रिन्सेप स्ट्रीट, कोलकाता में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में अबीर-गुलाल, ठंडाई, अल्पाहार एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस मौके पर विधायक नयना बंद्योपाध्याय, पूर्व पार्षद सुमन सिंह, चेयरमैन रतन अग्रवाल, अध्यक्ष उमाशंकर जायसवाल, सचिव दिनेश जायसवाल, संयुक्त सचिव दिलीप जायसवाल, कोषाध्यक्ष रतन लाल गुप्ता, सह कोषाध्यक्ष कृष्णाचंद जायसवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, राजेश जायसवाल, विकास जायसवाल, हरीश जायसवाल, सुरेश जायसवाल, राजीव जायसवाल, नंदकिशोर जायसवाल, संरक्षक शंभूनाथ जायसवाल धर्मेंद्र सिंह, कैलाश जायसवाल, विकास साव, सुस्मित बरुआ, कृष्णा (छोटू), प्रिंस गुप्ता (बिट्टू) समेत अन्य गण्यमान उपस्थित रहे।

## हाजरा में परित्यक्त मकान में लगी आग, खिड़की तोड़कर अंदर घुसे दमकल कर्मी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में फिर आग लगने की घटना सामने आई है। गुरुवार के तड़के हाजरा इलाके में स्थित एक परित्यक्त मकान के एक हिस्से में आग लग गई। यह मकान जतिन दास पार्क मेट्रो स्टेशन के पास, एक घनी आबादी वाले क्षेत्र में स्थित है। आग की खबर मिलते ही इलाके में हड़कंप



मच गया और स्थानीय लोगों ने तुरंत अग्निशमन विभाग को सूचना दी। जानकारी मिलने के बाद दमकल का एक इंजन मौके पर पहुंचा, लेकिन दमकल कर्मियों को अंदर जाने में कठिनाई हुई क्योंकि मकान का दरवाजा अंदर से बंद था। आखिरकार, दमकल कर्मियों ने खिड़की तोड़कर अंदर प्रवेश किया और आग पर काबू पाया। रिपोर्ट लिखे जाने तक आग पूरी तरह से नियंत्रण में आ चुकी थी। अभी तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि आग कैसे लगी। परित्यक्त मकान में आग लगने की वजह को लेकर संशय बना हुआ है। स्थानीय लोगों ने बताया कि मकान के अंदर से काले धुएं का गुबार उठता देख उन्होंने तुरंत दमकल विभाग को सूचित किया। घटना की जानकारी मिलते ही भवानीपुर थाना पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। फिलहाल, आग लगने के कारणों की जांच की जा रही है।

## जेएसडब्ल्यू एनर्जी, डब्ल्यूबीएसईडीसीएल में 1,600 मेगावाट के ताप बिजली संयंत्र के लिए समझौता

**नयी दिल्ली/कोलकाता**

जेएसडब्ल्यू एनर्जी ने गुरुवार को पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी के साथ 1,600 मेगावाट की ताप बिजली परियोजना स्थापित करने के लिए बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। कंपनी ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि इसके अलावा, उसे 350 मेगावाट के दो उत्कल ताप विद्युत संयंत्र की दूसरी इकाई के लिए वाणिज्यिक परिचालन तिथि (सीओडी) प्रमाणपत्र प्राप्त हुआ है। इसमें कहा गया है कि पश्चिम बंगाल राज्य विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड (डब्ल्यूबीएसईडीसीएल) के साथ 800 मेगावाट की दो नई सुपर/अल्ट्रा सुपर क्रिटिकल ताप विद्युत संयंत्र के लिए बिजली खरीद समझौते (पीपीए) पर हस्ताक्षर किए गए हैं। संपूर्ण 1,600 मेगावाट क्षमता के लिए पीपीए पर 25 वर्षों के लिए हस्ताक्षर किए गए हैं। संयंत्र शक्ति बी नीति के तहत पश्चिम बंगाल को आवंटित घरेलू कोयले की आपूर्ति व्यवस्था का उपयोग करेगा। जेएसडब्ल्यू एनर्जी के संयुक्त प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) शरद महेंद्र ने कहा कि यह सबसे बड़ी नई क्षमता और जेएसडब्ल्यू एनर्जी द्वारा हस्ताक्षरित सबसे बड़ा पीपीए है। यह परियोजना स्थानीय रोजगार के अवसरों को महत्वपूर्ण रूप से बढ़ावा देने और क्षेत्र की आर्थिक वृद्धि में योगदान देने के लिए तैयार है। यह परियोजना आने वाले वर्षों के लिए एक स्थिर और विश्वसनीय बिजली आपूर्ति भी सुनिश्चित करती है।

## एक ही आधार नंबर से कई पासपोर्ट, बागुईआटी से एक गिरफ्तार



**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य में फर्जी पासपोर्ट रैकेट का भंडाफोड़ हुआ है। पुलिस ने बागुईआटी के एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है, जो एक ही आधार नंबर का इस्तेमाल कर अलग-अलग नामों से पासपोर्ट बनवाने की कोशिश कर रहा था। आरोपित का नाम त्रिदीप मंडल बताया जा रहा है, जिसे गुरुवार को सियालदह स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार, त्रिदीप मंडल बागुईआटी के जांगरा इलाके का निवासी है। आरोप है कि उसने अपने आधार नंबर का उपयोग करके कई पासपोर्ट बनवाने की कोशिश की। इसके अलावा, वह अन्य लोगों के लिए भी फर्जी दस्तावेज तैयार कर पासपोर्ट बनवाने में मदद कर रहा था। पुलिस का दावा है कि वह एक बड़े फर्जी पासपोर्ट रैकेट का हिस्सा है। बता दें कि इससे पहले, जनवरी में चंदननगर कमिश्नरेट ने फर्जी पासपोर्ट गिरोह से जुड़े तीन लोगों को गिरफ्तार किया था। जांच में सामने आया कि त्रिदीप मंडल उन्हीं के लिए एजेंट के तौर पर काम करता था। गिरफ्तार आरोपितों से पूछताछ के बाद पुलिस को त्रिदीप के बारे में जानकारी मिली, जिसके आधार पर भद्रेश्वर थाने की पुलिस ने सियालदह स्टेशन से उसे गिरफ्तार किया।

# राज्यपाल ने स्कूल एजुकेशन इन इंडिया 2024 पुस्तक का किया विमोचन



**कोलकाता, समाज्ञा :** विनोद सिंह द्वारा लिखित स्कूल एजुकेशन इन इंडिया 2024 नामक पुस्तक का विमोचन गुरुवार को राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने किया। यह पुस्तक भारतीय शिक्षा व्यवस्था पर आधारित है, जिसमें विशेष रूप से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के बाद के बदलावों का विस्तृत विवरण दिया गया है। पुस्तक में भारतीय शिक्षा व्यवस्था को सरल और सहज भाषा में प्रस्तुत किया गया है, जिससे यह माता-पिता, शिक्षक और विद्यालय प्रशासन के लिए एक महत्वपूर्ण संदर्भ बन जाती है। इस अवसर पर पुस्तक के लेखक विनोद सिंह, विक्रांत सिंह और अक्षत सिंह भी उप-स्थित थे।

## शिक्षक भर्ती घोटाला : रिश्वत के लेनदेन का भी वीडियो रिकॉर्ड किया गया, सीबीआई ने अपने तीसरे आरोपपत्र में किया दावा

### आरोपित सुजयकृष्ण ने वीडियो डिलीट करने को कहा था

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्राथमिक शिक्षक भर्ती भ्रष्टाचार मामले में सीबीआई को न केवल आडियो बल्कि वीडियो रिकार्डिंग के बारे में भी पता चला है। मामले में सीबीआई को दिए गए बयान में एक गवाह ने बताया कि उसने रिश्वत के पैसे का आदान-प्रदान का वीडियो कैद कैमरे से कैद कर लिया था। इसके बाद सुजयकृष्ण भद्र ने खुद उसे फोन किया और बार-बार वीडियो डिलीट करने का अनुरोध किया। हालांकि, सीबीआई को संबंधित वीडियो नहीं मिला है। इस मामले में सीबीआई ने पिछले दिनों तीसरा अतिरिक्त आरोपपत्र में दाखिल किया है। सीबीआई ने चार गवाहों से कुल 10 डायरियां बरामद




की हैं। उनके बयान भी दर्ज कर लिए गए हैं। सीबीआई का दावा है कि चारों लोग अरुण हाजरा के एजेंट के रूप में काम करते थे। वे नौकरी चाहने वालों से रिश्वत की रकम इकट्ठा करके सुजयकृष्ण को सौंप देते थे। इसके अतिरिक्त सुजयकृष्ण ने एजेंट को बताया कि उसने सुबूत नष्ट करने के लिए अपने दो मोबाइल फोन भी कालीघाट में नदी में फेंक दिए थे।

## ममता 'पाखंडी' है, वोट के लिए हिंदू और मुस्लिम दोनों को खुश करने की कोशिश कर रहीं : अधीर चौधरी

**कोलकाता, समाज्ञा :** कांग्रेस नेता अधीर रंजन चौधरी ने गुरुवार को मुख्यमंत्री ममता बनर्जी पर तीखा हमला करते हुए उन्हें 'पाखंडी' करार दिया और कहा कि वह वोट के लिए हिंदू तथा मुस्लिम दोनों के 'तुष्टीकरण' की कोशिश कर रही हैं। चौधरी ने मुख्यमंत्री का मजाक उड़ाते हुए दावा किया कि वह विपक्ष के नेता शुभेन्दु अधिकारी की मुस्लिम विधायकों पर विवादास्पद टिप्पणी को लेकर भाजपा और तृणमूल कांग्रेस के बीच वाकयुद्ध का आनंद ले रही हैं। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा कि विधानसभा में राज्य के भविष्य या शिक्षा, वित्त और स्वास्थ्य पर कोई चर्चा नहीं हो रही है। इसके बजाय, एक व्यक्ति कह रहा है कि मुसलमानों को प्रवेश नहीं करने दिया जाएगा, जबकि दूसरा कह रहा है कि वह दूसरे को पीटेगा और मुख्यमंत्री इसका आनंद ले रही हैं।

## जोगीरा सारा रा रा... के साथ झूमे बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के सदस्य

**हावड़ा :** होली के पावन पर्व पर बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी ने अपने प्रांगण बीडबल्यूएस बैंक्वेट हॉल में एक रंगीन और यादगार कार्यक्रम का आयोजन किया। इस मौके पर उत्तरप्रदेश और बिहार की मिट्टी से जुड़ा प्रसिद्ध लोकगीत जोगीरा सारा रा रा... की धुन पर सोसाइटी के सदस्य झूम उठे। कार्यक्रम का उद्घाटन लोकगीत गायक इंद्रजीत ठाकुर और ज्योति कुमारी की मधुर आवाज से हुआ, जिनकी सुमधुर प्रस्तुति ने उपस्थित सभी को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस दौरान रात के 10 बजे तक किसी को समय का पता ही नहीं चला।

बेलिलियस वेलफेयर सोसाइटी के सचिव अनिल जायसवाल ने इस अवसर पर आए विशिष्ट अतिथियों और सदस्यों का स्वागत आबीर लगाकर किया। संस्था के अध्यक्ष भोला जायसवाल ने सभी को



धन्यवाद ज्ञापित करते हुए भविष्य में सामाजिक कार्यों के लिए अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। कार्यक्रम को सफल बनाने में कार्यकारणी सदस्य वकील गिरी, सजन जायसवाल, सुभाष जायसवाल, राकेश जायसवाल, कृष्णा साव, तुषार जायसवाल, और सप्तऋषि जायसवाल ने अपनी-अपनी भूमिका निभाई।

इस कार्यक्रम में विशिष्ट समाजसेवी और उद्योगपति राजेंद्र प्रसाद साव, श्री श्री सहस्त्रार्जुन जयंती के महासचिव विकास जायसवाल (डब्बू), रतन कैप्टन जायसवाल, नारायणा हॉस्पिटल के सीनियर मार्केटिंग हेड संतोष कुमार गुप्ता, श्री श्याम भक्त मंडल के सचिव जयप्रकाश साव, सुरजीत राय, राधे श्याम जायसवाल, कृष्णा जायसवाल, मनोज सिंह, राजेश जायसवाल, जयप्रकाश जायसवाल, शंभु जायसवाल, प्रदीप जायसवाल, सुनील जायसवाल, संजीवन जायसवाल, ओमप्रकाश जायसवाल, पवन जायसवाल, अजय गुप्ता, गौतम जायसवाल, मनोज गुप्ता, रविशंकर जायसवाल, अमरनाथ जायसवाल, गंगा जायसवाल, केदार जायसवाल, प्रमोद साव, शिव कुमार सरोज, मोती साव, चंद्रप्रकाश गुप्ता, वीरेंद्र जायसवाल, घनश्याम जायसवाल, शिव कुमार सरोज, रवि साव, सुनील साव, बेदी जायसवाल के साथ-साथ संस्था के महिला सदस्य शशि जायसवाल, इंदु जायसवाल, मुक्ता जायसवाल, मीनाक्षी गुप्ता, अंजू गुप्ता, विद्या देवी, ने पूरे कार्यकम का लुफ्त उठाया।

## सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए होने वाली बैठक में शामिल नहीं होंगे शुभेंदु अधिकारी

- **नेता प्रतिपक्ष ने कहा, आरजीकर घटना के जिम्मेदार सभी लोगों को जबतक जेल नहीं होता तबतक वह मुख्यमंत्री की बैठक में नहीं जाएंगे**

**कोलकाता, समाज्ञा :** मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के साथ बैठक में नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी मौजूद नहीं रहेंगे। वर्तमान सत्र के दौरान 19 मार्च को सूचना आयुक्त की नियुक्ति के लिए बैठक बुलाई गई है। यह बैठक विधानसभा स्थित मुख्यमंत्री कार्यालय में होनी है। शुभेंदु ने घो-षणा की कि वह उस बैठक में उपस्थित नहीं होंगे। उन्होंने पत्र लिखकर बताया है कि क्योंकि मुख्यमंत्री भी वहां मौजूद रहेंगी, इसीलिए वे बैठक में उपस्थित नहीं होंगे। बता दें कि सूचना आयुक्त



की नियुक्ति के लिए गठित विशेष समिति में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी, संसदीय कार्यमंत्री शोभनदेव चटर्जी और नेता प्रतिपक्ष शुभेंदु अधिकारी शामिल हैं। उस समिति की बैठक में भाग लेने के लिए शुभेंदु को एक पत्र भेजा गया था। राज्य सरकार और प्रशासनिक सुधार विभाग के सचिव को भेजे जवाबी पत्र में विपक्ष के नेता ने कहा कि वह 19 मार्च की बैठक में शामिल नहीं होंगे। शुभेंदु ने लिखा कि मुख्यमंत्री के पास पुलिस विभाग है। आरजीकर अस्पताल में एक युवा डॉक्टर से दुष्कर्म और हत्या के सबूत नष्ट करने के लिए पुलिस का इस्तेमाल किया गया। इसके कारण, आगे की जांच प्रक्रिया ने एक अलग मोड़ ले लिया। पत्र में, नेता प्रतिपक्ष ने लिखा कि जब तक सरकारी अधिकारियों और सत्तारूढ़ पार्टी के नेताओं सहित घटना के लिए जिम्मेदार सभी लोगों को जेल नहीं भेज दिया जाता, तब तक मेरे लिए पुलिस मंत्री की मौजूदगी में किसी भी बैठक में शामिल होना संभव नहीं है। मैंने अंतरात्मा की आवाज पर बैठक में शामिल न होने का फैसला किया है।

## रिसड़ा में रंगोली प्रतियोगिता और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ रंगोत्सव का हुआ आयोजन

**हुगली :** हुगली जिले के रिसड़ा में होली का माहौल छाया हुआ है और बाजारों में रौनक देखी जा रही है। हर साल की तरह इस साल भी रिसड़ा के सांस्कृतिक संगठनों में से एक, रिसड़ा बसंत उत्सव समिति (ब्रह्मानंद स्कूल परिसर) ने रंग महोत्सव का आयोजन किया है। तीन दिवसीय कार्यक्रम की शुरुआत गुरुवार दोपहर को हुई। इस बारे में बताते हुए समिति की सदस्य अपर्णा दास ने कहा कि इस साल वसंतोत्सव की शुरुआत रंगोली प्रतियोगिता से हुई, जिसमें 65 कलाकारों ने अपनी उत्कृष्ट कलाकृतियों का प्रदर्शन किया। इस प्रतियोगिता में हुगली, चंदननगर, उत्तरपाड़ा, हावड़ा और कृष्णानगर जैसे स्थानों से प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया, जो कि इस आयोजन को



और भी खास बना रहा था।

अपर्णा दास ने बताया कि इस वर्ष बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी ध्यान दिया जाएगा। बच्चों की काउंसलिंग के लिए एक अनुभवी डॉक्टर की व्यवस्था की गई है, जो माता-पिता के साथ मिलकर बच्चों की मानसिक समस्याओं पर चर्चा करेंगे। कार्यक्रम के दूसरे दिन, सांस्कृतिक मंच पर होली के गीतों के साथ-साथ शास्त्रीय नृत्य जैसे कथक, भरतनाट्यम और ओडिसी का आयोजन होगा, जो इस साल विशेष रूप से लुप्त हो गए थे। शुक्रवार को, होली के दिन हर साल की तरह रंग-बिरंगा जुलूस निकाला जाएगा, जिसमें विभिन्न सांस्कृतिक संगठन के सदस्य नृत्य, गायन और कविता पाठ करेंगे। इस रंग-बिरंगे जुलूस में एक सेल्फी प्रतियोगिता और राधा कृष्ण सजावट प्रतियोगिता भी होगी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध अभिनेता अरुण बंद्योपाध्याय उपस्थित रहेंगे। 15 मार्च को शाम को विभिन्न बैंड द्वारा प्रदर्शन होगा और इस साल के रंगोत्सव का विशेष आकर्षण रवींद्रनाथ की नृत्य नाटिका 'चंडालिका' होगी। बाउल गीतों का भी आयोजन किया जाएगा, जो इस होली उत्सव को विशेष बनाएगा। यह होली इस बार 'मॉडल होली' के रूप में जानी जाएगी।

## 'संविधान का अपमान', शुभेंदु अधिकारी के बयान पर कांग्रेस ने लालबाजार में की शिकायत

**कोलकाता :** विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने बयान दिया है कि अगर उनकी पार्टी सत्ता में आती है तो तृणमूल कांग्रेस के टिकट पर चुने गए विधायकों को 'च्यांगदोल' (कंधे पर उठाकर) कर सड़क पर फेंक दिया जाएगा। उनके इस बयान के बाद पश्चिम बंगाल की राजनीति गरमा गई है। अब प्रदेश कांग्रेस ने उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है। प्रदेश कांग्रेस के सचिव सुमन राय चौधरी ने कोलकाता पुलिस के अतिरिक्त पुलिस आयुक्त को ईमेल कर शिकायत की है। उन्होंने आरोप लगाया कि शुभेंदु अधिकारी ने संविधान का अपमान किया है और उनके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जानी चाहिए। सुमन राय चौधरी का कहना है कि शुभेंदु अधिकारी का यह बयान संविधान की मूल भावना का अपमान है और इससे राज्य के अल्पसंख्यक समुदाय के बीच भय का माहौल पैदा हुआ है। कांग्रेस ने मांग की है कि पुलिस उनके खिलाफ एफआईआर दर्ज कर उचित कार्रवाई करे। अतिरिक्त पुलिस आयुक्त के अलावा, अमहर्स्ट स्ट्रीट थाने में भी इस संबंध में शिकायत भेजी गई है। इसके अलावा, कांग्रेस नेता अली इमरान रामज उर्फ विक्टर ने उत्तर दिन-ाजपुर के चाकुलिया थाने में भी शुभेंदु अधिकारी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई है। इस विवादित बयान को लेकर राज्य की सियासत में हलचल मची हुई है और विभिन्न राजनीतिक दल इस पर अपनी प्रतिक्रिया दे रहे हैं।



**ताराचंद दत्ता स्ट्रीट पर होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य आयोजनकर्ता राकेश सिंह और विक्रांत सिंह थे। इस मौके पर पूर्व विधायक संजय बक्शी, पूर्व विधायक स्मिता बक्शी, जय बक्शी, पार्षद महेश शर्मा, विनोद सिंह, अक्षत सिंह ,समेत अन्य उपस्थित रहे।**

## न्यूज ब्रीफ

### विशेष ओलंपिक विश्व शीत खेल : भारत को दूसरे दिन पांच पदक

**नयी दिल्ली :** भारत ने इटली के तूरिन में चल रहे विशेष ओलंपिक विश्व शीतकालीन खेलों के दूसरे दिन दो स्वर्ण, दो रजत और एक कांस्य पदक जीता जिससे भारत के पदकों की संख्या नौ हो गई है। पहले दिन स्नोबोर्डिंग में चार पदक जीतने के बाद भारत ने दो और पदक अपनी झोली में डाले। भारती (डिविजन एफ25) ने नोविस स्लालोम फाइनल में स्वर्ण पदक जीता जबकि हर्षिता ठाकुर (एफ26) ने कांस्य पदक हासिल किया। भारती इससे पहले स्वर्ण जीत चुकी है जबकि हर्षिता ने रजत पदक जीता है। भारतीय दल ने अल्पाइन स्कीइंग में एक स्वर्ण और दो रजत पदक जीते। निर्मला देवी (एफ06) ने इंटरमीडिएट जाइंट स्लालोम फाइनल में स्वर्ण और राधा देवी (एफ01) ने रजत पदक जीता। अभिषेक कुमार ने नोविस जाइंट स्लालोम फाइनल डिविजन एम02 में रजत पदक हासिल किया।

### तीन देशों के टूर्नामेंट के लिए भारत को आमंत्रित किया है, पाकिस्तान कबड्डी महासंघ ने कहा

**कराची :** पाकिस्तान कबड्डी महासंघ (पीकेएफ) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उन्होंने अप्रैल में अपने देश में होने वाले तीन देशों के अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए भारत को अपनी राष्ट्रीय टीम भेजने के लिए आमंत्रित किया है। पीकेएफ के अध्यक्ष चौधरी शफे हुसैन ने एक आम परिषद की बैठक के बाद कहा कि गुरु नानक फ्रेंडशिप कप नामक यह टूर्नामेंट अगले महीने लाहौर में आयोजित किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'हमने भारत को भी इस टूर्नामेंट के लिए अपनी टीम पाकिस्तान भेजने के लिए आमंत्रित किया है।' उन्होंने कहा कि टूर्नामेंट में ईरान तीसरी टीम होगी। हुसैन ने कहा, 'हमारा मानना है कि खेल पाकिस्तान और भारत के बीच संबंधों को बेहतर बनाने में बड़ी भूमिका निभा सकते हैं।'

# गुजरात जायंट्स को हराकर मुंबई इंडियंस दूसरी बार डब्ल्यूपीएल फाइनल में



**मुंबई :** नैट साइवर-ब्रंट (77) और हेली मैथ्यूज (77) की आक्रामक अर्धशतकीय पारियों और दोनों के बीच दूसरे विकेट के लिए 71 गेंद में 133 रन की साझेदारी से मुंबई इंडियंस ने बृहस्पतिवार को यहां महिला प्रीमियर लीग (डब्ल्यूपीएल) एलिमिनेटर मैच में गुजरात जायंट्स को 47 रन से हराकर फाइनल का टिकट कटाया। मैथ्यूज और साइवर-ब्रंट ने बल्ले के बाद गेंद से भी कमाल करते हुए क्रमश तीन और एक विकेट चटकाये। डब्ल्यूपीएल की शुरुआतीसत्र की चैंपियन मुंबई इंडियंस के सामने 15 मार्च को खेले जाने वाले फाइनल में दिल्ली कैपिटल्स की चुनौती होगी। मुंबई ने चार विकेट पर 213 रन का बड़ा स्कोर खड़ा करने के बाद गुजरात को 19.4 ओवर में 166 रन पर रोक कर इस टीम के खिलाफ सात मैचों में सातवीं जीत दर्ज की। गुजरात के लिए डैनियल गिब्सन ने 34, फोबे लिचफील्ड ने 31 और भारती फूलमाली ने 30 रन का योगदान दिया। मुंबई के लिए मैथ्यूज और साइवर ब्रंट के अलावा अमेलिया केर ने भी दो विकेट चटकाये। शबनम इस्माइल को एक सफलता मिली। साइवर-ब्रंट और मैथ्यूज ने पावरप्ले में सतर्कता से बल्लेबाजी करने के बाद सहजता से मैदान के हर क्षेत्र में चौके और छक्के जड़े। साइवर-ब्रंट ने 41 गेंद में 77 रन की पारी खेली। मैथ्यूज ने भी 50 गेंद में 77 रन का योगदान दिया। कप्तान हरमनप्रीत कौर ने 12 गेंद में दो चौके और चार छक्के की मदद से 36 रन बनाकर टीम के स्कोर को 200 के पार पहुंचाया।

### पाकिस्तान के दिग्गज बल्लेबाज बाबर ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप से नाम वापस लिया

कराची : न्यूजीलैंड में होने वाली आगामी श्रृंखला के लिए पाकिस्तान की टी-20 टीम से बाहर किए गए पूर्व कप्तान बाबर आजम ने राष्ट्रीय टी-20 चैंपियनशिप से हटने का फैसला किया है। बाबर, मोहम्मद रिजवान और तेज गेंदबाज नसीम शाह को 16 मार्च से क्राइस्टचर्च में शुरू होने वाली पांच मैचों की टी-20 श्रृंखला के लिए टीम में नहीं चुना गया था। इन तीनों खिलाड़ियों को हालांकि वनडे टीम में बरकरार रखा गया है। टीम की घोषणा करते हुए पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) ने संकेत दिया था कि केंद्रीय अनुबंधित खिलाड़ियों में शामिल बाबर, रिजवान, नसीम इस सप्ताह फैसलाबाद में शुरू होने वाले राष्ट्रीय टी-20 में हिस्सा लेंगे। बाबर और नसीम ने हालांकि कार्यभार प्रबंधन और आगामी अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं का हवाला देते हुए राष्ट्रीय टी-20 टूर्नामेंट से नाम वापस ले लिया है।

## न्यूज अपडेट

### रोहित को संन्यास लेने की जरूरत नहीं , सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से होगा : एबी डिविलियर्स

**नयी दिल्ली :** दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहनीं है और वह वनडे क्रिकेट के महानतम कप्तानों में से एक होंगे। चैम्पियंस ट्रॉफी के बाद रोहित के संन्यास की अटकलें तेज थी लेकिन सैतीस वर्ष के रोहित ने भारत को तीसरी बार खिताब दिलाने के बाद इन अटकलों को खारिज किया। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, 'दूसरे कप्तानों की तुलना में रोहित का जीत का प्रतिशत देखिये , करीब 74 प्रतिशत है जो अतीत के बाकी कप्तानों से बेहतर है।' उन्होंने कहा, 'अगर वह खेलता रहा तो सर्वकालिक सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक होगा।' उन्होंने कहा, 'वह संन्यास क्यों ले ? उसका बतौर कप्तान ही नहीं बल्कि बल्लेबाज के तौर पर भी शानदार रिकॉर्ड है। चैम्पियंस ट्रॉफी फाइनल में उसने 76 रन बनाकर भारत को शानदार शुरूआत दी और जीत की नींव रखी। जब दबाव चरम पर था तब उसने मोर्चे से अगुवाई की।' डिविलियर्स ने कहा, 'रोहित शर्मा को संन्यास लेने की कोई जरूरत नहीं है। उसे किसी आलोचना को सुनने की भी जरूरत नहीं है। उसका रिकॉर्ड ही उसके लिये बोलता है। उसने अपने खेल को भी बदल दिया है। पावरप्ले में बतौर सलामी बल्लेबाज उसका स्ट्राइक रेट उतना ज्यादा नहीं था लेकिन 2022 के बाद से पहले पावरप्ले में यह 115 हो गया है। यही महान और अच्छे में फर्क होता है।'

### ब्रुक आईपीएल के दो सत्र के लिए निलंबित

**नयी दिल्ली :** इंग्लैंड के बल्लेबाज हैरी ब्रूक को इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2025 सत्र से आखिरी समय में हटने के बाद दो सत्र के लिए प्रतिबंधित कर दिया गया है। ब्रूक ने इस सप्ताह की शुरुआत में लगातार दूसरे सत्र के लिए खुद का इस लीग के लिए अनुपलब्ध करार देते हुए अपनी फ्रेंचाइजी दिल्ली कैपिटल्स और उनके समर्थकों से बिना शर्त माफी मांगी थी। बीसीसीआई के एक अधिकारी ने पीटीआई को बताया, 'एक नियम है और उसे लागू कर दिया गया है। प्रतिबंध 2025 और 2026 चरण तक लागू रहेगा।' भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) के आईपीएल से जुड़े नियमों के अनुसार अगर कोई विदेशी खिलाड़ी नीलामी में चुने जाने के बाद अनफिट नहीं होने की स्थिति में इस टूर्नामेंट में नहीं खेलता है तो उस पर आईपीएल में खेलने पर दो साल का प्रतिबंध लगाया जा सकता है। बीसीसीआई के पिछले साल टीमों के साथ साझा किए गए दस्तावेज़ के अनुसार, 'कोई भी (विदेशी) खिलाड़ी जो नीलामी के लिए पंजीकरण करता है और नीलामी में चुने जाने के बाद सत्र की शुरुआत से पहले खुद को अनुपलब्ध घोषित करता है तो उसे दो सत्र के लिए आईपीएल और आईपीएल नीलामी में भाग लेने से प्रतिबंधित कर दिया जाएगा।'

### शीर्ष क्रम में बल्लेबाजी करने में सबसे अधिक सहज हूं: केएल राहुल



**नयी दिल्ली :** केएल राहुल बल्लेबाजी क्रम में निचले स्थान पर खेलने के बावजूद लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं लेकिन अगर उन्हें विकल्प दिया जाए तो यह स्टाइलिश विकेटकीपर-बल्लेबाज शीर्ष क्रम में खेलने पर सबसे अधिक सहज होंगे। राहुल आमतौर पर पांचवें नंबर पर बल्लेबाजी करते हैं लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी में उन्हें एक स्थान नीचे धकेल दिया गया था। उन्होंने दुबई में पांच पारियों में 174 रन बनाए। इस नई चुनौती के लिए उनकी तैयारी और अपने खेल पर काम करते रहने के समर्पण से राहुल सफल रहे। उन्होंने कहा, ''मैं शीर्ष क्रम में खेलते हुए बड़ा हुआ हूं। 11 साल की उम्र में मेंगलोर में अपने पहले प्रतिस्पर्धी मैच से लेकर भारत के लिए खेलने के शुरुआती दिनों तक और अपने करियर के अधिकांश समय तक मैं शीर्ष क्रम का बल्लेबाज रहा हूं। यह वह स्थान है जिसमें मैं सबसे अधिक सहज हूं और जो मुझे सबसे अधिक स्वाभाविक लगता है। उन्होंने 'जियो हॉटस्टार' से बातचीत के दौरान कहा, जब आप 'टीम खेल' खेलते हैं तो आपको हमेशा यह चुनने का मौका नहीं मिलता कि आप क्या चाहते हैं। आपको लचीला होना चाहिए और टीम की जरूरतों के हिसाब से खुद को ढालने के लिए तैयार रहना चाहिए।

# वाणी ने लगातार तीसरा डब्ल्यूपीजीटी खिताब जीता



**गुरुग्राम :** फॉर्म में चल रही महिला गोल्फर वाणी कपूर ने बृहस्पतिवार को यहां 2025 हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर में लगातार तीसरी ट्रॉफी अपने नाम की। वाणी ने अंतिम दौर में एक ओवर 73 का कार्ड बनाया जिससे उन्होंने अपने घरेलू कोर्स में तीन शॉट से छठा डब्ल्यूपीजीटी चरण हासिल किया। वाणी ने 72-72-73 के कार्ड से एक ओवर 217 इवन पार का स्कोर बनाया। वहीं एमेच्योर गोल्फर अन्वी दहिया ने 71-77-74 के कार्ड से कुल 220 का स्कोर बनाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन किया। वाणी ने विधात्री उर्स के 2024 में लगातार तीन खिताब जीतने के बाद इस उपलब्धि में उनकी बराबरी की। इस जीत ने वाणी को ऑर्डर ऑफ मेरिट में भी शीर्ष पर पहुंचा दिया। वाणी ने 2014 से 2016 तक लगातार तीन बार ऑर्डर ऑफ मेरिट जीता लेकिन तब से वह मेरिट सूची में शीर्ष पर नहीं आ पाई क्योंकि वह अकसर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट में व्यस्त रहती है।

# आल इंग्लैंड चैंपियनशिप : क्रिस्टी को हराकर लक्ष्य अंतिम आठ में, मालविका हारीं

**बर्मिंघम :** भारत के लक्ष्य सेन ने बृहस्पतिवार को यहां आल इंग्लैंड चैंपियनशिप में दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी जोनाथन क्रिस्टी को सीधे गेम में हराकर उलटफेकर करते हुए पुरुष एकल क्वार्टरफाइनल में प्रवेश किया जबकि महिला एकल खिलाड़ियों का अभियान मालविका बंसोड के हारने के बाद समाप्त हो गया। लक्ष्य ने एक तरफा मुकाबले में क्रिस्टी को 21-13, 21-10 से पराजित करने में महज 36 मिनट लगाए। इस जीत से लक्ष्य का क्रिस्टी



के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 3-4 हो गया है। पेरिस ओलंपिक के बाद लक्ष्य तीसरे वरीय क्रिस्टी के खिलाफ पहली दफा खेल रहे थे। लक्ष्य ने शुरू से ही दबदबा बनाया और आसानी से जीत दर्ज की। वहीं मालविका प्री क्वार्टरफाइनल में दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची से सीधे गेम में हार गईं। दुनिया की तीसरे नंबर की खिलाड़ी यामागुची को दुनिया की 28वें नंबर की खिलाड़ी मालविका महज 33 मिनट में 21-16 21-13 से हराने में जरा भी पसीना नहीं बहाना पड़ा। यामागुची का अब मालविका के खिलाफ जीत का रिकॉर्ड 4-0 हो गया है। इससे पहले बुधवार को दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू भी महिला एकल से बाहर हो गई थीं।

### बीएफआई चुनाव के निर्वाचक मंडल से बाहर रखने के बाद ठाकुर गुट ने निर्वाचन अधिकारी से संपर्क किया

**नयी दिल्ली :** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के गुट ने बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह द्वारा चुनावों के लिए उनके नामांकन को खारिज करने के बाद बृहस्पतिवार को न्यायमूर्ति (सेवानिवृत्त) आरके गौबा से संपर्क किया, जो आगामी भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के चुनावों के लिए निर्वाचन अधिकारी हैं। दिल्ली उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायाधीश गौबा से मुलाकात के बाद ठाकुर गुट ने यह भी कहा कि वे 28 मार्च को होने वाले चुनावों से पहले विभिन्न कानूनी विकल्पों पर विचार कर रहे हैं। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के अध्यक्ष राजेश भंडारी ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, 'हमने आज निर्वाचन अधिकारी से मुलाकात की और उनसे बात की। उन्हें अपना मत रखा। हमें पूरी उम्मीद है।' उन्होंने कहा, 'इस मामले में अगर जरूरत हुई तो हम अदालत से हस्तक्षेप की मांग करेंगे। अनुराग ठाकुर हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ के सदस्य हैं। वे 2008 से इसके सदस्य हैं।' चुनाव के लिए नामांकन की अवधी 14 से 16 मार्च तक खुली रहेगी। अजय सिंह द्वारा हस्ताक्षरित बीएफआई अधिसूचना में बुधवार को कहा गया कि ठाकुर महासंघ के चुनावों के लिए 'अयोग्य' हैं, क्योंकि उनका नामांकन मुक्केबाजी निकाय के संविधान के साथ-साथ राष्ट्रीय खेल संहिता का उल्लंघन है।



### हमारी व्हिस्की पर अधिक शुल्क लगाया तो हम यूरोप की शराब पर 200 प्रतिशत शुल्क लगाएंगे: ट्रंप



**वाशिंगटन:** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बृहस्पतिवार को यूरोपीय संघ को धमकी दी कि अगर वह अमेरिकी व्हिस्की पर नियोजित शुल्क दर पर अडिग रहता है तो अमेरिका यूरोप से आयात होने वाली शराब, वाइन और शैंपेन पर 200 प्रतिशत शुल्क लगाएगा। यूरोपीय संघ ने इस्पात और एल्युमिनियम आयात पर शुल्क लगाने के ट्रंप के ऐलान के बाद अमेरिकी व्हिस्की पर 50 प्रतिशत शुल्क लगाने की घोषणा की है। यूरोपीय संघ इस शुल्क को एक अप्रैल से लागू करने जा रहा है। हालांकि, अमेरिकी राष्ट्रपति को यूरोपीय संघ का यह कदम नागवार गुजरा है। ट्रंप ने सुबह की अपनी सोशल मीडिया पोस्ट में कहा कि अगर यूरोपीय संघ अमेरिकी व्हिस्की पर नियोजित 50 प्रतिशत शुल्क की घोषणा पर टिका रहता है तो एक नया व्यापार युद्ध छिड़ जाएगा।

# एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को आईपीओ के लिए सेबी की हरी झंडी

**नयी दिल्ली :** दक्षिण कोरियाई चैबोल एलजी की अनुषंगी कंपनी एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड को 15,000 करोड़ रुपये के आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) के लिए बाजार नियामक सेबी की मंजूरी मिल गई है। मामले के जानकार लोगों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। पिछले साल अक्टूबर में हुंदै मोटर्स इंडिया लिमिटेड की सूचीबद्धता के बाद यह भारतीय शेयर बाजार में उतरने वाली दूसरी दक्षिण कोरियाई कंपनी होगी। दिसंबर में, एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया ने आईपीओ के लिए भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) के पास आईपीओ के लिए शुरुआती दस्तावेज दाखिल किए थे। आईपीओ के तहत मूल कंपनी 10.18 करोड़ से अधिक शेयर बेचेगी, जो 15 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है। मामले से अवगत लोगों ने बताया कि अब कंपनी को सेबी से अपना सार्वजनिक निर्गम लाने की मंजूरी मिल गई है। कंपनी ने कुल पेशकश के आकार का खुलासा नहीं किया, लेकिन उन्होंने कहा कि अनुमानित आईपीओ आकार 15,000 करोड़ रुपये का है। चूंकि सार्वजनिक निर्गम पूरी तरह से बिक्री पेशकश (ओएफएस) पर आधारित है, इसलिए एलजी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया को कोई आईपीओ आय प्राप्त नहीं होगी। जुटाई गई धनराशि दक्षिण कोरियाई मूल कंपनी को जाएगी।

# सरकार ने महत्वपूर्ण खनिजों के लिए भारत की पहली अन्वेषण लाइसेंस नीलामी शुरू की

**पणजी :** केंद्रीय कोयला एवं खान मंत्री जी किशन रेड्डी ने बृहस्पतिवार को महत्वपूर्ण खनिजों के 13 अन्वेषण ब्लॉक के लिए अन्वेषण लाइसेंस (ईएल) की देश की पहली नीलामी का शुभारंभ किया। रेड्डी ने गोवा के मुख्यमंत्री प्रमोद सावंत की मौजूदगी में डोना पाउला में अन्वेषण लाइसेंस की शुरुआत की, जो भारत के अप्रयुक्त महत्वपूर्ण और गहरे खनिज संसाधनों का उपयोग करने के उद्देश्य से एक बड़ा सुधार है। लाइसेंस दुर्लभ मृदा तत्व (आरईई), जस्ता, हीरा, तांबा, पीजीई (प्लैटिनम समूह खनिज) और ऐसे अन्य खनिजों के अन्वेषण ब्लॉक के लिए हैं। कार्यक्रम में महत्वपूर्ण खनिज ब्लॉक के 5वें चरण पर एक 'रोड शो' और 'एआई हैकथॉन-2025' का शुभारंभ भी शामिल था। यह एक खनिज अन्वेषण हैकथॉन है जो 'एआई (कृत्रिम मेधा) का उपयोग करके खनिज लक्ष्यीकरण' पर केंद्रित है। उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री रेड्डी ने कहा कि पिछले 10 साल में भारत के खनन क्षेत्र ने कई उपलब्धियां हासिल की हैं और यह देश के सबसे तेज और सर्वाधिक गतिशील क्षेत्रों में से एक के रूप में उभरा है।

# सेंसेक्स में लगातार पांचवें दिन गिरावट; रियल्टी, वाहन शेयरों में बिकवाली से 201 अंक और टूटा

**मुंबई :** स्थानीय शेयर बाजार में बृहस्पतिवार को गिरावट रही और बीएसई सेंसेक्स 201 अंक लुढ़क गया। रियल्टी, आईटी तथा वाहन शेयरों में बिकवाली के कारण सेंसेक्स में लगातार पांचवें कारोबारी सत्र में गिरावट रही। तीस शेयरों पर आधारित सेंसेक्स शुरुआती बढ़त को बरकरार नहीं रख पाया और 200.85 अंक यानी 0.27 प्रतिशत की गिरावट के साथ 73,828.91 अंक पर बंद हुआ। सेंसेक्स में शामिल शेयरों में 22 नुकसान में जबकि आठ लाभ में रहे। सूचकांक बढ़त के साथ खुला और एक समय 74,401.11 अंक तक चला गया। हालांकि, प्रमुख कंपनियों के शेयरों में चुनिंदा बिकवाली से यह नीचे आया और एक समय 259.17 अंक



तक गिर गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 73.30 अंक यानी 0.33 प्रतिशत की गिरावट के साथ 22,397.20 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 93.15 अंक तक टूट गया था। सेंसेक्स में शामिल 30 शेयरों में से जोमैटो, टाटा मोटर्स, इंडसइंड बैंक, एशियन पेंट्स, बजाज फाइनेंस, मारुति सुजुकी इंडिया, अदाणी पोर्ट्स, हिंदुस्तान यूनिलीवर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, बजाज फिनसर्व, अल्ट्राटेक सीमेंट और इन्फोसिस प्रमुख रूप से नुकसान में रहे। दूसरी तरफ, लाभ में रहने वाले शेयरों में भारतीय स्टेट बैंक, आईसीआईसीआई बैंक, टाटा स्टील, एनटीपीसी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक और सन फार्मास्युटिकल्स शामिल हैं। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, 'अवकाश के कारण छोटा कारोबारी सप्ताह और अमेरिकी शेयर बाजार में बिकवाली वैश्विक बाजार में उतार-चढ़ाव ला रही है। हालांकि, भारत मामूली नकारात्मक रुझान के साथ कुल मिलाकर बेहतर प्रदर्शन के साथ मजबूती से टिका है।' रेलिगेयर ब्रोकिंग लिमिटेड के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा, 'वायदा एवं विकल्प खंड में सौदों के मासिक निपटान के दिन, बाजार सीमित दायरे में रहा और थोड़े नुकसान के साथ बंद हुआ।

### सभी को नुकसान होगा: संयुक्त राष्ट्र प्रमुख ने बढ़ते वैश्विक व्यापार युद्ध के बीच चेतावनी दी

**संयुक्त राष्ट्र :** संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुतारेस ने अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन द्वारा कथित तौर पर शुरू किए गए व्यापार युद्ध की पृष्ठभूमि में चेतावनी दी है कि जब देश व्यापार युद्ध करेंगे तो 'सभी को नुकसान होगा'। गुतारेस ने बुधवार को यहां कहा, 'मेरा मानना है कि हम एक वैश्विक अर्थव्यवस्था में रह रहे हैं जहां सब कुछ आपस में जुड़ा हुआ है और जाहिर है, मुक्त व्यापार की स्थिति का एक बड़ा फायदा यह है कि इससे सभी देशों को लाभ होने की स्थिति बनती है। जब हम व्यापार युद्ध में उतरते हैं तो मेरा मानना है कि इसमें सभी को नुकसान होगा।' उन्होंने बढ़ते वैश्विक व्यापार युद्ध पर एक सवाल के जवाब में यह बात कही। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने व्हाइट हाउस में अपने दूसरे कार्यकाल में कहा है कि अमेरिका उन देशों पर जवाबी शुल्क लगाएगा जो अमेरिकी वस्तुओं पर उच्च शुल्क लगाते हैं। इस्पात और एल्युमीनियम पर ट्रंप प्रशासन द्वारा लगाए गए वैश्विक शुल्क लागू हो गए हैं, जिसके बाद यूरोपीय संघ (ईयू) और कनाडा ने भी अमेरिकी उत्पादों पर शुल्क लगाने की घोषणा की है।

### तमिलनाडु की सरकारी शराब कंपनी में 1,000 करोड़ रुपये की हेराफेरी के साक्ष्य: ईडी



**नयी दिल्ली :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने बृहस्पतिवार को कहा कि उसे तमिलनाडु की सरकारी शराब कंपनी टैसमैक के संचालन में 'कई अनियमितताएं' मिली हैं, जिनमें निविदा प्रक्रियाओं में हेराफेरी और डिस्टिलरी कंपनियों के जरिये 1,000 करोड़ रुपये के 'बेहिसाब' नकद लेनदेन शामिल हैं। आर्थिक जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि उसे छह मार्च को तमिलनाडु राज्य विपणन निगम लिमिटेड (टैसमैक) के कर्मचारियों, डिस्टिलरी के कॉरपोरेट कार्यालयों और उत्पादन संयंत्रों पर छापेमारी के बाद इन भ्रष्ट आचरणों का संकेत देने वाले 'साक्ष्य' मिले। ईडी के सूत्रों ने छापेमारी के दिन कहा था कि शराबबंदी और आबकारी विभाग के मंत्री सेंथिल बालाजी से जुड़े 'प्रमुख सहयोगियों' के खिलाफ भी छापेमारी की गई थी। ईडी ने कहा कि उसे तलाशी के दौरान स्थानांतरण एवं पदस्थापन, परिवहन और बियर बार के लाइसेंस निविदा, कुछ डिस्टिलरी कंपनियों के पक्ष में आदेश, टैसमैक की दुकानों से प्रति बोतल 10-30 रुपये का अतिरिक्त शुल्क, इसके अधिकारियों की 'संलिप्तता' से संबंधित आंकड़ा मिला है। इसने कहा कि यह डेटा टैसमैक के परिवहन निविदा आवंटन में 'हेराफेरी' दिखाता है। इससे पता चलता है कि अंतिम सफल बोलीदाता ने आवेदन की समयसीमा से पहले अपेक्षित डिमांड ड्राफ्ट भी नहीं पेश किया था। अंतिम बोली में केवल एक ही आवेदक होने के बावजूद निविदाएं प्रदान की गईं। ईडी ने कहा कि तमिलनाडु सरकार की शराब विक्रेता कंपनी टैसमैक ने ट्रांसपोर्टरों को सालाना 100 करोड़ रुपये से अधिक का भुगतान किया। जांच एजेंसी ने आरोप लगाया कि तलाशी में एसएनजे, काल्स, एकॉर्ड, एसएआईएफएल और शिवा डिस्टिलरी जैसी डिस्टिलरी कंपनियों और देवी बॉटल्स, क्रिस्टल बॉटल्स और जीएआर होल्डिंग जैसी बॉटलिंग संस्थाओं से जुड़ी बड़े पैमाने पर वित्तीय धोखाधड़ी भी पाई गई।

### कनाडा, यूरोपीय संघ ने ट्रंप के इस्पात और एल्युमीनियम शुल्क के खिलाफ जवाबी कार्रवाई की

**ब्रसेल्स:** अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा एल्युमीनियम और इस्पात के आयात पर बढ़ाए गए शुल्क पर प्रमुख व्यापार साझेदारों ने तुरंत पलटवार करते हुए कपड़ा और 'वाटर हीटर' (पानी गर्म करने का उपकरण) से लेकर बीफ और बॉर्बन समेत कई अमेरिकी उत्पादों पर नए और कड़े कर लगा दिए। अमेरिका को इस्पात और एल्युमीनियम के सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता कनाडा ने बुधवार को कहा कि वह इस्पात उत्पादों पर 25 प्रतिशत जवाबी शुल्क लगाएगा तथा उपकरण, कंप्यूटर और सर्वर, डिस्प्ले मॉनिटर, खेल उपकरण और कच्चा लोहा उत्पाद जैसे कई वस्तुओं पर कर बढ़ाएगा। अटलांटिक महासागर के पार, यूरोपीय संघ (ईयू) अमेरिकी बीफ, मुर्गी पालन, बॉर्बन और मोटरसाइकिल, मूंगफली के मक्खन और जींस पर शुल्क बढ़ाएगा। कुल मिलाकर, नए शुल्क से कंपनियों को अरबों डॉलर का नुकसान होगा और दुनिया की दो प्रमुख व्यापार साझेदारियों में अनिश्चितता और बढ़ेगी।

## न्यूज अपडेट

### सोना 600 रुपये चढ़कर 89,450 रुपये के नए रिकॉर्ड स्तर पर, चांदी 1,000 रुपये मजबूत

**नयी दिल्ली :** वैश्विक बाजारों में मजबूती के रुख के बीच बृहस्पतिवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 600 रुपये की तेजी के साथ 89,450 रुपये प्रति 10 ग्राम के सर्वकालिक उच्चस्तर पर जा पहुंची। स्थानीय कारोबारियों ने यह जानकारी दी है। बुधवार को 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 88,850 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 600 रुपये बढ़कर 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर फिर से जा पहुंचा। पहले यह 88,450 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। 20 फरवरी को, 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने की कीमत 50 रुपये बढ़कर 89,450 रुपये और 89,050 रुपये प्रति 10 ग्राम के उच्चस्तर पर पहुंच गई। चांदी की कीमत भी 1,000 रुपये की तेजी के साथ करीब पांच माह के उच्च स्तर 1,01,200 रुपये प्रति किलोग्राम हो गई। पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,00,200 रुपये प्रति किलोग्राम बंद हुई थी।

### रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 87.05 प्रति डॉलर पर

**मुंबई :** मजबूत वृहद आर्थिक आंकड़ों और कच्चे तेल की कीमतों में नरमी के बीच अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में बृहस्पतिवार को रुपया 17 पैसे की बढ़त के साथ 87.05 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि इसके अलावा, अमेरिकी डॉलर सूचकांक में हाल की कमजोरी ने भी स्थानीय मुद्रा को समर्थन दिया। उन्होंने कहा कि हालांकि, घरेलू शेयर बाजारों में गिरावट और विदेशी पूंजी की निरंतर निकासी ने तेज बढ़त को सीमित कर दिया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 87.13 पर खुला और डॉलर के मुकाबले दिन के उच्चस्तर 86.94 तक चला गया। रुपये ने 87.15 के निचले स्तर को भी छुआ और कारोबार के अंत में यह 87.05 प्रति डॉलर पर बंद हुआ। यह पिछले बंद स्तर से 17 पैसे की बढ़त है।

### एमटीएनएल के शेयर में 12 प्रतिशत से अधिक की तेजी

**नयी दिल्ली :** सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनी एमटीएनएल को मौद्रीकरण पहल के जरिये जनवरी, 2025 तक 2,134.61 करोड़ रुपये की आय होने की सूचना आने के बाद बृहस्पतिवार को इसके शेयरों में 12 प्रतिशत से अधिक का उछाल दर्ज किया गया। महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) के शेयर बीएसई पर 12.55 प्रतिशत चढञकर 48.78 रुपये के भाव पर बंद हुए। इसी तरह नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) पर इसका शेयर 11.47 प्रतिशत बढ़त के साथ 48.20 रुपये पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय एमटीएनएल का शेयर 18.36 प्रतिशत तक उछलकर बीएसई एवं एनएसई पर क्रमशः 51.30 रुपये प्रति शेयर और 51.18 रुपये प्रति शेयर पर पहुंच गया था। एनएसई पर इसके कुल 7.60 करोड़ शेयरों का लेनदेन हुआ जबकि बीएसई पर यह आंकड़ा 72.08 लाख शेयरों का रहा। एमटीएनएल के शेयरों में यह तेजी बुधवार को संसद में सरकार के बयान के बाद आई है। सरकार ने संसद में बताया कि सरकारी दूरसंचार कंपनियों- बीएसएनएल और एमटीएनएल ने 2019 से भूमि, भवन, टावर और फाइबर नेटवर्क के मौद्रीकरण से कुल 12,984.86 करोड़ रुपये कमाए हैं।

### प्रवर्तक अजय सिंह ने स्पाइसजेट में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 52 करोड़ रुपये में बेची

**नयी दिल्ली :** स्पाइसजेट के प्रवर्तकों में से एक और प्रबंध निदेशक अजय सिंह ने बृहस्पतिवार को खुले बाजार में लेनदेन के जरिये एयरलाइन में करीब एक प्रतिशत हिस्सेदारी 52 करोड़ रुपये में बेची। बीएसई पर थोक सौदों के आंकड़ों के मुताबिक, अजय सिंह ने 1.15 करोड़ से ज्यादा शेयर बेचे। यह गुरुग्राम स्थित स्पाइसजेट में 0.9 प्रतिशत हिस्सेदारी के बराबर है।

# केंद्र सरकार कितने भी मामले दर्ज कर ले, झुकेंगे नहीं : मनीष सिसोदिया

**नयी दिल्ली :** आम आदमी पार्टी (आप) के वरिष्ठ नेता मनीष सिसोदिया ने बृहस्पतिवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत केंद्र सरकार उनके खिलाफ चाहे जितने भी मामले दर्ज कर ले, वह झुकेंगे नहीं। इससे पहले, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में दो हजार करोड़ रुपये के कथित घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में सिसोदिया और जैन के मंत्री रहने के दौरान हुए कथित घोटाले



के संबंध में उनके खिलाफ एक प्राथमिकी दर्ज करने को मंजूरी दे दी है। सिसोदिया ने एक बयान में कहा, ''मेरे संज्ञान में आया है कि केंद्र सरकार ने स्कूल भवन और कक्षाओं के निर्माण को लेकर मेरे और सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है।'' दिल्ली के पूर्व शिक्षा मंत्री सिसोदिया ने कहा, ''मैं भाजपा और केंद्र सरकार से कहना चाहता हूं कि जितने मामले दर्ज करने हैं कर लो। चाहे वो मेरे खिलाफ हो, सत्येंद्र जैन के खिलाफ हो, आतिशी के खिलाफ हो, अरविंद केजरीवाल के खिलाफ हो या फिर आम आदमी पार्टी के किसी और नेता के खिलाफ हो, हम भाजपा के सामने नहीं झुकेंगे।''

### 2,000 करोड़ रु के कक्षा घोटाले में सिसौदिया और जैन के खिलाफ प्राथमिकी को राष्ट्रपति की मंजूरी

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने दिल्ली सरकार के स्कूलों में कक्षाओं के निर्माण में 2000 करोड़ रुपये के कथित घोटाले में आप नेता मनीष सिसोदिया और सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। सूत्रों ने यह जानकारी दी। दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने 2022 में कथित घोटाले की जांच की सिफारिश की थी और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी थी। सूत्रों ने बताया कि राष्ट्रपति ने अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली दिल्ली सरकार में सिसोदिया और जैन के मंत्री रहने के दौरान हुए कथित घोटाले के संबंध में उनके खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने को मंजूरी दे दी है।

## ओडिशा में एक अप्रैल से शुरू होगी आयुष्मान भारत योजना

**भुवनेश्वर :** ओडिशा सरकार ने एक अप्रैल से राज्य में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना (पीएम-जेएवाई) शुरू करने का फैसला किया है। आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के साथ ही राज्य की मौजूदा गोपबंधु जन आरोग्य योजना भी जारी रहेगी। बुधवार रात मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी की अध्यक्षता में हुई बैठक में यह फैसला लिया गया। इस योजना को शुरू करने के लिए राज्य के सभी 1,438 प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि इस योजना का प्रचार और प्रसार करने के लिए बड़े पैमाने पर जागरुकता अभियान शुरू किया जाएगा।

## गृह मंत्री अमित शाह शुक्रवार रात से तीन दिवसीय असम और मिजोरम दौरे पर: हिमंत

**गुवाहाटी :** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने बृहस्पतिवार को कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पूर्वोत्तर राज्य (असम) और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे के तहत शुक्रवार रात जोरहाट पहुंचेंगे। पत्रकारों से बातचीत के दौरान शर्मा ने कहा कि जोरहाट पहुंचने के तुरंत बाद शाह गोलाघाट जिले के देरगांव जाएंगे, जहां वह लचित बरफुकन पुलिस अकादमी में रात्रि विश्राम करेंगे। शर्मा ने बताया कि शनिवार सुबह शाह मिजोरम रवाना होने से पहले अत्याधुनिक पुलिस अकादमी का उद्घाटन करेंगे। उन्होंने बताया कि मिजोरम में शाह असम राइफल्स कार्यालय को आइजोल से जोखावसांग स्थानांतरित करने के अवसर पर आयोजित समारोह में शामिल होंगे जो राज्य की राजधानी से लगभग 15 किलोमीटर दूर है। शाह दिन में बाद में गुवाहाटी लौटेंगे और कोइनाधारा स्थित राज्य अतिथि



गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। रविवार की सुबह गृह मंत्री ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए असम के कोकराझार जिले के डोटमा के लिए रवाना होंगे। शाह दोपहर में गुवाहाटी लौटेंगे और पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ भारतीय न्याय संहिता की प्रगति की समीक्षा करेंगे। शर्मा ने कहा, प्रत्येक राज्य बीएनएस के अब तक के कार्यान्वयन पर जानकारी प्रस्तुत करेगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि शाह रविवार रात को नयी दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

## न्यूज इन ब्रीफ

### सीबीआई के पूर्व निदेशक आर सी शर्मा का निधन

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) के पूर्व निदेशक आर सी शर्मा का बृहस्पतिवार को निधन हो गया। वह बोफोर्स, प्रतिभूति घोटाला और स्वयंभू धर्मगुरु चंद्रास्वामी से जुड़ी कुछ महत्वपूर्ण जांचों का हिस्सा रहे थे। एजेंसी ने एक बयान में यह जानकारी दी। हरियाणा कैडर के 1963 बैच के आईपीएस अधिकारी शर्मा ने जोगिंदर सिंह की जगह सीबीआई प्रमुख का पद संभाला था, जिन्हें केंद्रीय गृह मंत्रालय में भेज दिया गया था। शर्मा ने 30 जून, 1997 से 31 जनवरी, 1998 तक एजेंसी का नेतृत्व किया। जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा, ''सीबीआई शोक संतप्त परिवार के प्रति अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करती है और ईश्वर से प्रार्थना करती है कि परिवार को इस अपूरणीय क्षति को सहन करने की शक्ति और धैर्य प्रदान करें।''

### अदालत ने रोज वैली समूह के निवेशकों को 450 करोड़ रुपये वितरित करने का आदेश दिया

**नयी दिल्ली :** ओडिशा की एक विशेष अदालत ने बहुराज्यीय चिटफंड घोटाले में प्रवर्तन निदेशालय द्वारा कुर्क की गई 450 करोड़ रुपये की धनराशि को वैध दावेदारों और निवेशकों को लौटाने का आदेश दिया है। यह घोटाला कथित तौर पर रोज वैली समूह की कंपनियों द्वारा अंजाम दिया गया था। प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक बयान में कहा कि भुवनेश्वर की एक विशेष पीएमएलए अदालत ने अपराध से प्राप्त 332.76 करोड़ रुपये की राशि जारी करने का आदेश दिया है, जिसका वर्तमान मूल्य ब्याज सहित 450 करोड़ रुपये है। रोज वैली समूह का नेतृत्व इसके प्रबंध निदेशक गौतम कुंडू कर रहे थे। ईडी ने यह राशि जब्त कर ली थी और इसे विभिन्न बैंक खातों में सावधि जमा के रूप में रखा गया था। रोज वैली समूह की कंपनियां कथित तौर पर ओडिशा, पश्चिम बंगाल, असम और त्रिपुरा राज्यों में काम करती थीं।

### भारत और बांग्लादेश ने आपसी सहयोग बढ़ाने के लिए बंगाल की खाड़ी में नौसैन्य अभ्यास किया

**नयी दिल्ली :** भारत और बांग्लादेश ने इस सप्ताह बंगाल की खाड़ी में एक नौसैन्य अभ्यास किया और समन्वित गश्त की। इसने दोनों देशों की नौसेनाओं को निर्बाध समुद्री संचालन के लिए एक-दूसरे के साथ बेहतर तालमेल और योजना बनाने तथा जानकारी साझा करने का अवसर प्रदान किया। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को बताया कि बोंगोसागर 2025 में भारतीय नौसेना की ओर से आईएनएस रणवीर और बांग्लादेशी नौसेना की ओर से बीएनएस अबू उबैदा ने भाग लिया। भारतीय नौसेना के प्रवक्ता ने कहा, दोनों देशों की नौसेनाओं के बीच बेहतर सहयोग और संचालन की क्षमता यह दिखाती है कि दोनों देश मिलकर वैश्विक सुरक्षा समस्याओं का सामना करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।'' उन्होंने बताया कि इस अभ्यास से दोनों नौसेनाओं को निर्बाध समुद्री संचालन के लिए सामरिक योजना, समन्वय और सूचना साझा करने में संबंध प्रगाढ़ करने का अवसर मिला।

### जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के दो मददगार गिरफ्तार

**श्रीनगर :** जम्मू कश्मीर के बांदीपोरा जिले में सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों के दो मददगारों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि खुफिया सूचना के आधार पर सुरक्षा बलों ने बुधवार को उत्तरी कश्मीर जिले के गंदबल-हाजिन रोड पर तलाशी अभियान शुरू किया। अधिकारियों के अनुसार, तलाशी के दौरान आतंकवादियों के दो मददगारों को गिरफ्तार कर लिया गया और उनके पास से एक पिस्तौल, एक पिस्तौल मैगजीन, दो ग्रेनेड, एक एके राइफल मैगजीन और कुछ गोला-बारूद बरामद किया गया।

## पेपर लीक से 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में, यह व्यवस्थागत विफलता : राहुल

**नयी दिल्ली :** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने बृहस्पतिवार को कहा कि पेपर लीक एक 'व्यवस्थागत विफलता' है और इसका खात्मा तब ही होगा जब सभी राजनीतिक दल एवं सरकारें मतभेद भुलाकर तथा मिलकर कदम उठाएंगे। उन्होंने यह दावा भी किया कि पेपर लीक होने से छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में है। राहुल गांधी ने एक खबर का हवाला देते हुए सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर पोस्ट किया, ''छह राज्यों में 85 लाख बच्चों का भविष्य ख़तरे में - पेपर लीक होना हमारे युवाओं के लिए सबसे ख़तरनाक चक्रव्यूह



बन गया है। पेपर लीक मेहनती छात्रों और उनके परिवारों को अनिश्चितता और तनाव में धकेल देता है, उनके परिश्रम का फल उनसे छीन लेता है। साथ ही यह अगली पीढ़ी को गलत संदेश देता है कि बेईमानी, मेहनत से बेहतर हो सकती है। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है।'' उन्होंने कहा कि अभी एक साल भी नहीं हुआ, जब 'नीट' के पेपर लीक ने देश को झकझोर दिया था। उन्होंने कहा कि हमारे विरोध के बाद नरेन्द्र मोदी सरकार ने नए कानून के पीछे छुप कर उसे समाधान बताया, लेकिन इतने सारे हालिया लीक ने उसे भी विफल साबित कर दिया।

## लोगों को परंपराओं और त्योहारों के प्रति उचित सम्मान दिखाना चाहिए: राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ पदाधिकारी

**नयी दिल्ली :** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी सुनील आंबेकर ने बृहस्पतिवार को कहा कि हाल ही में संपन्न महाकुंभ ने यह संदेश दिया है कि इसमें अभी देश के लोगों को एकजुट करने के सदियों पुराने सूत्र के रूप में काम करने की क्षमता है और इस कारण लोगों को ऐसी परंपराओं के प्रति उचित सम्मान दिखाना चाहिए। यहां एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि होली जैसी परंपराओं और त्योहारों का लक्ष्य लोगों को एक-दूसरे के करीब लाना तथा एक साथ मिलकर सही रास्ते पर लाना है। उत्तर प्रदेश में 26 फरवरी को संपन्न हुए 45 दिवसीय महाकुंभ में 66 करोड़ से अधिक तीर्थयात्री और



पर्यटक त्रिवेणी संगम में डुबकी लगाने के लिए प्रयागराज पहुंचे। संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख आंबेकर ने कहा, कुंभ ने एक बहुत अच्छा संदेश दिया है कि चाहे कितनी भी चुनौतियां क्यों न आ जाएं, पूरे भारत को एक करने का हमारा पुराना सूत्र या हमारे कुछ ऐसे आयोजन कितनी ताकत रखते हैं। चाहे कुछ भी हो जाए, हमारी पुरानी परंपराएं पूरे भारत को एकजुट करने की क्षमता रखती हैं जिससे वह सभी मतभेदों से ऊपर उठ सके। संघ के वरिष्ठ पदाधिकारी ने कहा, किसी भी विषय पर चर्चा की जा सकती है और हम हर विषय की समीक्षा कर सकते हैं, लेकिन हम सभी यह सुनिश्चित करने का ध्यान रखते हैं कि इसकी (परंपराओं की) प्रतिष्ठा और सुंदरता बरकरार रहे। उन्होंने कहा, मुझे लगता है कि पत्रकारों को भी इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि वे जो भी समीक्षा या रिपोर्ट करें... यह बुनियादी बात है और सभी को इसका संदर्भ ध्यान में रखना चाहिए। आंबेकर ने कहा कि भारत एक विविधतापूर्ण देश है, जिसमें अलग-अलग रंग हैं और संघ का प्रयास सभी को साथ लेकर आगे बढ़ना है।

## केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण में हिंदी कार्यशाला का आयोजन

**प्रयागराज :** केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन ने हिंदी वर्तनी का शुद्ध प्रयोग विषय पर हिंदी कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला में वक्ता डॉक्टर ब्रजेश कुमार खरे, मुख्य



कार्यालय अधीक्षक (सतर्कता) ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को हिंदी व्याकरण सहित शब्दों के सही एवं शुद्ध उच्चारण/लेखन की जानकारी दी। अभ्यास सत्र के दौरान अधिकारियों एवं कर्मचारियों से विभिन्न शब्दों को लिखवाया गया तथा अशुद्ध रूप में प्रचलित शब्दों के संबंध में शंका का समाधान किया गया। इस कार्यशाला का उद्देश्य हिंदी भाषा के प्रयोग में सुधार और हिंदी वर्तनी के नियमों को समझना था। अपने अध्यक्षीय संबोधन में उप मुख्य राजभाषा अधिकारी श्री कल्याण सिंह ने हिंदी के वर्तनी के महत्व पर बल दिया और कहा कि हिंदी भाषा का सही प्रयोग हमारी संस्कृति एवं राष्ट्रीयता को मजबूत बनाने में मदद करता है, केन्द्रीय रेल विद्युतीकरण संगठन हिंदी भाषा के प्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रतिबद्ध है तथा इस कार्यशाला का आयोजन इसी दिशा में एक कदम है। कार्यशाला में मुख्यालय के श्री संदीप नारायण श्रीवास्तव, वरिष्ठ विधि अधिकारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## मध्यप्रदेश में हर 200 किलोमीटर पर होगा हवाई अड्डा: मुख्यमंत्री यादव

**भोपाल :** मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने बृहस्पतिवार को कहा कि सरकार हर 200 किलोमीटर पर एक हवाई अड्डा और हर 150 किलोमीटर पर एक हवाई पट्टी का निर्माण करायेगी। उन्होंने साथ ही यह भी कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक हेलीपैड सह खेल स्टेडियम भी बनाया जाएगा। यादव ने विधानसभा में राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव को लेकर उत्तर देते हुए राज्य में आगामी एक्सप्रेसवे परियोजनाओं पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि राज्य की नई विमानन नीति के तहत भाजपा सरकार इस क्षेत्र को बढ़ावा देने और पूरे मध्यप्रदेश में हवाई संपर्क में सुधार करने का प्रयास कर



रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य की नई विमानन नीति के अनुसार, हर 200 किलोमीटर पर एक हवाई अड्डा बनाया जाएगा और हर 150 किलोमीटर पर एक हवाई पट्टी बनाई जाएगी। यादव ने कहा कि प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में एक छोटा स्टेडियम और दो कमरे होंगे, जिसमें हेलीपैड भी होगा। उन्होंने कहा कि एक तरह से यह बहुउद्देशीय सुविधा होगी। यादव ने मध्यप्रदेश के सड़क ढांचे के बारे में कहा कि सरकार छह एक्सप्रेसवे नर्मदा प्रगति पथ, विंध्य एक्सप्रेस पथ, मालवा-निमाड़ एक्सप्रेस पथ, बुंदेलखंड विकास पथ, मध्य भारत विकास पथ और अटल प्रगति पथ बनाकर राज्य की एक अलग पहचान बनाने की योजना बना रही है। उन्होंने भोपाल और इंदौर में बस रैपिड ट्रांजिट सिस्टम (बीआरटीएस) कॉरिडोर को हटाने का हवाला देते हुए कहा कि राज्य सरकार विकास से संबंधित इसी तरह के फैसले लेने से पीछे नहीं हटेगी।

## मोदी की यात्रा के दौरान भारत, मॉरीशस ने धनशोधन, भ्रष्टाचार से निपटने के लिए समझौते पर हस्ताक्षर किए

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की हालिया यात्रा के दौरान भारत और मॉरीशस ने धनशोधन, भ्रष्टाचार, धोखाधड़ी, संपत्ति बरामदगी और अवैध गतिविधियों के वित्तपोषण से निपटने में सहयोग बढ़ाने के लिए एक समझौते पर हस्ताक्षर किए। ईडी ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। संघीय जांच एजेंसी ने एक बयान में कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और मॉरीशस के वित्तीय अपराध आयोग (एफसीसी) के बीच सहयोग से वित्तीय प्रवर्तन क्षमताओं को बढ़ावा मिलेगा और दोनों देशों के बीच व्यापक आर्थिक और सुरक्षा सहयोग में भी योगदान मिलेगा। मोदी और मॉरीशस के प्रधानमंत्री नवीनचंद्र रामगुलाम की उपस्थिति में समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। ईडी के अनुसार, समझौता ज्ञापन पर विचार-विमर्श के दौरान ईडी और एफसीसी ने सीमा पार धनशोधन अपराधों का पता लगाने, जांच करने और मुकदमा चलाने के लिए ''संयुक्त अभियान'' की संभावनाओं का पता लगाया। उन्होंने दोनों संगठनों के अधिकारियों के बीच आदान-प्रदान कार्यक्रमों, अनुभव साझा करने, प्रशिक्षण और दक्षता विकास के महत्व को भी रेखांकित किया। बयान में कहा गया कि ईडी निदेशक राहुल नवीन ने वित्तीय अपराध जांच में एजेंसी की विशेषज्ञता, धनशोधन के मुकदमों में इसकी ''उच्च'' दोषसिद्धि दर तथा संपत्ति का पता लगाने, जब्ती और वसूली में इसके ''सफल'' ट्रैक रिकॉर्ड पर प्रकाश डाला।

## ईडी ने कर्नाटक की अभिनेत्री से जुड़े सोना तस्करी मामले में छापेमारी की

**नयी दिल्ली/बेंगलुरु :** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कथित सोना तस्करी गिरोह की ''बड़ी साजिश'' से संबद्ध धन शोधन जांच के तहत बृहस्पतिवार को बेंगलुरु और कुछ अन्य स्थानों पर छापेमारी की। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। कर्नाटक में राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने हाल में सोना तस्करी के मामले में एक अभिनेत्री को गिरफ्तार किया है। सूत्रों ने बताया कि हाल में केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) की प्राथमिकी और डीआरआई के एक मामले का संज्ञान लेते हुए धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है। डीआरआई के मामले में अभिनेत्री रान्या राव को सोना तस्करी के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। उन्होंने बताया कि जांच का उद्देश्य हवाई अड्डों के माध्यम से सोने की तस्करी की बड़ी साजिश और प्रभावशाली व्यक्तियों, सरकारी अधिकारियों एवं ''राजनीतिक व्यक्तियों'' सहित विभिन्न लोगों द्वारा अपराध से धन अर्जित करने की पड़ताल करना है। सूत्रों के अनुसार कर्नाटक में बेंगलुरु सहित कई स्थानों पर छापेमारी की जा रही है। डीआरआई ने तीन मार्च को दुबई से लौटने के बाद यहां केम्पेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर अभिनेत्री के पास से 12.56 करोड़ रुपये मूल्य की सोने की छड़ें जब्त की थीं जिसके बाद राव को गिरफ्तार किया गया।

## गुजरात: विदेश से भेजे गए पार्सल से 3.45 करोड़ रुपये मूल्य का हाइब्रिड गांजा और अन्य मादक पदार्थ जब्त

**अहमदाबाद :** अमेरिका और कनाडा समेत अन्य देशों से गुजरात के अहमदाबाद भेजे गए पार्सल में 'सॉफ्ट टॉय' और खाद्य उत्पादों में छिपाकर रखे गये करीब 3.45 करोड़ रुपये के 'हाइब्रिड' गांजा और अन्य मादक पदार्थ जब्त किये गये हैं। पुलिस ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अपराध शाखा ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कुछ समय पहले अहमदाबाद स्थित विदेशी डाकघर में मादक पदार्थ वाले ये पार्सल प्राप्त हुए थे, लेकिन उसपर किसी ने दावा नहीं किया है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि अधिकारियों की कार्रवाई से बचने के लिए मादक पदार्थों को 'सॉफ्ट टॉय' के साथ-साथ प्रोटीन पाउडर जैसे खाद्य उत्पादों के अंदर छिपाया गया था और फिर उन्हें पार्सल में पैक किया गया था। विज्ञप्ति में कहा गया है कि 3.45 करोड़ रुपये मूल्य के मादक पदार्थ की बरामदगी के बाद, शहर की अपराध शाखा ने अज्ञात प्रेषकों और प्राप्तकर्ताओं के खिलाफ एनडीपीएस अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत एक प्राथमिकी दर्ज की है। विज्ञप्ति के अनुसार इन 105 पार्सल में 3.12 करोड़ रुपये मूल्य का 10.55 किलोग्राम हाइब्रिड गांजा, 3.95 लाख रुपये मूल्य का 79 ग्राम चरस, आइसोप्रोपिल नाइट्राइट की छह बोतलें, 24.80 लाख रुपये मूल्य का 248 ग्राम एमडीएमए और 'कैनबिस ऑयल' की 32 बोतलें (प्रत्येक 5 एमएल) थीं।

## हिमाचल प्रदेश में रविवार तक बारिश और हिमपात होने की संभावना

**शिमला :** हिमाचल प्रदेश में रविवार तक व्यापक पैमाने पर बारिश और हिमपात होने की संभावना है। स्थानीय मौसम विभाग ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। मौसम विभाग ने शनिवार और रविवार को चंबा, कांगड़ा और कुल्लू जिलों में अलग-अलग स्थानों पर भारी बारिश, आंधी और बिजली गिरने का 'येलो' अलर्ट भी जारी किया है। रविवार को मंडी में भारी बारिश और शनिवार को लाहौल-स्पीति में भारी हिमपात होने की संभावना है। मौसम विभाग ने पर्यटन स्थलों मनाली, नारकंडा, कुफरी, सोलांग वैली, सिस्सू और आसपास के क्षेत्रों में हल्के से मध्यम हिमपात और राज्य की राजधानी शिमला में बारिश का अनुमान जताया है। विभाग ने बताया कि बृहस्पतिवार से रविवार तक किन्नौर और कांगड़ा, चंबा और कुल्लू जिलों के ऊंचे इलाकों में अधिकांश स्थानों पर हिमपात होने की संभावना है। इसी अवधि के दौरान दस जिलों सिरमौर, शिमला, मंडी, सोलन, हमीरपुर, बिलासपुर, ऊना, कांगड़ा, चंबा और कुल्लू में गरज और चमक के साथ कई स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश हो सकती है। चूंकि बारिश और हिमपात के कारण सड़कें फिसलन भरी हो सकती हैं, दृश्यता कम हो सकती है, यातायात जाम और दुर्घटनाएं हो सकती हैं तथा आवश्यक सेवाएं भी प्रभावित हो सकती हैं, इसलिए मौसम विभाग ने लोगों को बाहरी गतिविधियां सीमित करने, सावधानीपूर्वक वाहन चलाने, पर्याप्त सुरक्षा उपाय करने और प्रशासन के परामर्श का पालन करने की सलाह दी है। बुधवार शाम से राज्य में मौसम आम तौर पर सूखा रहा, हालांकि गोंदला में थोड़ा हिमपात हुआ और तिस्सी में पांच मिमी बारिश हुई। सलूणी में 3.3 मिमी बारिश हुई। पंडोह, सांगला, भुंतर, डलहौजी और कल्पा में भी एक मिमी से कम हल्की बारिश हुई।

## मणिपुर: कुकी-जो काउंसिल ने अनिश्चितकालीन बंद वापस लिया, मुक्त आवागमन का विरोध जारी

**इंफाल/चुराचंदपुर :** मणिपुर में कुकी-जो काउंसिल ने बृहस्पतिवार को पहाड़ी क्षेत्रों में नौ मार्च की मध्यरात्रि से जारी अनिश्चितकालीन बंद वापस ले लिया, लेकिन केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह द्वारा घोषित मुक्त आवाजाही का विरोध करने पर अड़ी हुई है। यह बात कुकी-जो काउंसिल ने एक बयान में कही। बयान में कहा गया है, ''हालांकि बृहस्पतिवार शाम से बंद वापस ले लिया गया है, लेकिन यह स्पष्ट करना जरूरी है कि गृह मंत्रालय द्वारा घोषित मुक्त आवागमन का कुकी-जो लोगों द्वारा कड़ा विरोध किया जाएगा, क्योंकि यह न्याय प्रक्रिया को कमजोर करता है।'' शाह ने एक मार्च को सुरक्षा बलों को आठ मार्च से मणिपुर में सभी मार्गों पर लोगों की निर्बाध आवाजाही सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था और अवरोध पैदा करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने को कहा था। कुकी-जो क्षेत्र में शनिवार से अनिश्चितकालीन बंद था, जब कांगपोकपी जिले में प्रदर्शनकारियों और सुरक्षा बलों के बीच झड़प में एक युवक की मौत हो गई थी और 40 से अधिक लोग घायल हो गए थे। प्रदर्शनकारियों ने इम्फाल से आने वाली एक बस को अपने क्षेत्र से गुजरने से रोकने की कोशिश की थी। पृथक राजनीतिक प्रशासन की अपनी मांग दोहराते हुए कुकी-जो काउंसिल ने इस बात पर जोर दिया कि लोगों के लिए न्याय, शांति और प्रगति सुनिश्चित करने के लिए यह आवश्यक है।

## छत्तीसगढ़: 17 नक्सलियों ने आत्मसमर्पण किया

**बीजापुर :** छत्तीसगढ़ के बीजापुर जिले में 17 नक्सलियों ने सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण किया है। पुलिस अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले 17 नक्सलियों में नौ पर कुल 24 लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में डिविजनल कमेटी सदस्य दिनेश मोडियम ऊर्फ बदरू मोड़ियम (36) पर आठ लाख रुपये, उसकी पत्नी एरिया कमेटी सदस्य ज्योति ताती ऊर्फ कला मोड़ियम (32) और एरिया कमेटी सदस्य दुला कारम (32) पर पांच-पांच लाख रुपये का इनाम था। अधिकारियों ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में भीमा कारम (28), शंकर लेकाम (34), सोमा कारम



(41), मंगू कड़ती (35), मोती कारम (30) और अरविंद हेमला (22) पर एक-एक लाख रुपये का इनाम था। उन्होंने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले नक्सलियों में एक डिविजनल कमेटी सदस्य, दो एरिया कमेटी सदस्य, दो मिलिशिया प्लाटून कमांडर, जनताना सरकार का एक अध्यक्ष, दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संगठन का एक सदस्य, पार्टी का एक सदस्य, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन (केएएमएस) का अध्यक्ष, जनताना सरकार के दो उपाध्यक्ष, एक प्लाटून डिप्टी कमांडर, जनताना सरकार के चार सदस्य और एक जीपीसी सदस्य शामिल हैं। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले के अंदरूनी क्षेत्रों में नवीन सुरक्षा कैम्प की स्थापना के साथ शासन की विकासोन्मुखी कार्य, सड़कों का विस्तार, परिवहन की सुविधा, पानी, बिजली और शासन की अन्य कल्याणकारी योजना ग्रामीणों तक पहुंचने लगी है। उन्होंने बताया कि सुरक्षाबलों का ग्रामीणों के साथ हो रहे सकारात्मक संवाद, सामुदायिक पुलिसिंग के तहत दी जा रही कल्याकारी योजनाओं की जानकारी और छत्तीसगढ़ शासन की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास नीति के व्यापक प्रचार-प्रसार से नक्सलियों का माओवादी संगठन से मोहभंग हो रहा है। अधिकारियों ने बताया कि नक्सलियों ने संगठन के भीतर बढ़ते आंतरिक मतभेद से तंग आकर तथा समाज की मुख्यधारा से जुड़कर सुरक्षित पारिवारिक जीवन जीनेके लिए आत्मसमर्पण किया है।

## अभिनेता रणबीर, अभिनेत्री आलिया ने बेटी राहा की तस्वीरें न लेने का अनुरोध किया

**मुंबई :** इस वर्ष की शुरुआत में अभिनेता सैफ अली खान पर उनके आवास में हुए हमले के बाद अभिनेता रणबीर कपूर और अभिनेत्री आलिया भट्ट की जोड़ी ने बृहस्पतिवार को मीडिया से अनुरोध किया कि वे उनकी बेटी राहा की तस्वीरें न लें। आलिया के जन्मदिन यानी 15 मार्च से कुछ दिन पहले मीडिया के साथ एक मुलाकात में दंपति ने कहा कि वे अपनी दो साल की बच्ची की सुरक्षा सुनिश्चित करना चाहते हैं। रणबीर ने यहां पत्रकारों से कहा, ''यह एक विशेषाधिकार समस्या की तरह लग सकता है, लेकिन माता-पिता के रूप में हम अपनी बच्ची की रक्षा करने की कोशिश कर रहे हैं और हम जो भी कर सकते हैं, करेंगे। रणबीर ने कहा, ''आज, जिसके पास फोन है, वह



कुछ भी पोस्ट कर सकता है और यह जंगल में आग की तरह फैल सकता है, इसलिए यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। आप (पपराजी) हमारे परिवार की तरह हैं, इसलिए हम केवल आपसे अनुरोध कर सकते हैं और आप हमें ऐसा करने में मदद कर सकते हैं।'' जब रणबीर से पूछा गया कि क्या वह उन लोगों के खिलाफ कार्रवाई करेंगे जो उनके अनुरोध का पालन नहीं करते हैं, तो उन्होंने नकारात्मक जवाब दिया। उन्होंने कहा, ''मैं मुंबई में पैदा हुआ हूं और आप सभी मेरे परिवार के सदस्य हैं; ऐसा नहीं है कि हम कानूनी रास्ता अपनाएंगे। जब भी हम आपसे (मीडिया से) अनुरोध करते हैं, या आप जो चाहते हैं (तस्वीरों के संदर्भ में), हम देते हैं, हम एक-दूसरे से अपनी बात कहते हैं। ऐसा नहीं है कि हम मामला दर्ज करेंगे।'' आलिया ने कहा, ''हम कार्रवाई नहीं चाहते, लेकिन अगर कोई लगातार नहीं मानेगा तो कोई विकल्प नहीं बचता।'' खबरों के अनुसार, अभिनेत्री करीना कपूर खान ने भी पपराज़ी से अपने बेटों - तैमूर और जेह की तस्वीरें नहीं लेने के लिए कहा था।

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रामचन्द्र जायसवाल
समाजसेवी, कोलकाता
Chandra & Chandra
Specialist in : CRC, BP sheet & Sheet Cutting




THE CALCUTTA GUJARATI EDUCATION SOCIETY
RUN BY
CALCUTTA ANGLO GUJARATI SCHOOL
AND
CALCUTTA GUJARATI COLLEAGE
5,6,&29,POLLOCK STREET
KOLKATA.. 700001

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रतन अग्रवाल
अध्यक्ष : वेलिंगटन नागरिक कल्याण समिति

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रामनरेश जायसवाल
Dinesh Timber Company, kolkata

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



सुरेश जायसवाल
समाजसेवी
जायसवाल संरक्षक संघ के संस्थापक सदस्य

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



विजय जायसवाल
उद्योगपति एवं समाजसेवी
PRODUCTS OF PATANJALI
UDGEETH NIRMAN (P) LTD.
31, Khelat Babu Lane,
Kolkata-700 037
Ph: 033-26597074

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



बिनोद जायसवाल
Gulabchand Lalchand & Co

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



महेन्द्र जायसवाल
अध्यक्ष :
हावड़ा जायसवाल परिवार

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



हरीश जायसवाल श्रीरामजी जायसवाल दिव्यांशु जायसवाल
उपाध्यक्ष : जायसवाल संरक्षक संघ
चेयरमैन : हावड़ा जायसवाल परिवार
राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष : राष्ट्रीय कल्चुरी एकता महासंघ
Lakhi Iron Stores
Office : 74, panchanantala Road, Howrah- 711 101
129, Belilious Road, Loha Bazar, Shop-157, Howrah-711 101

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



AJAY AMAR STEEL (SALES) HOWRAH
Dealers of Specialist in :
Alloy Steel, Iron & Steel Scrap, Miscellaneous
Merchants & General Order Suppliers
Structrual Steel Carbon Steel IS Grades, ASTM Grades
Spec : EN Series & Heavy Forging Jobs
Shop & Office :
129/9, Belilious Road, Howrah-711 101

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



राजेश जायसवाल
Adcom Display Pvt. Ltd.
Howrah

होली की हार्दिक शुभकामनाएं



रमेश जायसवाल
उद्योगपति एवं समाजसेवी
Sahay Steel Industries Pvt Ltd
42/1, Hamid Munshi Lane, Howrah-7111 01
Office : Ichapur Sealdanga HIT Road, Howrah-711104




HAPPY HOMES & HOTELS PVT. LTD.
11, Crooked Lane, Kolkata - 700 069


वर्ष 9, पूर्णांक 4176 अंक 326, RNI No WBHIN/2016/66788, सर्वांग प्रकाशन के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सरोज राय द्वारा 17, बालमुकुन्द मक्कर रोड, 2सरा तल्ला, कोलकाता-700 007 से प्रकाशित। एल. एस. पब्लिकेशन्स प्रा. लि. 4, कैनल वेस्ट रोड, कोलकाता-700 015 से मुद्रित।
सम्पादक- अनिल कुमार राय (पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए उत्तरदायी), विज्ञापन एवं प्रसार-9874555256/7044444522, ई-मेल news@samagya.in